RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 284
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





लक्ष्मण एशिया कप के लिए अंतरिम कोच नियुक्त
स्पोर्ट्स-12


# राजद नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई के छापे

## भूखंड के बदले नौकरी घोटाला

● पूरे बिहार और एनसीआर में किया रेड, पार्टी के दो राज्यसभा सांसदों समेत प्रदेश के कई नेताओं के परिसरों की ली तलाशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना



पटना में राजद एमएलसी सुनील कुमार के आवास पर छापे के दौरान बाहर खड़े सुरक्षाकर्मी

**करीब** 14 साल पुराने रेलवे में भूखंड के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई ने बुधवार को 27 ठिकानों पर छापे मारे, जिसमें राजद के दो राज्यसभा सांसदों के परिसर तथा गुरुग्राम में एक निर्माणाधीन माल शामिल है। इस मॉल का कथित रूप से बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से संबंध है। छापेमारी अभियान पूरे बिहार तथा दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चला।

एजेंसी के अधिकारियों ने राजद एमएलसी तथा एक पूर्व राजद एमएलसी के परिसरों पर छापा मारा। छापेमारी का अभियान विधानसभा में जदयू, राजद, कांग्रेस, लेफ्ट तथा अन्य पार्टियों द्वारा हाल में गठित महागठबंधन सरकार के विश्वासमत हासिल करने से पहले शुरू हो गया था। गुरुग्राम में निर्माणाधीन माल के बारे में ऐसा माना जाता है कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के मालिकाना हक वाली एक कंपनी इसका निर्माण कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, गुरुग्राम, पटना, मधुबनी एवं कटिहार समेत अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के सेक्टर 71 में निर्माणाधीन अर्बन क्यूब्स मॉल का निर्माण व्हाइटलैंड कंपनी कर रही है, जिसमें यादव के परिवार की हिस्सेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह, राज्य सभा के सदस्यों अशफाक करीम एवं फैयाज अहमद और विधान परिषद के पूर्व सदस्य सुबोध राय समेत राजद के कई वरिष्ठ नेताओं के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। प्रसाद के निकट सहयोगी समझे जाने वाले सुनील कुमार सिंह ने पटना स्थित अपने आवास के गलियारे में संवाददाताओं से कहा, यह शतप्रतिशत जानबूझकर किया गया है.. इसका कोई मतलब नहीं है, कौन नहीं जानता है। ये लोग स्थानीय पुलिस को भी बताए बिना मेरे घर में घुस आए हैं।

वे मुझसे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए कह रहे हैं। इस बीच, सिंह की पत्नी ने चिल्लाते हुए कहा, मेरे पति को उनकी वफादारी के कारण (राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के विश्वासपात्र होने के कारण) प्रताड़ित किया जा रहा है। सीबीआई को हमारी जगह से कुछ नहीं मिलेगा। मैं एजेंसी पर मानहानि का मुकदमा करूंगी। बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने पहुंचीं राबड़ी देवी ने कहा, नई सरकार के गठन से भाजपा डर गई है। केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी से हम डरने वाले नहीं है। बिहार की जनता सब देख रही है। बिहार विधानसभा के इस विशेष सत्र में भाग लेने पहुंचे जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू), राजद, कांग्रेस और वाम दलों सहित कुल सात दलों के महागठबंधन के विधायकों ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसके विरोध में नारे लगाए। राजद प्रवक्ता (शेष पेज 8)

## ईडी की छापेमारी में दो एके राइफल, 60 कारतूस बरामद

### झारखंड अवैध खनन मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची



छापेमारी में बरामद राइफलें और कारतूस

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में कथित अवैध खनन के मामले में जारी धनशोधन की जांच के तहत बुधवार को नए सिरे से छापेमारी की और मामले में कथित बिचौलिए प्रेम प्रकाश के मकान से दो एके-47 राइफल तथा 69 कारतूस बरामद किए। एजेंसी के मुताबिक यह घोटाला सौ करोड़ रुपये का है।

इस बीच, मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम जोड़े जाने पर राज्य सरकार ने कड़ी आपत्ति जताई और चेतावनी दी कि जिन मीडिया मंचों पर दुर्भावनापूर्ण खबर और ट्वीट/डिजिटल पोस्ट डालने के मामले का पता चलता है, उनके खिलाफ उचित कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कदम उठाए जाएंगे। मालूम हो कि संघीय जांच एजेंसी अभियान के तहत झारखंड, पड़ोसी बिहार, तमिलनाडु और दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 17-20 परिसरों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि बाहुबली बच्चू यादव से पूछताछ के बाद ताजा सूचना सामने आने पर यह छापेमारी की गई। गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग उठाई थी।

भाजपा के पूर्व नेता एवं वर्तमान में राज्य के निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि प्रेम प्रकाश को एके-47 राइफलें कैसे मिलीं और इस बात की संभावना है कि इसका कोई आतंकवादी संबंध हो। ईडी की जांच तब शुरू हुई जब एजेंसी ने अवैध खनन और जबरन वसूली के कथित मामलों के संबंध में आठ जुलाई को आरोपियों के परिसरों पर छापा मारा था, जिनमें झारखंड के साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा सहित 19 स्थान शामिल थे। ईडी ने मार्च में मामला दर्ज कर यह छापेमारी शुरू की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने अवैध रूप से बड़ी संपत्ति हड़प ली या अपने नाम करा ली। जुलाई की छापेमारी के तुरंत बाद ईडी ने 50 बैंक खातों में पड़े 13.32 करोड़ रुपए (शेष पेज 8)

# मुफ्त रेवड़ी से संबंधित गंभीर मुद्दे पर चर्चा होः सुप्रीम कोर्ट

● अदालत ने पूछा, केंद्र क्यों नहीं इस मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाता

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मुफ्त की सौगात देने का वादा करने के राजनीतिक दलों के चलन के गंभीर मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही अदालत ने प्रश्न किया कि केन्द्र इस मसले पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाता है। न्यायालय ने कहा कि जब तक राजनीतिक दलों के बीच इस बात को लेकर आम सहमति नहीं बनती कि मुफ्त की सौगात अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी और इन्हें रोका जाना चाहिए, तब तक कुछ नहीं हो सकता क्योंकि राजनीतिक दल ही इस प्रकार के वादे करते हैं और चुनाव लड़ते हैं, कोई व्यक्ति नहीं।

शीर्ष अदालत ने कहा, .....भारत सरकार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती? अदालत ने कहा कि, चर्चा होनी चाहिए। मुद्दा गंभीर है और इसमें कोई शक नहीं है। प्रश्न है कि सभी राजनीतिक दल क्यों नहीं मिलते और भारत सरकार क्यों नहीं बैठक बुला सकती है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने चुनाव के दौरान दलों द्वारा इस प्रकार के वादे किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनाई के दौरान ए टिप्पणियां की। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने सुझाव दिया कि पूर्व सीजेआई आर. एम. लोढ़ा जैसे शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश को इस मामले में प्रस्तावित समिति का अध्यक्ष होना चाहिए।

इस पर न्यायमूर्ति रमण ने टिप्पणी की, कोई व्यक्ति जो सेवानिवृत्त हैं या सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, उनका इस देश में कोई पूछ नहीं है। यही समस्या है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्होंने गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से एक अर्जी दाखिल की है। भूषण ने दलील दी कि उन्होंने कहा है कि तीन प्रकार की मुफ्त की सौगातों पर रोक होनी चाहिए-जो भेदभावपूर्ण हैं अथवा जो मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन करती हों, जो लोक नीतियों के खिलाफ हों और जो चुनाव के ठीक पहले पेश की गईं हों। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कई (शेष पेज 8)

# आप ने चार विधायकों को 20-20 करोड़ की पेशकश का जड़ा आरोप

● संजय सिंह ने कहा- भाजपा ने दी पार्टी तोड़ने या झूठे मामलों में फंसाए जाने को तैयार रहने की धमकी

● पीएसी बैठक में प्रस्ताव पास कर घटनाक्रम की निंदा, मुख्यमंत्री ने आज बुलाई अपने विधायकों की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने पार्टी विधायकों को अपने पक्ष में करने के भाजपा के प्रयासों की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि वह देश को बताए कि दूसरे दलों के विधायकों को करोड़ों रुपए देने के लिए रकम कहां से ला रही है। इस मामले के बाद भविष्य की रणनीति तय करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार सुबह 11 बजे अपने विधायकों की बैठक बुलाई है। आप के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक मामलों (शेष पेज 8)

## पंजाब चुनाव के लिए धन जुटाने को आई आबकारी नीतिः भाजपा

● संबित पात्रा का आरोप, नई नीति लागू करने के लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को भी किया नजरअंदाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब विधानसभा चुनाव में पैसों की जरूरत थी, इसलिए उसकी दिल्ली सरकार ने ब्लैक लिस्ट कंपनी को टेंडर दिया। उन्होंने सरकार पर आबकारी नीति पर बनाई गई एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया।

पात्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री सिसोदिया आरोपों का जवाब देने की बजाय इधर-उधर की बातें कर रहे हैं और मामले को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

पात्रा ने केजरीवाल को कथित शराब घोटाले का सरगना करार दिया और दावा किया कि उन्हें इस भ्रष्टाचार की जानकारी थी। उन्होंने दावा किया (शेष पेज 8)

# नीतीश ने जीता विश्वास मत

● 160 विधायकों ने किया समर्थन, भाजपा ने किया बहिर्गमन

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



**बिहार** में हाल ही में गठित महागठबंधन सरकार ने बुधवार को भाजपा विधायकों के वॉकआउट के बीच आसानी से विश्वास मत जीत लिया। डिप्टी स्पीकर माहेश्वर हजारी ने संसदीय मामलों के मंत्री विजय कुमार चौधरी के अनुरोध पर पक्ष और विपक्ष में हाथ उठाने वालों की गिनती करने का आदेश दिया।

चौधरी ने अपने आग्रह में कहा कि हालांकि बहुमत के प्रति समर्थन ध्वनिमत से साफ हो गया है, लेकिन गिनती से 'गलतफहमी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।'विश्वास मत के पक्ष में कुल 160 विधायकों ने वोट दिया जबकि इसके विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। एआईएमआईएम के एकमात्र विधायक अख्तरुल इमान ने इस कवायद में भाग लिया तथा विश्वास मत के समर्थन में वोट डाला। इमान की पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नहीं है। जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाषण दे रहे थे, उसी दौरान कुछ भाजपा विधायक वाकआउट कर गए। पहले वे वेल में पहुंच गए और डिप्टी स्पीकर से गिनती कर समय व्यर्थ न कर दिन की कार्यवाही शुरू करने की मांग की और फिर कार्यवाही का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया।

इसके बाद डिप्टी स्पीकर ने सदन को शुक्रवार तक स्थगित कर दिया तथा सूचना दी कि नए स्पीकर के चुनाव के लिए नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को भरे जाएंगे। भाजपा के विजय कुमार सिन्हा द्वारा स्पीकर के पद से इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त था। आधे घंटे तक चले अपने भाषण में नीतीश कुमार ने अपरोक्ष रूप से आरोप लगाया कि भाजपा की शह पर (शेष पेज 8)

# मोदी पूर्व जापानी पीएम शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोक्यो

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 27 सितंबर को टोक्यो में पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल हो सकते हैं। समाचार एजेंसी क्योटो की तरफ से बुधवार को जारी खबर के अनुसार, मोदी अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि 08 जुलाई के दौरान जापान में एक चुनावी रैली के दौरान आबे (67) को 41 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने दो मार दी थी, घटना के बाद शिंजो आबे को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। हालांकि, आबे के राजकीय अंतयेष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा पर नई दिल्ली या टोक्यो में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने आबे की हत्या पर गहरा शोक जताते हुए कहा था कि उन्होंने (आबे ने) अपना पूरा जीवन (शेष पेज 8)

# स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने के लिए छह मोर्चों पर कामः मोदी



आध्यात्मिक गुरुमाता अमृतानंदमई को प्रणाम करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

● पीएम ने फरीदाबाद में सबसे बड़े निजी अस्पताल व मोहाली में होमी भाभा कैंसर अस्पताल का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद/चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गरीब से गरीब व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को अपनी प्राथमिकता बताया और कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार एक साथ छह मोर्चों पर काम कर रही है।

इस क्षेत्र में रिकॉर्ड निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को फरीदाबाद में देश के सबसे बड़े निजी अस्पताल अमृता और मोहाली में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। फरीदाबाद में 6,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 133 एकड़ क्षेत्र में बने 2,600 बिस्तरों वाले अमृता अस्पताल का (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,085 | ↑ 54 | |
| निफ्टी | 17,604 | ↑ 27 | |
| सोना | 51,909 | ↑ 274 | /10g |
| चांदी | 55,682 | ↑ 448 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता शेरगिल ने पार्टी छोड़ी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि चाटुकारिता देश की सबसे पुरानी पार्टी को दीमक की तरह चाट रही है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे त्यागपत्र में कहा कि कांग्रेस में लिए जाने वाले फैसले जनहित और देशहित के लिए नही होते, बल्कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए होते है। त्यागपत्र में उन्होंने प्रवक्ता पद छोड़ने का उल्लेख किया है, हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रवक्ता पद और प्राथमिक सदस्यता दोनों छोड़ दी है। उनका कहना था कि उन्होंने कांग्रेस से अपने रिश्ते पूरी तरह से खत्म कर दिए है। पार्टी छोड़ने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी में ऐसे लोगों द्वारा फैसले किए जा रहे है।

# गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को सामने लाएगा ऑनलाइन गेम

● सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने लॉन्च किया आजादी क्वेस्ट मोबाइल गेम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आजादी** के अमृत महोत्सव के जश्न की कड़ी में बुधवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आजादी के लिए संघर्ष करने वाले गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों को सामने लाने के लिए ऑनलाइन शैक्षणिक मोबाइल गेम 'आजादी क्वेस्ट' लॉन्च किया।

इस गेम को जिंगा के सहयोग से तैयार किया गया है। गेम लॉन्चिंग के अवसर पर ठाकुर ने कहा कि यह सरकार का एक और प्रयास है जिसके तहत आजादी के लिए संघर्ष करने वाले अनाम नायकों के योगदान को सामने लाना है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऑनलाइन गेमर्स के विशाल बाजार को प्रभावित करने के साथ ये गेम्स लोगों को शिक्षित करने का भी काम करेंगे।

देश के हर कोने से स्वतंत्रता सेनानियों को सामने लाने का सरकार का यह सामूहिक प्रयास है। आजादी क्वेस्ट को रोचक और ज्ञान से परिपूर्ण बनाया गया है। ठाकुर ने दावे के साथ कहा कि सभी आयु वर्ग के लोग इस गेम्स को (शेष पेज 8)

# अरुणाचल में जदयू के एकमात्र विधायक ने थामा भाजपा का दामन

**भाषा।** ईटानगर

**अरुणाचल** प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड के एकमात्र विधायक तेकी कासो बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। विधानसभा के उपाध्यक्ष तेसम पोंगटे ने ईटानगर से विधायक कासो के भाजपा में शामिल होने को मंजूरी दे दी। तेकी के आने के बाद 60 सदस्ईय विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जद (यू) ने 2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में 15 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें सात सीटों पर पार्टी को जीत मिली थी। वह भाजपा के बाद राज्य में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। भाजपा ने सर्वाधिक 41 सीटें जीती थीं। हालांकि, 25 दिसंबर, 2020 को (शेष पेज 8)

# यमुना प्राधिकरण ने पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

● यमुना सिटी के सेक्टर-21 से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक दौड़ेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**यमुना** एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में यमुना सिटी और जेवर में बनाए जा रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की कनेक्टिविटी को लेकर कई प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई है।

इनमें पर्सनलाइज्ड रैपिड ट्रांजिट पीआरटी यानी पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट भी शामिल है। यमुना अथॉरिटी ने पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी स्टडी और डिटेल्ड परिजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के लिए इंडियन पोर्ट, रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड को कंसलटेंट नियुक्त किया था। कॉरपोरेशन ने बुधवार को डीपीआर पेश की। जिसे बोर्ड ने मंजूरी दे दी।

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी का संचालन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की डीपीआर बुधवार को बोर्ड के सामने पेश की गई। जिसके मुताबिक यह पीआरटी कोरिडोर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शुरू होकर सेक्टर-29 तक जाएगा। इस कॉरिडोर की कुल लंबाई 14.6 किलोमीटर होगी। इस पर 12 स्टेशन बनाए जाएंगे। परियोजना की कुल लागत 641.53 करोड़ रुपए है।

वही जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मेट्रो कनेक्टिविटी देने के लिए दिल्ली से जेवर तक परियोजना तैयार की जा रही है। यह काम दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को सौंपा गया है। पूरे दिल्ली-एनसीआर में यह अब तक का सबसे बड़ा मेट्रो प्रोजेक्ट होगा। जिस पर करीब 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। परियोजना की फंडिंग कैसे होगी, इस मसले पर बुधवार को बोर्ड बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि फं डिंग पैटर्न के लिए प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दिया गया है। इस मेट्रो रूट पर स्टेशनों की संख्या कम रखी जाएगी और गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। भविष्य में इस मेट्रो लाइन को एयरपोर्ट मेट्रो में कन्वर्ट किया जाएगा। भविष्य में से शिवाजी स्टेशन और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए चलने वाली एयरपोर्ट मेट्रो से जोड़ा जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट मेट्रो की दूसरी फि जिबलिटी रिपोर्ट और डीपीआर डीएमआरसी तैयार करेगी।

# आवासीय भूखंडों पर घटकर आधा हुआ ट्रांसफर शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में एक बड़ा फैसला हुआ है। प्राधिकरण ने अपने आवासीय भूखंडों पर ट्रांसफर चार्ज 5 फीसदी से घटाकर ढाई फीसदी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहले ही ट्रांसफर चार्ज के तौर पर आवंटी से ढाई प्रतिशत वसूली कर रहा था। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र आवंटित भावना एवं भूखंडों पर अंतरण शुल्क यानी ट्रांसफर चार्ज अब 5 फीसदी की बजाए ढाई फीसदी देना होगा। बाजार के जानकार बताते हैं इसके बाद रीसेल में संपत्ति खरीदने वालों को कुछ फायदा अवश्य मिलेगा।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपनी एकमुश्त समाधान पॉलिसी योजना ओटीएस को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। प्राधिकरण ने इसके पहले चरण में लगभग 2719 आवंटियों से 202 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की है। प्राधिकरण को अनुमान है कि इस योजना को आगे बढ़ाने से प्राधिकरण लगभग 305 करोड़ रुपये की और आय प्राप्त कर सकता है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 74वीं बोर्ड बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। उप्र के औद्योगिक विकास आयुक्त तथा यमुना प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद कुमार की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई।

बोर्ड बैठक में यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा अरूण वीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व मेरठ मंडल आयुक्त सुरेन्द्र सिंह, नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डा अरूणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले में प्राधिकरण ने ओटीएस योजना को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। यह योजना 1 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक चलेगी। एक मुश्त समाधान पॉलिसी योजना यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा पूर्व में 01.10.2021 से 03 माह के लिए अर्थात 31.12.2021 तक एक मुश्त समाधान पॉलिसी जारी की गई थी। प्राधिकरण की ओटीएस योजना के अन्तर्गत 2719 आवंटियों द्वारा आवेदन किया गया था।

वर्तमान में 202 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है। प्राधिकरण के आवंटियों के ऊपर अतिरिक्त प्रतिकर एनएलआई के रूप में 694.27 करोड़ की धनराशि बकाया है। कृषको को अतिरिक्त प्रतिकर एनएलआई के रूप में दी जाने वाली धनराशि की वसूली शासनादेश संख्या 1015,77.3.14.6सी 29 अगस्त 2014 के अनुसार प्राधिकरण के आवंटियों से किये जाने के विरूद्ध कतिपय आवंटी मैसर्स शकुन्तला एजुकेशन आदि द्वारा उच्च में रिट योजित की गयी तथा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 28 मई 2020 द्वारा अतिरिक्त प्रतिकर वितरण एवं वसूली पर रोक लगा दी गयी थी। उच्च न्यायालयए इलाहाबाद द्वारा पारित निर्णय 28 मई 2020 के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुज्ञा याचिका एसएलपी संख्या येडा. 010015.010034, 2020 योजित की गयी। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अतिरिक्त प्रतिकर की वसूली पर रोक लगाये जाने तथा सर्वोच्च न्यायालय में एस एलपी योजित होने के कारण तत्समय बहुत से आवंटियों ने ओटीएस योजना में प्रतिभाग नहीं किया गया था। वर्तमान में उक्त एसएलपी पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश 19 मई 2022 में उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय 28.10.2020 को निरस्त कर दिया गया है जिससे शासन द्वारा अतिरिक्त प्रतिकर वितरण सम्बन्धित शासनादेश प्रभावी हो गया है।

प्राधिकरण के डिफाल्ट आवंटी जो एनएलआई अतिरिक्त प्रतिकर सम्बन्धित वादों तथा अन्य कारणों से पूर्व में लायी गयी ओटीएस योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये थे, उनके द्वारा ओटीएस योजना पुन लाये जाने का अनुरोध किया जा रहा है।

पूर्व में लायी गयी ओटीएस योजना सफल रही है तथा प्राधिकरण को राजस्व की प्राप्ति हुई है। वर्तमान में प्राधिकरण को कृषको को अतिरिक्त प्रतिकर के वितरण के लिए धन की आवश्यकता भी है। औद्योगिक विकास प्राधिकरण की परिसम्पत्तियों यथा आवासीय भूखण्ड, बीएचएस, वाणिज्यिक, औद्योगिक, मिश्रित भूखण्डों, संस्थागत की परिसम्पत्तियों से आवंटियों से डिफाल्ट धनराशि प्राप्ति के लिए एक अवसर प्रदान करते हुए ऐसे आवेदकों को जिनके द्वारा पूर्व में ओटीएस योजना में आवेदन किया गया है।



औद्योगिक विकास आयुक्त तथा यमुना प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बढ़े टोल रेट, प्राधिकरण ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल रेट बढ़ा दिए गए हैं। जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बढ़ी दरों का प्रस्ताव यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को दिया गया था। बुधवार को अथॉरिटी की बोर्ड बैठक हुई, जिसमें नई टोल दरों को मंजूरी दे दी गई है। खास बात यह है कि वर्ष 2019 के बाद टोल दरों में इजाफा किया गया है। जेपी इंफ्राटेक ने करीब 130 करोड़ रुपए खर्च करके एक्सप्रेसवे पर सेफ्टी-सिक्योरिटी इंतजाम किए हैं। इसे आधार बनाते हुए नई दरें प्रस्तावित की गई थीं।

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया एक्सप्रेसवे पर कंपनी ने रोड सेफ्टी के लिए कई बड़े काम किए हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में एक्सप्रेसवे पर टोल दरें बढ़ाई गई हैं। कंपनी ने 28 फरवरी 2022 को टोल बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था। इस पत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के 19 फरवरी 2010 और 17 जनवरी 2015 के नोटिफिकेशन को आधार बनाया गया है। सीईओ ने कहा, वर्ष 2018-19 के बाद टोल बढ़ने का प्रस्ताव आया था लेकिन 14 सितंबर 2021 को टोल दरें यथावत रखने का फैसला लिया गया था। अब कंपनी ने जानकारी दी है कि आईआईटी दिल्ली के रोड सेफ्टी ऑडिट में दिए गए सुझावों पर काम किया गया है।

रोड सेफ्टी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर 22 सुधार किए गए हैं। जिन पर कंपनी ने 130.54 करोड रुपए खर्च किए हैं। सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया, ष्टू.व्हीलर, थ्री व्हीलर और रजिस्टर्ड ट्रैक्टर को टोल दरों से अलग रखा गया है। कार, जीप, वैन और हल्की मोटरसाइकिल की दर 2.50 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2.65 रुपये प्रति किलोमीटर कर दी गई है। हल्के व्यवसायिक वाहन, हल्के माल यान, मिनी बस की टोल दरें 3.90 प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 4.15 रुपए प्रति किलोमीटर कर दी गई हैं। बस या ट्रक की दर 7.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति किलोमीटर कर दी गई हैं।

छह एक्सल वाले भारी वाहन से अभी 12.05 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से टोल वसूली की जा रही थी, इसे बढ़ाकर 12.45 किलोमीटर कर दी गई है।

अत्यधिक भारी वाहनों से अब तक 15.55 प्रति किलोमीटर की दर से टोल लिया जा रहा था, अब यह दर बढ़ाकर 16.60 पैसे प्रति किलोमीटर कर दी गई है।




## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग कर भाग रहे बदमाश को मारी गोली


बदमाश को ले जाती पुलिस।

नोएडा। नोएडा में 24 घंटे में पुलिस और बदमाशों के बीच दूसरी मुठभेड़ हुई। थाना सेक्टर.113 क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भाग रहे बदमाश के साथ पर्थला सर्विस रोड पर मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बदमाश समीर 25 के गोली मार दी। गोली समीर के पैर में लगी। मंगलवार देररात को ही समीर को जिला अस्पताल लाया गया। वहां इलाज किया गया। समीर के कब्जे से चोरी की एक पल्सर मोटरसाइकिल, लूटा हुआ मोबाइल फोन व 01 तमंचा, 315 बोर का 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर को ही समीर ने इसी क्षेत्र में एक महिला से चैन लूटने का भी प्रयास भी किया था। इसके खिलाफ आधा दर्जन लूट के मुकदमें दर्ज हैं। इससे पहले थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मंगलवार सुबह सेक्टर 98 से मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। दोनों की पहचान बदायूं निवासी आकाश और फरीदाबाद निवासी भूरा के रूप में हुई थी। दोनों बदमाश फरीदाबाद और नोएडा में कई लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

### सेक्टर-24 में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**नोएडा।** सेक्टर 24 क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस आसपास के लोगों की सहायता से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। सेक्टर 24 के थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि राजकीय इंटर कॉलेज, सेक्टर 12 के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति की जेब से मिले एटीएम कार्ड एवं अन्य सामग्री की सहायता से उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

### सूरजपुर से 12 सट्टेबाज पकड़े गए

**नोएडा।** पुलिस ने सूरजपुर कस्बे के अंबेडकर मोहल्ले में सार्वजनिक स्थान पर बैठकर सट्टा लगाने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फ्लेक्स पर छपे चिड़िया और कबूतर पर रुपये लगाकर सट्टा खेल रहे थे। आरोपियों की पहचान छोटेलाल, तुलसी, सुनील, गौतम, कुलजीत, अशोक, रूपराम, रामवीर, राजेंद्र, जगपाल, लीलू और रघु के रूप में हुई है। उनके पास 2830 रुपये और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा सट्टा लगवाया जाता था। एक सटोरिए को 10 रुपये जमा करने होते थे। सटोरिया किसी एक पक्षी पर सट्टा लगाता था। यदि पक्षी निकल आता था तो उसे 10 के बजाय 100 मिलते थे। हारने पर कुछ नहीं मिलता था।

### रोडरेज में कार सवार ने की अधिवक्ता से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर अल्फा-1 कॉमर्शियल बेल्ट स्थित गोल चक्कर के समीप रोडरेज की घटना में कार सवार युवक ने अधिवक्ता के साथ मारपीट की। आरोपी ने डंडे से अधिवक्ता की कार के शीशे भी तोड़ दिए थे। उस पर फायरिंग करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वह पहले भी हत्या और मारपीट के मामले में जेल जा चुका है। सेक्टर बीटा.2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के नवादा गांव का रहने वाला सोनू भड़ाना जिला न्यायालय में अधिवक्ता है। वह कार में सवार होकर अपने घर जा रहा था। सेक्टर अल्फा-1 गोल चक्कर के समीप सामने से आ रही एक गाड़ी ने उसकी कार में टक्कर मार दी। अधिवक्ता के विरोध करने पर गाड़ी में सवार युवक ने नीचे उतर कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

### पूर्व सीएम अखिलेश यादव 27 को नोएडा आएंगे

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भरत यादव के पिता गढ़ी चौखंडी निवासी रघुवर प्रधान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 27 अगस्त को नोएडा आएंगे। वे यहां नोएडा इंटरनेशनल स्कूल में रघुवर प्रधान जी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार 27 अगस्त को गौतमबुद्ध नगर जिले में आ रहे हैं। इस बाबत लखनऊ से लेकर गौतमबुद्ध नगर जिले के प्रशासन को सूचना भेज दी गई है।

## अवैध हुक्का बार का खुलासा, दो लोग गिरफ्तार

**नोएडा।** नॉलेज पार्क क्षेत्र में एक अवैध हुक्का बार से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से पांच हुक्का, शराब की बोतलें तथा हुक्के का तंबाकू समेत अन्य सामग्री बरामद की है। नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि नॉलेज पार्क तृतीय में द हट कैफे के नाम से एक अवैध हुक्का बार चल रहा है, जिसके बाद वहां पर छापेमारी की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से पुलिस ने दिल्ली निवासी मनीष तथा गौतम बुद्ध नगर निवासी विपिन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से पुलिस ने पांच हुक्के, हुक्के की चिलम, हुक्के के 10 पाइप, तंबाकू, शराब की बोतलें एवं अन्य सामग्री बरामद की है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करण सिंह/ प्रीति/ LBROH00005148839/ LBROH00005148840/ LBROH00005320987 | प्लॉट नंबर 168-पी, सेक्टर 2 (पी) हुडा रोहतक, हरियाणा में स्थित/ अगस्त 23, 2022 | मई 30, 2022 रु.1,07,78,555/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 25, 2022**
**स्थान : दिल्ली एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com/ वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

**सूचना**

(कृपया ध्यान दें : सुनील हेल्थकेयर के इक्विटी शेयरधारक)

शेयरधारकों को आगामी 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक, जो वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मोड के माध्यम से आयोजित की जाएगी, के लिए वार्षिक रिपोर्ट्स, सूचनाएं तथा अन्य संदेश इलेक्ट्रॉनिक मोड में भेजने के क्रम में, हम सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरधारकों, जिनके द्वारा अभी तक अपना ई-मेल पता अथवा बैंक खाता विवरण पंजीकृत नहीं करवाया गया है, उनसे उसको इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में डिपॉजिटरी के पास अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के माध्यम से और भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयरधारक द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित लिखित अनुरोध पत्र, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट, मैसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड पता "4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055" सम्पर्क नंबर 91-11-4254 1234 ई-मेल आईडी : **lalitap@alankit.com, rta@alankit.com** अथवा कम्पनी के कम्पनी सेक्रेटरी/अनुपालन अधिकारी को **cs@sunilhealthcare.com** पर लिखित रूप में अनुरोध के साथ फोलियो नंबर तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति भेजकर पंजीकृत करवाने का अनुरोध करते हैं।

कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 और 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 तथा सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 के अनुसरण में, कम्पनी ने वार्षिक रिपोर्ट तथा 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना (रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग अनुदेशों सहित) इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के सीमित उद्देश्य हेतु एक प्रक्रिया विकसित की है तथा सदस्यगण अपनी ई-मेल आईडी का अस्थायी अद्यतनीकरण हमारी ई-वोटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग एजेन्सी, लिंक इनटाइम इंडिया को **delhi@linkintime.co.in** पर अथवा कम्पनी को **cs@sunilhealthcare.com** पर एक ई-मेल, हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र के साथ भेजकर करवा सकते हैं।

वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ता./-
अनिल कुमार खेतान
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 23-08-2022

## अपर पुलिस आयुक्त रणविजय सिंह का तबादला

- गौतमबुद्ध नगर से फिरोजाबाद भेजे गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आईपीएस अफसरों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 31 पीपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस सूची में गौतमबुद्ध नगर के अपर पुलिस आयुक्त रणविजय सिंह का भी नाम शामिल है। उन्हें फिरोजाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पद पर तैनात किया गया है।

गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त रणविजय सिंह काफी दिनों तक यहां तैनात रहे। अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। वह आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। उनके सरल स्वभाव और कर्मठता के कारण वह विभाग के उच्च अधिकारियों के भी चहेते रहे।


रणविजय सिंह

उत्तर प्रदेश शासन ने देर रात जिन पीपीएस अफसरों के तबादले किए हैं, उनमें राजीव कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक आगरा से इसी पद पर अमरोहा, अलका अपर पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से सेक्टर आफिस सीबीसीआईडी मेरठ, कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक एटा से अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, विशाल यादव अपर पुलिस अधीक्षक हरदोई से अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, डॉ. अरुण कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर से पीटीसी मुरादाबाद भेजे गए हैं। इस तबादला सूची में लगभग तीन वर्षों से तैनात रहे अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर रणविजय सिंह का तबादला अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के लिए किया गया है।

## पीआरडी के जवान ने सिर में गोली मारकर की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहीद प्यारेलाल कॉलोनी में प्रांतीय रक्षक दल के जवान ने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि जवान तीन-चार दिन से तनाव में था।

पुलिस के अनुसार, शहीद प्यारेलाल कॉलोनी में पीआरडी का जवान 24 वर्षीय कुलदीप गुर्जर परिवार के साथ रहता था। उसकी गौतमबुद्धनगर के सेक्टर.58 थाने में तैनाती थी। मंगलवार रात करीब 8;15 बजे उसने अपने कमरे में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर स्वजन मौके पर पहुंचे और पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की। गोली उसकी कनपटी में लगी थी।

मौके से अवैध पिस्टल बरामद हुई है। शुरुआती जांच में लेनदेन का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुलदीप दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी हो गई थी।

## राष्ट्रपति की बेटी के नाम से फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाया

- गौतबुद्ध नगर की साइबर सेल ने युवक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बेटी के नाम फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाने वाले को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी अकाउंट बनाकर ट्वीट करता था।

आरोपी की पहचान शैलेंद्र शुक्ला के रूप में हुई है, जो निजी फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर तैनात है। उसके कब्जे से पुलिस ने तीन मोबाइल बरामद किए हैं। मामले में साइबर सेल की टीम भी आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी निंबस सोसाइटी में रहता है। कुछ दिन पहले युवक ने फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाकर ट्वीट किया था कि सोसायटी के फ्लैट में अवैध रूप से हुक्का बार चल रहा है। जब पुलिस ने जांच की तो सभी आरोप फर्जी मिले। उसके बाद पुलिस ने उस ट्विटर अकाउंट की जांच शुरू की, जिससे ट्वीट किया गया था। इस दौरान पता चला कि आरोपी ने राष्ट्रपति की बेटी इतिश्री मुर्मू के नाम से फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाया था। उसी से हुक्काबार के संबंध में ट्वीट किया गया था। पुलिस मामले में गिरफ्तार कर आरोपी से ये भी जानने की कोशिश कर रही है कि उसे पहले भी किसी और के नाम से ट्विटर अकाउंट बनाकर ट्वीट किया था।

## टावर गिराने की उल्टी गिनती शुरू, खाली होने लगी सोसाइटी

- सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने लोगों को घर खाली करने के दिए है निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा सुपरटेक ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण का काउंटडाउन शुरु हो गया है। 32 मंजिला टावर को 3500 केजी विस्फोटक से गिराया जाएगा। ध्वस्तीकरण के पहले सुरक्षा की दृष्टि से आसपास की सोसायटी को खाली करवाया जा रहा है। पुलिस ने 28 अगस्त की सुबह तक सोसायटी खाली करने का निर्देश जारी किया है।

सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोयसायटी ढहाए जाने के अंतिम समय तक सुरक्षा के घेरे में रहेगी। 28 अगस्त को ऊपरी मंजिल से लेकर ग्राउंडफ्लोर की जांच के बाद पुलिस प्रशासन को हैंडओवर किया जाएगा। सोसायटी की जांच के दौरान जांच से संबंधित टीमें के साथ सुरक्षा समिति के लोग भी होंगे। जांच के बाद 28 को सुबह 7 बजे से पहले आसपास की सोसायटी के निवासियों को बाहर निकल कर शेल्टर होम में जाना होगा।


सुपरटेक ट्विन टावर

दोनों टावर को ढहाने से पहले एडिफाईस एजेंसी ने दावा किया कि ध्वस्तीकरण का डिजिटल तरीके से ट्रायल किया है। वहीं अथॉरिटी अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल करने की सूचना है, लेकिन कोई लिखित प्रमाण नहीं है। गौरतलब हो कि एजेंसी वाइब्रेशन रिपोर्ट तैयार करवाने के लिए आईआईटी मद्रास की मदद ले रही है। कई हाईटेक कैमरे और मशीनें आसपास लगाई जाएंगी। सोसायटी 11 बजे तक सुरक्षा समिति की निगरानी में रहेगी। उसके बाद पुलिस प्रशासन को हैंडओवर किया जाएगा।

### टेरेस पर खड़े होकर नहीं कर सकते वीडियो शूट

बुधवार की दोपहर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह भी ट्विन टावर पहुंचे। उन्होंने ग्राउंड जीरो पर बारिकियां परखी। एडिफिस और ट्रैफिक पुलिस की ओर से बनाए गए रोड मैप, ट्रैफिक डायवर्जन, ब्लास्टिंग जोन, इवैक्युएशन प्लान को मौके पर जाकर देखा। एक्स्क्ल्यूजन जोन में 10 स्थानों पर रोड ब्लाक की जाएगी। डीसीपी स्तर के अधिकारी को इंसीडेंट कमॉनडर बनाया गया है। मॉक ड्रिल का आयोजन 25 अगस्त को होगा। एक्सप्रेस वे पर डायवर्जन रहेगा।

### 28 अगस्त को टावर के ऊपर नहीं उड़ सकेगा ड्रोन

**नोएडा।** सुपरटेक के अवैध ट्विन टॉवर को 28 अगस्त को जब गिराया जाएगा तो उसके आसपास एक विशेष क्षेत्र में ड्रोन उड़ान की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस विशेष क्षेत्र के बाहर ड्रोन का उपयोग किया जा सकेगा, लेकिन इसके लिए भी पुलिस से अग्रिम अनुमति लेनी होगी। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) रामबदन सिंह ने कहा, ट्विन टॉवर के सामने की तरफ एक सड़क और पार्क से लगा 450 मीटर का क्षेत्र भी इस विशेष क्षेत्र में शामिल होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 अगस्त, 2022



# प्रदूषण से निपटने को बनेगा विंटर एक्शन प्लान

## गोपाल राय की अध्यक्षता में डीपीसीसी, वन एवं विकास विभाग के अधिकारियों की साझा बैठक आज



गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

सर्दियों के मौसम में विभिन्न वजहों से बढ़ने वाले प्रदूषण से दिल्ली वालों को बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने अभी तैयारियां शुरू कर दी है।

समर एक्शन प्लान की तरह ही सर्दियों में भी प्रदूषण की समस्या से निजात दिलाने के लिए बृहस्पतिवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में डीपीसीसी , पर्यावरण, वन, एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विंटर एक्शन प्लान की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

उत्तर भारत समेत दिल्ली में वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन जागरूकता के अभाव में सबकुछ जानते हुए भी लोग इसकी गंभीरता को समझना नहीं चाहते। नवंबर के शुरू से ही राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का शोर सुनाई देने लगता है, लेकिन कुछ महीने बाद यह लोगों की याददाश्त से गायब हो जाता है। हैरानी की बात यह कि दुनियाभर में युद्ध और आतंकवाद, गंभीर बीमारियों आदि से स्वास्थ्य का जितना खतरा है, उससे कई गुना खतरा वायु प्रदूषण से है। पर्यावरण मंत्री ने बुधवार को बताया कि सर्दियों में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए विंटर एक्शन प्लान की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए कई एजेंसियां काम करती हैं, जिनकी अलग-अलग भूमिका होती है। इसी के संबंध में 25 अगस्त को पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है। राय ने बताया कि बैठक में चर्चा होगी कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पिछले साल किन विभागों ने क्या-क्या काम किया।

साथ ही ग्रीन ऐप पर जितनी शिकायतें आईं थी उन शिकायतों के समाधान के लिए किन-किन विभागों ने तत्परता के साथ काम किया। पिछले ठंड के मौसम में जो भी गातिविधियां हैं, उन सबकी भी समीक्षा की जाएगी। विंटर एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित होगी

सर्दियों में दिल्ली एनसीआर में आबोहवा जहरीली हो जाती है। विंटर एक्शन प्लान के जरिए वह सभी तरह के अभियान चलाएंगे ताकि लोगों को प्रदूषण से निजात दिला सकें। साथ ही साथ अभियान शुरू करके प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पड़ोसी राज्यों की सरकारों से अपील करेंगे की वह दिल्ली सरकार के साथ सहयोग करे और प्रदूषण विरोधी उपाय अपनाये ताकि केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर को प्रदूषण से मुक्ति मिल सकें।

# तीन महीने में 2575 दावे निपटाने का निर्देश

दिल्ली दंगा

## एलजी विनय सक्सेना ने दावों के तेजी से निपटारे के लिए 40 और आकलनकर्ता किए नियुक्त

- फरवरी 2020 से अब तक कुल 2,775 दावों में से केवल 200 का निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली दंगा पीड़ितों के मुआवजे में तेजी लाने के लिए 40 अधिकारियों को नियुक्त किया है। उन्होंने लंबित चल रहे 2575 दावों का तीन माह के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने दंगा दावा आयोग की सहायता के लिए अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

यह टीम दंगे के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसके बाद मुआवजा के भुगतान में भी तेजी लाने के लिए कदम उठाया जाएगा। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग की सहायता के लिए 14 आकलनकर्ता हैं, जिसने अब तक फरवरी 2020 के दंगा पीड़ितों द्वारा दायर किए गए कुल 2,775 दावों में से केवल सात प्रतिशत (200) का निपटारा किया है। पहले, 25 नुकसान आकलनकर्ताओं नियुक्त किए गए थे, लेकिन केवल 14 बिना किसी समयसीमा के सर्वेक्षण कर रहे थे। राजनिवास के मुताबिक 40 और आकलनकर्ताओं की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ, उनकी संख्या 54 हो जाएगी। एक आरक्षित सूची के लिए दस अतिरिक्त नुकसान आकलनकर्ताओं को मंजूरी दी गई है ताकि 40 में से किसी के रिपोर्ट नहीं करने पर उन्हें दावा आयुक्त की सहायता के लिए लगाया जा सके। उपराज्यपाल ने दावों के निपटारे में देरी पर नाराजगी व्यक्त की है, जिसके परिणामस्वरूप दंगा प्रभावित लोगों को परेशानी हुई है। उन्होंने मौजूदा 14 नुकसान आकलनकर्ताओं को तीन सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपे गए दावों पर अपनी रिपोर्ट जमा करने का निर्देश भी दिया है, ऐसा नहीं करने पर उनकी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी और उन्हें आकलनकर्ताओं के पैनल से काली सूची में डाल दिया जाएगा।



फाइल फोटो

# प्रदूषण के खिलाफ जंग : डीटीसी बेड़े में शामिल हुई 97 इलेक्ट्रिक बसें

## सीएम ने राजघाट डिपो से झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना

- इन ई-बसों के आने के बाद डीटीसी बेड़े में संख्या बढ़कर 250 हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त करने की सरकार लगातार कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को 97 इलेक्ट्रिक बसों की खेप दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हुई। इसके साथ ही अब इनकी संख्या बढ़कर कुल 250 हो गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजघाट डिपो से इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर सीएम ने ऐलान किया कि वर्ष 2025 तक सड़कों पर चलने वाली 10 हजार से अधिक बसों में से अस्सी फीसदी इलेक्ट्रिक होंगी। इसके साथ ही दिल्ली देश में सबसे अधिक ई-बसें चलाने वाला शहर बन जाएगा।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि नई बसों को शामिल करना उन लोगों के लिए एक मुंहतोड़ जवाब है जो अफवाहें फैला रहे थे कि डीटीसी बंद हो जाएगा। वह पुरानी प्रदूषण फैलाने वाली बसों को चरणबद्ध तरीके से हटा रहे हैं और उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसों को शामिल कर रहे हैं। कई देशों में बहुत आधुनिक परिवहन प्रणालियां हैं। वह उनसे सीख लेंगे और दिल्ली में सबसे प्रभावी और कुशल परिवहन मॉडल विकसित करेंगे।

डीटीसी के बेड़े में 97 और इलेक्ट्रिक बसें शामिल होने से ऐसी बसों की कुल संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी क्योंकि ऐसी 153 बसें पहले से ही राजधानी की सड़कों पर दौड़ रही हैं। जो सार्वजनिक परिवहन बेड़े में कुल बसों का 3.4 प्रतिशत हैं। गहलोत के अनुसार, सितंबर में पचास और इलेक्ट्रिक बसें बेड़े में शामिल होंगी। 30 सितंबर तक, दिल्ली की सड़कों पर ऐसी 300 बसें होंगी। अन्य 1,500 ई-बसों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं, उम्मीद है कि वे नवंबर 2023 तक आ जाएंगी। अगले साल के अंत तक, हम 1,800 ई-बसों की संख्या का दावा करेंगे।



फोटो: रंजन डिमरी

चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करते सीएम केजरीवाल व साथ में कैलाश गहलोत।

### बस डिपो का विद्युतीकरण हो रहा तेज

केजरीवाल ने यह भी कहा कि चार्जिंग आधारभूत ढांचे के साथ क्रांति का समर्थन करने के लिए बस डिपो का विद्युतीकरण तेजी से हो रहा है। 55 बस डिपो इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन प्राप्त करने के लिए कतार में हैं। तीन डिपो पहले ही विद्युतीकृत हो गए हैं, जून 2023 तक 17 और दिसंबर 2023 तक सभी 55 विद्युतीकृत किए जाने हैं।

# कई इलाकों में बारिश के बावजूद बढ़ी उमस

- मौसम विभाग के अनुसार माह के अंत तक भारी बारिश के आसार नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार को बारिश हुई, लेकिन इसके बावजूद अधिक आर्द्रता होने की वजह से लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के दक्षिण और मध्य हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तामपान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है।

सफदरजंग वेधशाला जहां के आंकड़ों को पूरी दिल्ली के लिए मानक माना जाता है, वहां पर अगस्त महीने में अबतक मात्र 33.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जबकि सामान्य बारिश 191.1 मिलीमीटर है। इस प्रकार अगस्त में सामान्य से 82 प्रतिशत कम बारिश हुई है। आम तौर पर इस वेधशाला में अगस्त महीने में 247 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है।

मानसून का मौसम एक जून से शुरू होता है और सफदरजंग वेधशाला में इस अवधि में 344.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जबकि सामान्यत: 474.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पुर्वानुमान के मुताबिक दिल्ली में अगले पांच से छह दिनों तक आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और बहुत हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक अगस्त के अंत तक दिल्ली में भारी बारिश के आसार नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में कम बारिश की वजह किसी अहम मौसम प्रणाली का न बनना है, जैसे दिल्ली के आसपास निम्न दाब का क्षेत्र नहीं बनना।

स्काइमेट वेदर के उपाध्यक्ष (जलवायु परिवर्तन और मौसम विज्ञान) महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली में अगस्त के अंत तक अधिक बारिश की उम्मीद नहीं है। पलावत ने कहा कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है जिसके उत्तर पश्चिम दिशा में झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के ऊपर से गुजरने की संभावना है।

# राजनैतिक रस्साकशी के बीच विधानसभा का सत्र कल से

- सीबीआई छापेमारी मामले की गूंज और आपरेशन लोटस पर गहमागमी होने के आसार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र शुक्रवार से बुलाया है। यह सत्र दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर जारी राजनीतिक घमासान और भाजपा पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को लुभाने के आरोपों के बीच होने जा रहा है।

विधानसभा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सत्र 26 अगस्त को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इससे पहले दिन में आप के राष्ट्रीय संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार को गिराने का भाजपा का प्रयास एक गंभीर मुद्दा है। बुधवार शाम हुई आप की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भी इस मामले पर चर्चा की गई। केजरीवाल के आवास पर हुई समिति की बैठक में विधायकों को लुभाने के भाजपा के कथित प्रयासों की निंदा की गई।

आप नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने, पार्टी छोड़ने के लिए चार विधायकों को धन देने की पेशकश की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद सिसोदिया और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में 19 अगस्त को सिसोदिया समेत कई अधिकारियों के यहां छापे मारे थे।

# तिहाड़ में हाथापाई के बाद कैदी की मौत

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल की एक बैरक में एक कैदी के साथ हाथापाई हो जाने के बाद 20 वर्षीय एक कैदी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा डेयरी निवासी समीर खान को लूटपाट के एक मामले में तिहाड़ केंद्रीय कारागार संख्या पांच में रखा गया था।

जेल प्राधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार को सुबह करीब नौ बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि दो कैदियों के बीच हाथापाई हो गई और इसी दौरान सिर में चोट लग जाने के कारण खान बेहोश हो गया।

अन्य कैदियों ने जेल प्राधिकारियों को घटना की सूचना दी और खान को जेल के दवाखाने ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि उसे बाद में दीन दयाल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि खान के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है।

# अवैध मीट की 420 दुकानों का चालान, 449 को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने अवैध मांस कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 01 अप्रैल से 31 जुलाई तक मीट की 449 दुकानों को नोटिस दिए और 420 दुकानों के चालान किए।

नगर निगम ने पशुओं को अवैध रूप से काटने एवं जीवित मुर्गों, मछलियों इत्यादि की खुली बिक्री करने के लिए दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 72,40,550/- रुपए मूल्य का समग्र शुल्क लगाया। दिल्ली नगर निगम ने पशुओं को अवैध रूप से काटने में संलिप्त 196 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए उनकी सूची दिल्ली पुलिस से साझा की गई है। निगम ने आवारा पशुओं एवं अवैध डेयरियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करते हुए 214 डेयरियों के चालान किए गए तथा इसके साथ ही 34 डेयरियों को सील किया गया। निगम ने 4390 आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में छोड़ा गया।

### बंदर पकड़ने को किया अनुबंध

नगर निगम ने बंदरों को पकड़ने के लिए निजी ठेकेदारों को अनुबंधित किया है। इन निजी ठेकेदारों ने 01 अप्रैल 2022 से 31 जुलाई 2022 तक 599 बंदरों को पकड़ कर असोला भाटी के वन में छोड़ा गया।

# बयान से पलटीं जेएनयू की कुलपति

- पहले कहा था- कोई देवता ऊंची जाति का नहीं, अब बोलीं- बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने अकादमिक व्याख्यान के तहत की गई कोई देवता ऊंची जाति का नहीं है टिप्पणी पर विवाद खड़ा होने के बाद बुधवार को सफाई दी कि उनकी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि वह सबसे पहले शिक्षाविद हैं और लोगों को बी आर आंबेडकर से नाराज होना चाहिए क्योंकि वह उन्हीं के दृष्टिकोण की व्याख्या कर रही थीं।

कुलपति ने सवाल किया, वह सबसे पहले शिक्षाविद, प्रोफेसर हूं। किसी अकादमिक व्याख्यान का राजनीतिकरण क्यों किया जा रहा है। मुझे दिल्ली में कोई व्याख्यान देने में डर लगता है। सब कुछ गलत उद्धृत किया गया है। वह मूल विचारक नहीं है वह एक प्रोफेसर है। लोग इसका राजनीतिकरण क्यों कर रहे हैं।

# जेडी टाइटलर स्कूल की मान्यता ली वापस

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण समिति की सिफारिश पर शिक्षा विभाग ने ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत छात्रों का दाखिला नहीं लेने और मुफ्त स्टेशनरी मुहैा नहीं कराने पर न्यू राजेंद्र नगर स्थित जेडी टाइटलर स्कूल की मान्यता वापस ले ली है। विभाग का यह आदेश एक अप्रैल 2023 से प्रभावी माना जाएगा। इसके बाद स्कूल किसी भी कक्षा में नए बच्चों का प्रवेश नहीं ले सकेगा।

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण समिति के चेयरमैन विशेष रवि का कहना है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार सभी बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# फर्जी शिक्षा केंद्र संचालन में छह लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने फर्जी शिक्षा केंद्र संचालित करने और छात्रों को फर्जी अंकपत्र तथा डिग्री देने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक रेहान (25) और कैफ (27) नामक दो आरोपी सनलाइट कॉलोनी के किलोकारी गांव में माउंटेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाम का एक फर्जी संस्थान चला रहे थे।

इस संस्थान के जरिए वे छात्रों को परीक्षा में शामिल हुए बिना स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए फर्जी अंकपत्र और डिग्री जारी करते थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक ये लोग प्रत्येक व्यक्ति से 10 से 20 हजार रुपये तक लेते थे। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों की पहचान रेखा (26), पूनम (22), दीपिका (22) और अमिता (22) के रूप में की गई है। पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने कहा कि वे एक जॉब पोर्टल के जरिए डाटा प्राप्त करते थे और परीक्षा में शामिल हुए बिना स्नातक पाठ्यक्रमों के पुरानी तारीखों के प्रमाणपत्र प्रदान करने का आश्वासन देते थे।

# चंदन की खुशबू से महकेगी दिल्ली, लगेंगे हजार पेड़

## चोरी होने से बचाने के लिए 24 घंटे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे: एनडीएमसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चंदन की खुशबू से राजधानी दिल्ली की फिजा महकेगी। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से लाए जाने के बाद लुटियंस दिल्ली में चंदन के एक हजार पौधे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू हो गई है। इसके तहत, पहले चरण में लगाए जाने वाले पौधों को किसी तरह का नुकसान या चोरी होने से बचाने के लिए चौबीस घंटे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

दिल्ली में पहले से ही लोधी गार्डन, बुद्ध पार्क और तालकटोरा गार्डन जैसे पार्क एवं उद्यानों में चंदन के पेड़ हैं लेकिन यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर चंदन के पौधे लगाए जा रहे हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली आवासीय सोसायटी के पार्क, उद्यानों जैसे स्थानों पर लाल और सफेद चंदन के कुल 1,000 पौधे लगाए जाएंगे। चंदन के पौधों की पहली खेप राष्ट्रीय राजधानी पहुंच चुकी है और उन्हें पौधारोपण की तैयारी चल रही है। इन पौधों को सड़क किनारे नहीं लगाया जाएगा। अगर हम सड़क के किनारे चंदन के पौधे लगाते हैं, तो उनकी चोरी हो सकती है या उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सकता है। इन पौधों को अतिरिक्त देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता होती है। सुरक्षा गार्ड चंदन के पेड़ों की रखवाली करेंगे।

### द. दिल्ली में लगेंगे 600 पौधे

एनडीएमसी के दक्षिण क्षेत्र में 600 पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें लोधी गार्डन, सरोजिनी नगर, चाणक्य पुरी जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जबकि उत्तरी क्षेत्र में राजपथ, संसद मार्ग, कनाट प्लेस, मदर टेरेसा क्रिसेंट और गोल मार्केट जैसे स्थान शामिल हैं। नगर निकाय अधिकारियों के मुताबिक, चंदन के एक पौधे की कीमत करीब 275 रुपए है और इनकी ऊंचाई तीन से चार फुट के बीच है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने जुलाई में एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को मौजूदा मॉनसून के मौसम में शहर भर में चंदन के 10,000 पौधे लगाने का निर्देश दिया था। पर्यावरण विशेषज्ञ प्रदीप कृष्ण ने योजना की सफलता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, यदि आप एक ध्रुवीय भालू को दिल्ली में लाते हैं और उसे बर्फ के घर में रखते हैं, तो वह जीवित रह सकता है, लेकिन ऐसा करना मूर्खतापूर्ण होगा।

दिल्ली नगर निगम

कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग (मुख्यालय)
14वां तल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002

सं. एएंडसी/एचक्यू/एमसीडी/2022-23/380 दिनांक: 24.08.2022

सार्वजनिक सूचना

विषय: पांचवीं निगम मूल्यांकन समिति द्वारा अंतरिम रिपोर्ट के संबंध में

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 (यथा संशोधित) की धारा 116(1) के तहत पांचवीं निगम मूल्यांकन समिति का गठन किया गया था। धारा 116(5)(ए) के अनुसार पांचवीं निगम मूल्यांकन समिति के कार्य निम्नलिखित थे:-

दिल्ली के किसी वार्ड में खाली स्थानों, भवनों को कॉलोनियों तथा भूमि के समूहों और भवनों में वर्गीकरण करने, खाली जमीन के प्रति यूनिट एरिया आधार मूल्य या भवनों के कवर्ड स्थान के प्रति यूनिट एरिया के निर्धारण और उनके मूल्यांकन में वृद्धि या कमी करने अथवा उसे यथावत रखने आदि से संबंधित मामलों पर निगम को सिफारिश करना।

पांचवीं निगम मूल्यांकन समिति ने दिल्ली नगर निगम को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी है। निगम द्वारा अंतरिम रिपोर्ट पर सम्पत्ति मालिकों/अधिवासियों, आरडब्ल्यूए, सिविल सोसायटी संगठनों, सहकारी समूह हाउसिंग सोसायटी और अन्य हितधारकों से आपत्तियां आमंत्रित किये जाते हैं।

आपत्तियां ईमेल आईडी mvc5.sdmc@mcd.nic.in पर या व्यक्तिगत रूप से पांचवीं निगम मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष के कार्यालय, कक्ष सं. 18, अम्बेडकर स्टेडियम कार्यालय परिसर, दिल्ली गेट, दिल्ली-110002 में इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर भेजे जा सकते हैं।

कॉलोनियों के वर्गीकरण, यूनिट एरिया मूल्यांकन आदि पर सिफारिशों से युक्त अंतरिम रिपोर्ट एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in पर उपलब्ध है।

आरओ नं. 27/डीपीआई/दि.न.नि./22-23 कर निर्धारक एवं समाहर्ता

Mahindra HOME FINANCE

महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

बिक्री सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500 फैक्स : +91 22 24972741

शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

अचल सम्पत्तियों की नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एलएएन : 714435<br>शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : मोहम्मद इसरार<br>सह-कर्जदार : इमरत जहां | 13-08-2021 एवं रू. 9,99,195/- (रू. नौ लाख निन्यानवे हजार एक सौ पिच्यानवे मात्र) | 09-07-2022 भौतिक कब्जा | खसरा नंबर 2630, खुशाल नगर, मेरठ सिटी, उत्तर प्रदेश -250002 पूरब : प्लॉट नंबर 32 और 33 सहजाद, पश्चिम : रास्ता 30 फीट चौड़ा, उत्तर : अजहर का प्लॉट, दक्षिण : दिलशाद का प्लॉट | रू. 12,15,000/-<br>रू. 1,21,500/-<br>रू. 10,000/- | 26-09-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 29-09-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस ऑफर को इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindraruralhousingfinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों पर की जाएगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप जोशी से मोबाइल नंबर 8853265434 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 28-09-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 29-09-2022 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3 बजे तक है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 26-09-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक बजे तक है।
7. कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज और लागतों सहित की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि चुका देता है तो बिक्री, नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर तिथि : 25-08-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना स्वावलंबी भारत अभियान मुख्य उद्देश्य

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा अपने उद्यमी पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी से लेकर मंच तक स्वरोजगार के एक से बढ़कर एक उदाहरण युवा पीढ़ी के सामने आए। मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करना ही इस अभियान का उद्देश्य है। स्वावलंबन भारत देश में इस समय की बड़ी मांग है। भारत देश कई वर्षों पहले भी स्वावलंबन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। पूरे विश्व में कई देश ऐसे हैं जो अपने यहां पूरे विश्व का उत्पादन का बहुत बड़ा हिस्सा अपने देश से देते हैं। यदि भारत का युवा अपने-अपने क्षेत्रों के अनुसार स्वरोजगार व उत्पादन में लग जाए तो फिर से हम पूरे विश्व को उत्पादन का बहुत बड़ा भाग भारत से दे सकते हैं।

डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को भारतीय उद्यमियों और स्वदेशी स्टार्टअप कंपनियों का उदाहरण देकर नौकरी करने की मानसिकता को छोड़कर स्वयं का स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की अपील करते हुए कहा है कि हमें स्व पर आधारित तंत्र पर निर्भर रहना सीखना होगा। कोरोना संकट हमारे लिए स्वावलंबन का संदेश लेकर आया है। आज भारत के युवाओं में यह आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है कि वे कुछ भी कर सकते हैं। उनके अंदर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत करने की सामर्थ्य मौजूद है। किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को विकसित एवं सुदृढ़ करने में उद्यमिता का विशेष योगदान होता है।



गुरुग्राम स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में युवाओं को सम्मानित करते अतिथि।

## संक्षिप्त-समाचार

### निःशुल्क टीबी व शुगर जांच शिविर में लोगों ने कराई जांच



**गुरुग्राम।** राजकीय महावीर अस्साल हेलीमण्डी द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान सामुदायिक केंद्र जाटोली में टीबी क्षय रोग व शुगर एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में काफी संख्या में लोगों ने जांच कराई। शिविर की शुरुआत डॉक्टर हिमांशी की अध्यक्षता में हुई। सभी को भारत को टीबी मुक्त करने की शपथ दिलाई गई। शिविर में करीब 50 मरीजों की जांच की गई। इस शिविर में लोगों को टीबी की बीमारी के बारे में जागरूक किया। अस्साल इंचार्ज डॉक्टर उदय ने लोगों को बीमारी के शुरुआती लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर आपको ज्यादा देर तक खांसी या बलगम रहती है तो फौरन अपने नजदीकी उपचार केंद्र या किसी अन्य डॉक्टर से संपर्क कर इसकी जांच जरूर करानी चाहिए। यह खतरनाक बीमारी है, जिसे शुरुआती दौर में ही नियंत्रित करना आवश्यक है। समाजसेवी मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने शिविर में जांच कराते हुए बताया कि हमें समय-समय पर अपने शरीर कि जांच करा लेनी चाहिए और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर हिमांशी व नर्सिंग ऑफिसर राजेश्वरी यादव, रिन्कू, सज्जन, अमित सहित सभी आशा वर्कर मौजूद रहीं।

# हरियाणा पोलियो फ्री, अब टीबी फ्री होने की ओर अग्रसर : मनोहर लाल

## टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए कंपनियां जिलों को अडॉप्ट करें

## मिशन टीबी फ्री हरियाणा के तहत अडॉप्ट ए डिस्ट्रिक्ट पहल का सीएम ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम





गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी अस्पताल परिसर से मोबाइल क्लीनिक को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कॉरपोरेट कंपनियों का आह्वान किया कि वे देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश के जिलों को अडॉप्ट करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों मे टीबी की रोकथाम व ईलाज की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, परंतु बिमारी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए सभी हितधारकों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। वे बुधवार को यहां मेदांता-द मेडिसिटी अस्पताल में आयोजित मिशन टीबी फ्री हरियाणा के तहत अडॉप्ट ए डिस्ट्रिक्ट पहल का शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कृष्णा मारुति इंडस्ट्रीज द्वारा सीएसआर के तहत उपलब्ध करवाए गए दो मोबाइल क्लीनिक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, ट्रूनेट मशीन सहित मेडिकल परीक्षण की कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों व चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पोलियो फ्री हो चुका है। अब हम प्रदेश को टीबी फ्री करने की ओर अग्रसर हैं। आने वाले दिनों में प्रदेश को एनीमिया से मुक्त करने का अभियान भी चलाया जाएगा जिससे विशेषकर महिलाओं व बच्चों को काफी लाभ होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा कि मलेरिया की रोकथाम के लिए उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन मलेरिया से मुक्ति के लिए भी अभियान चलाना होगा। इसके साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की भी अलग-2 लहर समय समय पर आ रही हैं जिससे लोग ग्रस्त हो रहे हैं। प्रदेश को कोविड से छुटकारा दिलाने के लिए भी कोविड फ्री अभियान चलाना पड़ेगा।

मिशन टीबी फ्री हरियाणा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कॉरपोरेट कंपनियों ने अभी तक हरियाणा प्रदेश के 11 जिलों को अडॉप्ट कर लिया है। इनमें यमुनानगर और करनाल जिला को राइट्स कंपनी, पानीपत को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, सोनीपत को हिंदुस्तान लीवर, हिसार को जिंदल ने, मेवात को आरजे कॉर्प लिमिटेड, फरीदाबाद को एस्कोर्ट कंपनी, महेन्द्रगढ़ व रेवाड़ी को हीरो मोटोकॉर्प ने अडॉप्ट कर रखा है। बुधवार को यहां मैनकाइंड फार्मास्यूटिकल कंपनी ने भी प्रदेश के दो जिले पलवल और झज्जर अडॉप्ट करने की सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के 9 जिले शेष रहते हैं जिनमें सिरसा, फतेहाबाद, जींद, अंबाला, पंचकूला, रोहतक, कुरूक्षेत्र, चरखी दादरी व भिवानी शामिल हैं। उन्होंने कॉरपोरेट हाउसिज से अपील की है कि इन जिलों को भी अडॉप्ट करके इनको टीबी फ्री करने का अभियान चलाएं।

इससे पहले गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि गुरुग्राम जिला के तीन गांवों नामत: हाजीपुर पातली, सुल्तानपुर तथा फरूखनगर में एनीमिया मुक्त अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं। इसके अलावा अब मेदांता सहित 7 निजी अस्पतालों के सहयोग से जिला गुरुग्राम में ब्लॉक स्तर पर मिशन टीबी फ्री अभियान के साथ-साथ एनीमिया से ग्रस्त मरीजों की पहचान करके उनका भी ईलाज किया जाएगा।

# जनता से जुड़े कार्यों को तय समय में करें : मुकेश आहुजा

## निगमायुक्त ने की नगर निगम से संबंधित सेवाओं एवं कार्यों की समीक्षा



निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से नगर निगम से संबंधित सेवाओं एवं कार्यों के तहत अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सेवा का अधिकार अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम, सामुदायिक केन्द्रों, शमशान घाटों एवं मार्केट क्षेत्रों का सुधारीकरण व मॉडल रोड के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों एवं उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं को निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बेवजह इधर-उधर भटकना ना पड़े और किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम की गंभीरता से पालना की जाए। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आमजन को उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाएं निधार्ज़रित समयसीमा में उपलब्ध करवाएं। उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समयसीमा के बाहर कोई भी शिकायत नहीं जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब तक प्राप्त शिकायतों का समाधान अगले 15 दिन के भीतर किया जाना चाहिए। इसी प्रकार सूचना का अधिकार अधिनियम की भी पालना पूरी तरह से सुनिश्चित की जाए।

निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम सीमा में स्थित मार्केट क्षेत्रों, सामुदायिक केन्द्रों तथा शमशान घाटों के सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण संबंधी कार्य जल्द करवाएं। उन्होंने मौके पर ही सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्केट क्षेत्रों में दो बार सफाई सुनिश्चित की जाए तथा अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा फैलाता है, तो उसके चालान करें। मॉडल रोड़ के बारे में निगमायुक्त ने कहा कि सैक्टर-56 व साऊथ सिटी-1 के लिए तैयार किए गए डिजाईन पर कार्य करें तथा साथ ही पुराने गुरूग्राम क्षेत्र में भी दो सड़कों को चिन्हित करके कार्रवाई शुरू की जाए। बैठक में बताया गया कि मॉडल रोड़ बनाने के लिए कुछ पैरामीटर बनाए गए हैं।

# नप ने स्ट्रीट लाइट एजेंसी पर 12 लाख का जुर्माना लगाया



## बाजार और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर लगीं स्ट्रीट लाइटों में से 5 से 6 फीसदी है खराब

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने शहर में लगी स्ट्रीट लाइटों के मरम्मत कार्य में बीते एक साल के अंदर लापरवाही बरतने वाली एजेंसी पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जिसके लिए राघव इलैक्ट्रोनिक एजेंसी को नोटिस देते हुए जल्द से जल्द लगाया जुर्माना को भरने के निर्देश जारी किए गए है।

वर्तमान समय में शहर के बाजारों से लेकर आम रास्ते, सड़क और ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटों में 50 से 60 फीसदी खराब है। जिससे शहर की सड़क और बाजारों में रात के समय में अंधेरा छाया रहता है। शहर से नूंह, मिंडकौला, पलवल, बालूदा, लोहटकी, गुरुग्राम, सांप की नंगली, मौहम्मदपुर से रायसीना, धुनेला से बेरका, वार्ड-13 से रायपुर जाने वाले पुराने अलवर मार्ग और सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें करीब तीन माह से बंद है। जिसको लेकर एजेंसी को नगर परिषद की तरफ से कई बार नोटिस भी दिए गए थे। लेकिन उक्त एजेंसी मालिक ने परिषद द्वारा दिए गए नोटिसों की परवाह नहीं की। राघव इलेक्ट्रोनिक्स एजेंसी को जुलाई 31 से 31 अगस्त 2022 तक सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने का टेंडर दिया था, लेकिन एजेंसी का कार्य साल भर संतोषजन नहीं चला।

> **नगर** परिषद ने शहर से लेकर बाजार और ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली स्ट्रीट लाइटों को ठीक से जगमग करने का फिर से ठेका छोड़ने की कवायद शुरु कर दी है। जल्द ही नई एजेंसी मलिने पर खराब स्ट्रीट लाइटों को ठेका छुटने के एक माह में बाद में ठीक करा दिया जाएगा।
>
> **प्रवीण राघव**
> **(एक्सइएन नप)**

### एजेंसी के बिलों को नहीं मिलेगी मंजूरी

**नगर** परिषद प्रशासन ने स्ट्रीट लाइट का ठेका लेने वाली राघव इलेक्ट्रोनिक्स एजेंसी द्वारा बार-बार शिकायत करने पर कराए गए कार्यों का आज तक कोई बिल पेश नहीं किया है। वहीं परिषद के अधिकारी दिगम्बर सिंह ने बताया कि परिषद की तरफ से ठेकेदार के किसी भी प्रकार के बिल को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

# चौहरे हत्याकांड में जेल में बंद महिला की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजेंद्रा** पार्क में अगस्त 2021 में हुए चौहरे हत्याकांड में जसबीर सिंह एडीजे की अदालत में आरोपी महिला विमलेश की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज हो गई। अदालत ने दोनों वकीलों की बहस को सुनने के बाद जमानत याचिका पर निर्णय लिया।

बता दें कि 23 अगस्त 2021 की रात को राजेंद्रा पार्क थाना क्षेत्र में उसक घर के मकान मालिक की पुत्रवधू सुनीता यादव के अलावा किराए पर रहे रहे कृष्णा तिवारी और दो बेटी अनामिका व सुरभि की हत्या हुई थी। इस हत्याकांड में खुद को आरोपी बताते हुए पुलिस के समक्ष सरेंडर करने वाले सुनीता यादव के ससुर राय सिंह ने भोंडसी जेल में आत्महत्या कर दी थी। इस केस में राय सिंह एवं बिमलेश का पुत्र आनंद के अलावा किरायेदार राकेश व अन्य किराएदार संदेह के दायरे में है। बिमलेश के वकील ने न्यायालय में तर्क दिया कि बिमलेश एक साल से जेल में है। उसके खिलाफ अपराध फाइल में कुछ नहीं है।

घटनाक्रम में मारी गई सुनीता यादव की अधिवक्ता अंजू रावत ने कहा कि 5 साल की लड़की इस हत्याकांड में बच गयी थी, उसने न्यायालय के सामने बिमलेश को स्पष्ट पहचाना है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अतरिक्त सत्र न्यायाधीश ने बिमलेश की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

# उप प्रधान पद के लिए पार्षदों की तोड़फोड़ शुरू

## धन बल पर समर्थन जुटाने के प्रयास

एन रोहिल्ला। सोहना



**सोहना** नगर परिषद उप प्रधान पद के चुनाव के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव दो गुटों में होने के आसार हैं। जिसके लिए संभावित उम्मीदवारों ने पार्षदों को अपने समर्थन में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। ताकि जीत सुनिश्चित की जा सके। वहीं खबर है कि चुनाव में पैसों का भी खेल हो रहा है। पार्षदों को पैसों का प्रलोभन देकर खरीद फरोख्त भी शुरू हो गई है। जिससे चुनाव धनाढ्य उम्मीदवारों का बनकर रह गया है।

नगर परिषद उप प्रधान पद का चुनाव सोमवार, 29 अगस्त को परिषद सभागार में होगा। जिसका जिम्मा सोहना एसडीएम संभालेंगे। चुनावी बैठक में अंजू देवी समेत कुल 22 सदस्यों को आमंत्रित किया है। बैठक विशेष रूप से बुलाई गई है। जिसमें शपथ से वंचित पार्षदों को शपथ भी दिलाई जाएगी। नगर परिषद का चुनाव 19 जून को हुआ था। अबकी बार चेयरपर्सन पद का चुनाव सीधे तौर पर हुआ था। जिसमें भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी ने जीत दर्ज की थी। किन्तु आप उम्मीदवार ललिता ने जीत पर विरोध दर्ज करके एक याचिका हाइकोर्ट में दायर की है। आरोप है कि अंजू देवी ने बोगस व फर्जी मार्कशीट पर जीत हासिल की है। मामला अदालत में विचाराधीन है।

### पैसों का हो रहा खेल

नगर परिषद उप प्रधान का चुनाव आमने सामने के होने की संभावना है। चुनाव में दो गुट अपने अपने उम्मीदवारों को जिताने की कोशिश में जुटे हुए हैं। हालांकि अभी तक किसी भी गुट के पास पार्षदों का पूर्ण समर्थन नहीं है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव में पार्षदों की खरीद फरोख्त भी शुरू हो गई है। संभावित उम्मीदवार पार्षदों को पैसों का प्रलोभन देकर अपने समर्थन में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

### विधायक निभाएंगे अहम भूमिका

उप प्रधान चुनाव में सोहना विधायक संजय सिंह की भूमिका अहम होगी। जिनके हस्तक्षेप को नकारा नहीं जा सकता है। जिसके चलते दोनों ही गुट विधायक का आशीर्वाद हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि विधायक ने अभी तक चुप्पी साधी हुई है। जिन्होंने किसी भी गुट को हरीझंडी नहीं दी है। इसके अलावा चुनाव में शहरी पार्षदों की भूमिका अहम होगी। जो संभावित उम्मीदवारों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हुए आया फर्जीवाड़े का आइडिया

# फर्जी एजेंट ने कार इंश्योरेंस के नाम पर ठग लिए 51 हजार रुपये

## खुद को बताया था पॉलिसी बाजार का एजेंट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फर्जी** एजेंट बनकर एक व्यक्ति ने कार इंश्योरेंस के नाम पर एक व्यक्ति से 51 हजार 218 रुपये की ठगी कर ली। उसने खुद को पॉलिसी बाजार का प्रतिनिधि बताया था। इंश्योरेंस कराने वाले व्यक्ति ने नामी कंपनी का नाम सुनकर आसानी से उस पर विश्वास कर लिया और उसे पैसे ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 4 जून 2021 को पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व की टीम को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पॉलिसी बाजार का एजेंट बताकर उनकी गाड़ी का इंश्योरेंस रिन्यू कराने की बात कही। उसने कार मालिक को इंश्योरेंस पॉलिसी जारी कराकर 51218 रुपये ऐंठ लिए। इस शिकायत की जांच करने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में फर्जी इंश्योरेंस करके ठगी करने का आरोपी।

### फर्जी खाते खुलवाए, फर्जी सिम भी लिए

**आरोपी** से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह और उसके अन्य साथी पहले एक इन्श्योरेंस कम्पनी में फोन कॉल करके इन्श्योरेंस करने का काम करते थे। सभी ने मिलकर खुद के लिए इंश्योरेंस का काम करने की योजना बनाई। कई वेबसाइट से डाटा जुटाया। इसके साथ ही फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाए, फर्जी मोबाइल नंबर जुटाए और फर्जी नंबरों से लोगों को कार इंश्योरेंस कराने के लिए लोगों से बात करनी शुरू की। वे खुद को पॉलिसी बाजार के एजेंट बताकर लोगों को पॉलिसी प्रीमियम में 25 प्रतिशत की छूट देने का प्रलोभन देते थे। लो उनकी बातों में आकर खातों में पैसे डाल देते थे।

### दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर भी चलाया

आरोपियों ने ठगी करने के लिए दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर वर्ष 2020 से 2021 तक फर्जी कॉल सेन्टर भी चलाया। उसमें काम करने के लिए कर्मचारी रखे, जिन्हें ये 8 से 10 हजार रुपये सेलरी देते थे। उसके बाद ये अलग होकर दो-दो के गुट में काम करने लगे। अब तक ये 448 लोगों को अपना शिकार बनाकर उनसे 42 लाख 95 हजार 365 रुपये की ठगी कर चुके है।

### एक गिरफ्तारी के साथ खुलती गई परतें

**पुलिस** थाना साईबर अपराध पूर्व गुरुग्राम की टीम ने इस केस में एक आरोपी शशिनाथ पाठक उर्फ अभिषेक पाल को गिरफ्तार किया गया था। दूसरे केस में पुलिस ने शशिनाथ पाठक के अलावा उसके दो अन्य साथियों राजेश्वरी सिंह व निहाल सिंह को भी 2021 में ही गिरफ्तार कर लिया था। इन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी पॉलिसी देकर ठगी करने की वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया। साइबर अपराध थाना पूर्व निरीक्षक बिजेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के एक अन्य साथी को अब गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसे नेब सराय दिल्ली से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान राहुल कुमार (26) के रूप में हुई है। वह 12वीं कक्षा पास है।

## लखेरा महासभा की जिला इकाई का शपथ ग्रहण 28 को

**गुरुग्राम।** रविवार 28 अगस्त को अखिल हरियाणा लखेरा महासभा की जिला इकाई गुरुग्राम का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह भगवान परशुराम भवन पटौदी चौक में आयोजित होगा। गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल और लखेरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लखेरा मुख्य अतिथि होंगे। लखेरा समाज गुरुग्राम के प्रधान ओमप्रकाश लखेरा, महासचिव जगवीर लखेरा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लखेरा, वरिष्ठ समाजसेवी मीर सिंह चौहान, मांगे राम, गुरदास लखेरा, महेंद्र लखेरा, महावीर चौहान ने बताया कि समस्त लखेरा समाज गुरुग्राम की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। समाज के सभी सदस्यों से आग्रह है कि वे अधिक संख्या में शिरकत करें, ताकि समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत संस्था का मनोबल बढ़े। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे अतिथियों का आगमन और स्वागत होगा। दोपहर 12 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस समारोह में शिरकत करने के लिए लखेरा समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों को निमंत्रण पत्र सौंपे और समारोह में पहुंचने का आग्रह किया।

# वित्त वर्ष में 300 करोड़ का रेवेन्यु हासिल करेगी बिरयानी बाय किलो

## बिरयानी और कबाब डिलीवरी चेन का लक्ष्य है दिसंबर 2022 तक सीरीज सी की फंडिंग उठाना

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**बिरयानी** बाय किलो, भारत की सबसे पसंदीदा और बड़ी बिरयानी और कबाब डिलीवरी चेन को वित्त वर्ष 22-23 में अपने रेवेन्यु को बढ़ाकर 300 करोड़ रुपये करने का अनुमान है। कंपनी ताजी दम पकाई हुई हांडी बिरयानी चार रूपों (हैदराबादी, लखनवी, कोलकाता और गुंटूर) में कबाब, कोरमा, डेसर्ट और ब्रेड से भरे क्यूरेटेड मेनू की पेशकश करती है और अपनी शुरुआत से लेकर अब तक 50 लाख से अधिक ग्राहकों को सर्व कर चुकी है।

कंपनी वर्तमान में दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, देहरादून, गोवा और कोलकाता सहित 45 से अधिक शहरों में 100 से ज्यादा आउटलेट ऑपरेट कर रही है। स्केलेबल बिजनेस मॉडल और बेस्ट-इन-क्लास यूनिट इकोनॉमिक्स के साथ, कंपनी की अपनी वेबसाइट, डाइन-इन रेस्तरां और डेडिकेटेड कस्टमर केयर सेंटर के साथ एक ओमनी चैनल मॉडल चला रही है, जिसका लक्ष्य दिसंबर 2022 तक बिजनेस का 35-40% (वर्तमान 30% से) हासिल करना है।



कंपनी लगभग 60 से 90 मिनट में अपने ग्राहकों को ताजा बिरयानी तैयार कर के डिलीवर करती है क्योंकि ब्रांड का मानना है कि हर अच्छी चीज में समय लगता है। पिज्जा के मुकाबले ताजी बिरयानी दम पकाने में कम से कम 30 मिनट ज्यादा लगते हैं। कंपनी वर्तमान में सालाना लगभग 40-50 लाख ऑर्डर डिलीवर करती है, जिसका औसत ऑर्डर वैल्यू 725 रुपये है। बिरयानी बाय किलो दम हर ऑर्डर के लिए प्रत्येक हांडी बिरयानी बनाती है और ताजगी, स्वाद और स्वछता को बनाए रखने के लिए ग्राहक को उसी हांडी में डिलीवर करती है। कंपनी सस्टेनेबिलिटी में बहुत विश्वास करती है, इसी लिए हांडी खरीदने के लिए मिडिलमैन को बीच से हटा कर, सीधे कुम्हारों से अपनी हांडी खरीदती है ताकि शिल्पकारों को स्थायी रोजगार मिल सके। यह हांडी न केवल बिरयानी डिलीवर करने के काम आती है बल्कि उसके बाद, खाना पकाने, पौधे लगाने और अन्य गतिविधियों के लिए पुनः उपयोग योग्य रहती हैं।

विशाल जिंदल, फाउंडर और को-सीईओ ने कहा, बिरयानी बाय किलो में, हम पूरे भारत में सबसे ऑथेंटिक तरीके से बिरयानी को बनाने और डिलीवर करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। हम क्वालिटी और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने वाले दुनिया भर में बिरयानी रेस्तरां की सबसे बड़ी चैन के रूप में ब्रांड की स्थापना कर रहे हैं। वर्षों से हम अपने प्रोडक्ट्स के साथ इनोवेशन कर रहे हैं और साथ ही कंपनी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमनें सीनियर प्रोफेशनल, मिड लेवल मैनेजमेंट टीम और वर्ल्ड क्लास प्रोसेस और टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर को रखा है। हमारा लक्ष्य अगले 2-3 वर्षों में कंपनी को पैन इंडिया उपस्थिति के साथ 1000 करोड़ का बनाना है। इसके अलावा, हम अगले साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करते हुए भारत की विरासत बिरयानी को पूर्व और मध्य पूर्व में ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ये अच्छा समय हैं और हम इसका अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं।

कौशिक रॉय, फाउंडर और सीईओ ने कहा, बिरयानी देश में सबसे लोकप्रिय डिश है, लेकिन क्वालिटी वाले ब्रांडों की कमी है। शुरुआत से ही, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिलीवरी अनुभव के साथ ऑथेंटिक रेसिपीज़ के साथ बनाई गई 100% ताजा दम पकी हुई हांडी बिरयानी प्रदान करना हमारा विज़न रहा हैं।

# बिना प्राथमिक उपचार के ही कर दिया बुजुर्ग को रेफर

### होडल से रेफर मरीज को 12 बजे मिला प्राथमिक उपचार बेहतरी के लिए भेजा दिल्ली

कविता। फरीदाबाद


बीके अस्पताल में स्ट्रेचर पर पड़ा बुजुर्ग मथुरा प्रसाद।

**प्रदेशभर** में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बेहद बुरा है। यहां दवाइयों का टोटा तो बना ही रहता है। साथ ही यहां सुविधाओं का भी भारी अभाव है। वहीं बीमार अथवा घायल होकर आने वाले अज्ञात मरीजों को सिविल अस्पतालों में कोई अटैंडेंट न होने के कारण इलाज की बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। चिकित्सक भी मरीजों की हालत को बिना प्राथमिक उपचार दिए ही रेफर कर अपना पल्ला झाड़ देते हैं।

ऐसे में कई बार दिल्ली जाते समय रास्ते में मरीज दम तक तोड़ देते हैं। जिसका ताजा उदाहरण बीती रात बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिला। शाम को करीब छह बजे होडल में सड़क दुर्घटना में घायल होकर आए एक बुजुर्ग व्यक्ति को बीती रात 12 बजे प्राथमिक उपचार मिला। बुजुर्ग होडल से बल्लभगढ़ और वहां से बीके अस्पताल में पहुंचा था। घायल व्यक्ति को बीके अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

### ये है पूरा मामला

**होडल** निवासी मथुरा प्रसाद एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसके कारण उसके मुंह के नीचले हिस्से में कट और पैर टूटा हुआ था। छह बजे एक्सीडेंट के बाद किसी तरह से उसे पलवल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी घायल को भी नहीं थी। उसके साथ कोई न होने पर पलवल से उसे देर शाम को अपना पल्ला झाड़ते हुए बिना प्राथमिक उपचार के बाद 23 अगस्त की रात सवा 11 बजे के आसपास बल्लभगढ़ भेज दिया गया। जहां एमएलसी काटकर उसे बीके भेज दिया।

यहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने उसे प्राथमिक उपचार चिकित्सकों की मदद से दिलवा दिया, लेकिन उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे बीके अस्पताल से रात 12 बजे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों का कहना था कि यदि घायल को प्राथमिक इलाज की सुविधा समय पर मिल जाती तो शायद उसे पलवल से दिल्ली तक का सफर तय नहीं करना पड़ता। यह तो सिर्फ उदाहरण मात्र है, इस तरह के मामले आए दिन देखने को मिलते हैं।

## महिला के बैग से पर्स चोरी

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ से आटो में बैठ कर तिगांव जाने वाली एक महिला का रास्ते में किसी ने पर्स चोरी कर लिया। गांव भैंसरावली की रहने वाली विजय लक्ष्मी ने थाना तिगांव पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जरूरी काम से बल्लभगढ़ गई थी। वहां से वह तिगांव आने के लिए आटो में बैठी थी। आटो में उनके अतिरिक्त तीन महिला और बैठी हुई थी। उसने अपना पर्स बैग के अंदर रखा हुआ था। जब वह तिगांव उतरी, तो उसका पर्स नहीं मिला। उसके पर्स को निश्चित तौर उन तीन महिलाओं ने तिगांव अस्पताल से कौराली मोड़ के बीच में चोरी कर लिया है। पर्स में 15 हजार रुपये और एक सोने की चेन थी। थाना तिगांव थाना प्रभारी अशोक सैनी का कहना है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं।

# ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कर्मचारियों की हड़ताल

### सफाई कर्मचारी के साथ बाउंसरों द्वारा की गई मारपीट का जता रहे विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ईएसआईसी में कर्मचारियों की हड़ताल को सम्बोधित करते बेचु गिरी।

**एनएच-तीन** स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार को सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी और वे अस्पताल के गेट पर पूरा दिन बैठे रहे। उनका कहना था कि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सफाई सुपरवाईजर (ठेकेदार) द्वारा एक सफाई कर्मी के साथ मारपीट की गई है। आरोप है कि सुपरवाईजर रवि ने पांच-छह बाउंसर से पीड़ित गोपाल को पिटवाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सुपरवाईजर रवि सहित छह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी तरफ गुस्साएं कर्मचारियों की हड़ताल से पूरा दिन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कामकाज ठप रहा। इससे अस्पताल में जगह-जगह गंदगी का ढेर लग गया। एटक के प्रदेश महासचिव बेचू गिरी ने कहा कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो जाएगी। कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को ईएसआईसी में तैनात 240 कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

जानकारी के मुताबिक सुपरवाईजर रवि का मंगलवार को सफाई कर्मी गोपाल के साथ किसी बात पर कहासुनी हो गई। गोपाल कर्मचारियों के हित में बात करता है। इसलिए सुपरवाईजर सहित कुछ लोग उसे पसंद नहीं करते हैं। यह बात हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने की। मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे काम खत्म कर गोपाल जब घर जाने लगा, तो रवि ने गोपाल को फोन कर बाहर बुलाया।

आरोप है कि इसके साथ ही आरोपी ने दो बाइकों पर पांच-छह बाउंसरों को बुला रखा था। गोपाल जैसे ही बाहर आया, रवि ने लात, घूंसे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने गोपाल को इतना मारा कि उसका सिर फट गया। घटना की जानकारी मिलते है कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उससे पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए। कर्मचारियों ने पीड़ित को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से फरार है।

थाना एसजीएम नगर प्रभारी संदीप का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। जल्द सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वहीं सफाई कर्मचारी अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे रहे। इससे अस्पताल में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए। इमरजेंसी और ओपीडी के बाहर कूड़े का ढेर पसरा रहा। शौचालयों की सफाई नहीं हुई है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हुई। दूसरी तरफ मौके पर पहुंच एटक के प्रदेश महासचिव बेचू गिरी ने कहा कि कर्मचारियों को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। वह उसने साथ हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जल्द सभी आरोपी गिरफ्तार हों। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी नहीं होंगे। कर्मचारियों का धरना जारी रहेगा।

## मंत्री की हठधर्मिता के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


गेट मीटिंग के बाद प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** सरकार व निगम मेनेजमेंट ने कौशल रोजगार निगम को भंग कर ठेका कर्मियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली, समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने आदि मांगों का समाधान नहीं किया तो बिजली कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।

यह चेतावनी ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के उप प्रधान व एसकेएस के राज्य प्रधान सुभाष लांबा ने बुधवार को बिजली कर्मचारियों की सब डिवीजन पर आयोजित गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि यूनियन ने बिजली मंत्री की हठधर्मिता, बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 के खिलाफ और कर्मचारियों की मांगों के प्रति मेनेजमेंट के घोर उपेक्षापूर्ण रवैए के खिलाफ 26 अगस्त से 15 नवंबर को सभी सर्किलों में आक्रोश प्रदर्शन कर बिजली मंत्री के पुतले दहन करने का फैसला लिया है। इसी कड़ी में 26 अगस्त को सर्कल आफिस सेक्टर 23 में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सभी सब डिवीजनों में गेट की जा रही है। बुधवार को पाली नंगला, सब अर्बन सेक्टर 58, ईस्ट सब डिवीजन सेक्टर 16ए और वेस्ट सब डिवीजन सेक्टर 19 में गेट मीटिंग आयोजित की गई।

गेट मीटिंग को राज्य प्रधान सुभाष लांबा के अलावा ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव राम चरण, बल्लभगढ़ इकाई के प्रधान रामकेश व सचिव धर्मेंद्र तेवतिया, ओल्ड इकाई के प्रधान करतार सिंह व देवेन्द्र त्यागी, ग्रेटर फरीदाबाद इकाई के प्रधान दिनेश शर्मा आदि ने संबोधित किया और कर्मचारियों से 26 अगस्त को सर्कल आफिस पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## धूमधाम से मनाया डीएवी पुलिस स्कूल में सद्भावना दिवस


डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


**फरीदाबाद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद में सभी धर्मो के छात्रों के बीच राष्ट्रीय एकता, शान्ति, स्नेह और साम्प्रदायिक सद्भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सद्भावना दिवस मनाया गया।

विद्यालय में 24 अगस्त को अपनी विशेष सभा में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष सभा की शुरुआत में प्रार्थना के बाद प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा नाटक मंचन किया गया। जिसमें शान्ति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे के बीच एकता की भावना को दर्शाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रणाली के सद्भावना पुरस्कार के बारे में जानकारी दी। जिसका उद्देश्य समाज के ग्रामीण वर्ग के उत्थान के लिए छठी से बारहवीं कक्षा तक मुफ्त आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने जाति,क्षेत्र,या भाषा की परवाह किए बिना भारत के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए काम करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमा अरोडा ने अपने सन्देश में छात्रों से सहभाजन और सम्मान की भावना का अभ्यास करने को प्रेरित किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया। प्रधानाचार्य हेमा अरोडा से प्रेरित होकर छात्रों ने गरीबों में राशन सहित आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया।

## महिला सशक्तीकरण की नई इबारत बताती किताब

### सामूहिक खेती का सफल उदाहरण बनी महिलाओं पर डॉ. जया मेहता और विनीत तिवारी की लिखी पुस्तक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**कॉन्स्टीट्यूशन** क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में 'आवश्यकता की सीमा से स्वतंत्रता की सीमा तक – केरल में कदंबश्री सामूहिक खेती के तहत महिला किसानों पर एक अध्ययन' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को जोशी अधिकारी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज (जेएआईएसएस) की डॉ. जया मेहता और विनीत तिवारी ने लिखा है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कई प्रतिष्ठित अकादमिक हस्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनेताओं ने संबोधित किया।

जेएआईएसएस, आकार बुक्स और एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा सह-प्रकाशित यह पुस्तक कदंबश्री मिशन के लोकप्रिय कार्यक्रम के तहत महिलाओं के समूह द्वारा की जा रही सामूहिक खेती के विस्तृत अध्ययन पर केंद्रित है। 300 से ज्यादा पन्नों की यह किताब जहां एक ओर ज्ञानपरक है, तो दूसरी ओर गहराई से सहानुभूतिपूर्ण लेखन भी किया गया है। इसमें सामाजिक इतिहास के संदर्भ में किए गए प्रयोग की कहानी है। इसमें राजनीतिक अर्थव्यवस्था का विश्लेषण किया गया है, जिससे इस अनूठे प्रयोग को आकार मिला। इसमें आंकड़ों को संग्रहीत और विश्लेषित किया गया है। इसमें केस स्टडीज को जगह दी गई है। साथ ही इस आंदोलन से जुड़े लोगों से हुई बातचीत को भी इसमें शामिल किया गया है। इसमें जीवंत लगने वाले स्केच भी बनाए गए हैं। यह अपने आप में विश्लेषण के आधार पर समृद्ध पुस्तक है।

इस पुस्तक की महत्ता मात्र केरल के लिए ही नहीं है। कम जमीन वाले इलाके में काम कर रही इन महिलाओं की क्षमता और उपलब्धि पूरे कृषक समुदाय के लिए प्रेरक है। इसके अलावा, यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूरे देश में बहुत से भूमिहीन और सीमांत किसान अस्तित्व के संकट से गुजर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव डी. राजा, मजदूर किसान शक्ति संगठन की संस्थापक अरुणा रॉय, कदंबश्री के पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर टीके जोस, आईएएस (सेवानिवृत्त) और एक्शनएड एसोसिएशन के एसोसिएट डायरेक्ट तनवीर काजी ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अध्यक्षता पहले जेएनयू में रहे और अब जोशी अधिकारी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के डायरेक्टर प्रोफेसर अजय पटनायक ने की।

तनवीर काजी ने बताया कि कैसे एक्शनएड एसोसिएशन में सहकारी समितियों के माध्यम से नारीवादी एकजुटता के निर्माण की विस्तृत प्रक्रिया को पुस्तक में समाहित किया गया है। इसमें सरल भाषा में जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव के जटिल मुद्दों की केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया है।

## पिता पर बेटी से दुष्कर्म का आरोप

**फरीदाबाद।** जिले में रिश्तों को शर्मशार करने वाले तीन मामले सामने आए। इनमें दो मामलों में पिता पर बेटी से दुष्कर्म व छेड़छाड़ का आरोप लगा है तो एक मामले में पड़ोसी पर चार साल की बच्ची से अश्लील हरकत का आरोप लगा है। पुलिस ने तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एनआइटी महिला थाना पहुंचकर 14 साल की किशोरी ने पुलिस को बताया कि पिता उसके साथ दुष्कर्म करता है। मना करने पर उसके साथ मारपीट करता है। वह किसी तरह बाल कल्याण समिति पहुंची और आपबीती बताई। इसके बाद उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ। एक अन्य मामले में बल्लभगढ़ महिला थाने पहुंचकर एक महिला ने बताया कि उसका पति बेटी के साथ गलत हरकत करता है वह उसे अश्लील फिल्म दिखाता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। तीसरे मामले में सेंट्रल महिला थाने में एक महिला ने शिकायत दी है कि पड़ोसी ने उसकी साढ़े चार साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की है।

# दुबई जा रहे विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेंट कोलबंस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को किट प्रदान करते मुख्य अथिति।

**सेंट** कोलंबस विद्यालय के लिए बुधवार का दिन बहुत ही महत्तवपूर्ण रहा। विद्यालय द्वारा आयोजित आशीर्वाद समारोह का आयोजन उन विद्यार्थियों के लिए किया गया, जो श्रीलंका में अपनी जीत का परचम लहराने के बाद अब दुबई में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अंर्तविद्यालयी त्रिकोणीय श्रृंखला में अपने विजयी होने का स्वप्न लेकर प्रतिभगिता निभाने जा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोनिका सिंह (एसीपी, क्राइम अगेंस्ट वूमन, फरीदाबाद) व सम्मानित अतिथि विजय प्रताप सिंह (कांग्रेस नेता) और उनकी अर्धांगिनी वेनुका प्रताप सिंह (समाज सेविका) व जितेंद्र भडाना (काउंसलर, फरीदाबाद) रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्य श्रीलेखा वीएम जी ने उपस्थित अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ततपश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने समस्त वातावरण को प्रफुल्लित कर दिया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में जज्बा के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी। समस्त अतिथिगण इस कार्यक्रम को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय की ओर से 16 खिलाड़ियों की एक टीम को उनके कोच राजीव भारती के साथ अध्यक्ष ऋषि चौधरी, एवं प्रधानाचार्य श्रीलेखा वीएमजी के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता निभाने को भेजा जा रहा है। क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों द्वारा पहनी जाने वाली पोषाक पर विद्यालय, देश के नाम के साथ-साथ हिंदुस्तान टाइम्स, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक एवं एक्स्ट्रामार्क्स एडुकेशन का प्रतीक चिह्न भी अंकित है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए तथा प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएम ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीएम ने अमृता हॉस्पिटल का लोकार्पण कर उत्कृष्ट सेवा का दिया परिचय : भाटिया

**फरीदाबाद।** जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवनिर्मित अमृता हॉस्पिटल का लोकार्पण के बाद अस्पताल का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करने पर बल्कि जरूरतमंद निर्धन असहाय परिवारों के हित में उत्कृष्ट सेवा दी हैं। बहुत ही खुश मिजाज में जिले की जनता को पीएम ने सभी का अभिवादन हाथ हिलाते हुए स्वीकार किया। राजेश भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के सरल स्वभाव एवं बहुत ही उच्च धार्मिक प्रवृत्ति की विचारधारा रही है उनके नेतृत्व में देश प्रति दिन आसमान की ऊंचाइयों को छू रहा है प्रधानमंत्री की कार्यशैली की प्रशंसा विश्व स्तर पर हैं उनके नेतृत्व में देश प्रतिदिन प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर अग्रसर होता जा रहा है। जिन्होंने देश का नाम पूरे संसार में रोशन किया है। अगली कड़ी में उन्होंने कहा उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा प्रतिदिन लाभान्वित हो रहे हैं।

## जेसी बोस के 'हरियाली पर्व' में शामिल हुए राज्यपाल



जेसी बोस विवि में पौधारोपण करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दात्तात्रेय।

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा मनाए जा रहे हरियाली पर्व में हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय परिसर में बरगद का पौधा लगाया।

उल्लेखनीय है कि विवि द्वारा जुलाई और अगस्त के महीने को 'हरियाली पर्व' के रूप में मनाया जा रहा है। इस उत्सव में हिस्सा लेने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यक्तियों को पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को फरीदाबाद के सेक्टर 88 में माता अमृतानंदमयी अम्मा मठ द्वारा स्थापित अमृता अस्पताल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए फरीदाबाद में थे।

दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों से प्रकृति के पोषण और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमर शहीद राजगुरु की जयंती स्कूल में मनाई गई



बीएमडी कान्वेंट स्कूल में शहीद शिव राम राजगुरु की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते आजादी के शहजादे संस्था के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चंद आजाद और स्कूल के बच्चे।

**फरीदाबाद।** आजादी के शहजादे संस्था ने बीएमडी कान्वेंट स्कूल सरूरपुर में शहीद शिवराम राजगुरु की जयंती राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में मनाई। प्रधानाचार्य शैली शर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन किया तथा स्कूल प्रबंधक सुनील शर्मा ने मंच संचालन किया। बच्चों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि शहीद राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख क्रांतिकारी थे। इन्हें भगत सिंह और सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिया गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में राजगुरु की शहादत एक महत्वपूर्ण घटना थी। राजगुरु एक अच्छे निशानेबाज भी थे। सांडर्स का वध करने में इन्होंने भगत सिंह व सुखदेव का साथ दिया था। संस्था के चेयरमैन वासुदव अरोड़ा ने कहा कि राजगुरु महान क्रांतिकारी थे और हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन संगठन के सदस्य थे और चन्द्रशेखर आजाद को अपना गुरु मानते थे। ऐसे महान शहीदों की शहादत से ही हम आज़ाद भारत का सपना पूरा कर सके हैं। संस्था की सरपरस्त जगजीत कौर ने कहा कि बच्चों को जब भी मौका मिले शहीदों की जीवनियां जरूर पढ़नी चाहिये जिससे बच्चों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा होगी और राष्ट्रीय सचिव शीतल लूथरा ने कहा कि हमारी संस्था इसी तहर प्रत्येक शहीद की चिताओं पर मेले लगाती है। अंत में मंच संचालन करते हुए सुनील शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और आजादी के शहजादे संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था लगातार पिछले सात वर्षों से देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करती आ रही है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सुनील शर्मा, प्रधानाचार्या शैली शर्मा, वासुदेव अरोड़ा, जगजीत कौर, शीतल लूथरा व हरीश चन्द्र आजाद ने अपने विचार रखे।

### बोलेनो गाड़ी में अवैध हथियारों सहित युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने एक आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव है जो पलवल के छपरौला गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम रात करीब 3 बजे बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास गश्त कर रही थी कि एक बोलेनो गाड़ी पुलिस को देखकर एकदम से अपनी गाड़ी को बहुत तेज गति से भगाकर पलवल की तरफ जाने लगी। गाड़ी में दो व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने गाड़ी का पीछा किया। पुलिस को पीछे आते देख आरोपी घबरा गए और उसने गाड़ी को बल्लबगढ़ अनाज मंडी की तरफ मोड़ दिया परंतु हड़बड़ी में गाड़ी मुड़ नहीं पाई और वह गेट के पिलर से टकरा गई। गाड़ी रुकते ही कंडक्टर सीट पर बैठा वह व्यक्ति गाड़ी की खिड़की खोलकर भाग गया। पुलिस ने ड्राइवर सीट पर बैठे हुए आरोपी गौरव को काबू कर लिया। गाड़ी को चेक करने पर उसमें से दो देशी कट्टे, एक बंदूक और तीन कारतूस बरामद हुए। पूछताछ करने पर आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को काबू करके आदर्श नगर थाने लाया गया जहां आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का उसके गांव में काफी समय से झगड़ा चल रहा है और इसी झगड़े के चलते वह अपने पास देसी कट्टा तथा बंदूक रखता है। आरोपी ने बताया कि वह फरीदाबाद में किसी पार्टी में आए थे और उसके साथ उसके गांव का ही एक दोस्त गजेंद्र उर्फ भोला नाम का उसके साथ बैठा था जो मौका पाकर फरार हो गया। आरोपी ने बताया कि यह देशी कट्टा वह यूपी से लेकर आया था जिसकी अभी जांच चल रही है। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी लूट की धाराओं के तहत एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी को अवैध हथियार सप्लाई करने वाले उसके साथी के बारे में पूछताछ करके उसकी धरपकड़ की जाएगी तथा पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा।

### अनखीर गांव में आठ साल से ठप हैं ट्यूबवेल



**फरीदाबाद।** अनखीर गांव में पिछले लगभग आठ वर्षों से ठप्प पड़ी हुई फरीदाबाद नगर निगम की ट्यूबवेल नंबर-3 की वजह से पेयजल आपूर्ति का संकट झेल रहे लोगों द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर से भी गत 15 मई को मिलकर अपनी समस्या से अवगत करवाने के बावजूद इस समस्या का समाधान आज तक नहीं किया गया है। इस संबंध में फरीदाबाद नगर निगम के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही बदस्तूर जारी है। लगता है जिस प्रकार यह ट्यूबवेल नकारा है उसी प्रकार फरीदाबाद नगर निगम के संबंधित अधिकारी भी नकारा ही हैं। पूर्व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे लोगों में शामिल तिलक बिधूड़ी ने बताया कि वह अपने गांव के संबंधित लगभग 20 साथियों सहित गत 15 मई को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से इस समस्या को लेकर उनके स्थानीय सेक्टर -28 स्थित कार्यालय पर मिले थे। मंत्री श्री गुर्जर ने उनके सामने ही नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर को फोन करके इस समस्या का तुरंत समाधान करने बारे आदेश दिए थे। मंत्री ने एसई से कहा था कि अनखीर गांव को रेनीवेल जलापूर्ति योजना से जोड़ दो और सरकारी स्कूल परिसर में ठप्प पड़े हुए इस ट्यूबवेल नंबर-तीन की जगह पर नया ट्यूबवेल लगा दो। लेकिन तीन महीने से भी अधिक का समय बीत जाने पर भी इस समस्या के समाधान को लेकर फरीदाबाद नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर अब तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही अमल में नहीं ला सके हैं । वह अपने अधीनस्थ एवं सहयोगी अधिकारियों व कर्मचारियों और संबंधित ठेकेदार को साथ लेकर इस ट्यूबवेल का मुआयना तो कर के जा चुके हैं लेकिन इसकी जगह नई ट्यूबवेल लगाने की कार्यवाही अब तक शुरू ही नहीं की है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि अब तक यह समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है और संबंधित लगभग 5 दर्जन घरों में हर घर में 3 या 4 दिन बाद लगभग 1000 रुपये खर्च करके निजी वाटर टैंकर मंगवाना पड़ता है। नगर निगम अपनी ओर से पानी भेजने के लिए इनकार करते हुए पहले ही हाथ खड़े कर चुका है। मालूम नहीं कि नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर अब किस के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

### प्राचीन बुढ़िया नाले पर जल्दी बनेगा नया पुल

**फरीदाबाद।** सेक्टर 32 डीएलएफ इंडस्ट्रीयल एरिया में कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए बुढ़िया नाले पर नया पुल बनाने का काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। पुल बनाने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने नई जगह चिन्हित कर ली है। अब केवल नगर निगम की वॉटर सप्लाई लाइन शिफ्ट न होने से पुल का काम शुरू होने में देरी हो रही है। इसके लिए एचएसवीपी के अधिकारियों ने नगर निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर जल्द से जल्द लाइन को शिफ्ट करने के लिए कहा है। सेक्टर-32 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया के बीच से बुढ़िया नाला गुजर रहा है। नाले को पार करने के लिए यहां पर एक पुराना पुल बना हुआ है। यह पुल काफी पुरानी है और कोई अनहोनी न हो, इसलिए पुल को सालों पहले ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था। ऐसे में इंडस्ट्रियल एरिया में लोगों को बुढ़िया नाले के पार आने – जाने के लिए नैशनल हाइवे की तरफ से घूम कर आना पड़ता है। इसमें लोगों को काफी लंबा चक्कर लगाना पड़ा है। इससे समय भी बर्बाद होता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## तेलंगाना प्रकरण

### बयान पर बवाल

**तेलंगाना** में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा विधायक टी. राजा सिंह पर आरोप है कि उन्होंने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ ईशनिन्दा वाली टिप्पणी की। इसके बाद उनको गिरफ्तार किया गया तथा भाजपा ने उनकी सदस्यता निलंबित कर दी। हैदराबाद में उनकी गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक बयानबाजी, आरोपों, प्रत्यारोपों व विरोध प्रदर्शनों का एक और दौर शुरू हो सकता है। शायद बहुत से लोग इसे इस दक्षिणी राज्य में भाजपा का प्रभाव बढ़ाने की रणनीति की तरह देख रहे हैं। वैसे दक्षिण भारत में भाजपा की उपस्थिति सीमित है और कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा की सरकार है। अन्य चार राज्यों-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल ने 'हिंदुत्व' से दूरी बनाए रखी है। भाजपा अपने प्रयासों से देश के उत्तरी व पश्चिमी राज्यों में लगभग खिखर तक पहुंची है। उदाहरण के लिए, उसने 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 71 पर तथा गुजरात की सभी 26 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। 2024 में उसे बिहार में कठिनाई होगी और अन्य राज्यों में भी समस्यायें पैदा हो सकती हैं जहां भाजपा का वर्चस्व है। लेकिन समग्र रूप से देखें तो वह उत्तरी व पश्चिमी राज्यों में ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर सकती है। पूर्वी राज्यों में भाजपा ने पहले ही अपनी पहुंच बना ली है और वह यह गतिशीलता बनाए रखेगी। लेकिन दक्षिण भारत में भाजपा ऐसी कोई गतिशीलता पैदा करने में विफल रही है। हालांकि, 14 साल पहले 2008 में भाजपा ने कर्नाटक में सरकार बनाई थी। इस पृष्ठभूमि में देखने पर भाजपा द्वारा तेलंगाना में प्रवेश करने की इच्छा को गलत नहीं कहा जा सकता है।



पैगंबर मुहम्मद पर राजा सिंह की टिप्पणी शायद इसी इच्छा की द्योतक है, हालांकि यह अपनी भावनायें व्यक्त करने के लिए सही शब्द के चयन में विफलता भी हो सकती है।

लेकिन राजा सिंह की टिप्पणी के बाद शायद भाजपा की समझ में आ गया कि उन्होंने सीमा रेखा पार की है, इसलिए उनकी सदस्यता निलंबित की गई। भाजपा ने उनको एक कारण बताओ नोटिस दिया है जिसका जवाब उनको 10 दिन में देना है। यह संभवत: नूपुर शर्मा प्रकरण का एक प्रकार से दुहराव है, उनकी भी सदस्यता निलंबित की गई थी पर उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। संभवत: इसका कारण यही था कि वे गैर-भाजपा शासित राज्य में नहीं थीं। ये प्रकरण काफी भ्रमित करने वाले हैं और सवाल उठता है कि आखिर भाजपा क्या चाहती है? वह नूपुर शर्मा व राजा सिंह जैसे नेताओं को इसलिए आगे नहीं बढ़ती है कि उसका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर दृढ़ विश्वास है। लेकिन जब हिंदुओं की भावनाओं का मामला आता है तो भाजपा मामूली से उकसावे पर और कभी-कभी बिना उकसावे के भी आक्रामक दृष्टिकोण अपनाती है। इससे वह संयुक्त राज्य अमेरिका या यूरोप की दक्षिणपंथी पार्टियों से अलग हो जाती है। वे चरम वामपंथ के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाम लगाने के प्रयासों का विरोध करती हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वे वामपंथी रचनाओं पर प्रतिबंध का अभियान चलाएं। वे उन किताबों, फिल्मों, आदि के खिलाफ हिंसक गतिविधियां भी नहीं करती हैं जो उनके देश में ईसाइयत, पश्चिमी सभ्यता, आदि की आलोचना करती हैं। इसके साथ ही जब चीजें नियंत्रण के बाहर हो जाती हैं तब भाजपा रक्षात्मक हो जाती है। नूपुर शर्मा की टिप्पणी के बाद यही हुआ जब अनेक अरब व मुस्लिम देशों में उनकी टिप्पणी के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। उसे यह अवश्य समझ लेना चाहिए कि धार्मिक ध्रुवीकरण दक्षिण भारत में बहुत लाभ पहुंचाने वाली राजनीतिक रणनीति नहीं होगी क्योंकि वहां उत्तर भारत की तरह इस्लाम के बारे में कड़वी स्मृतियां नहीं हैं। वैसे भी लाभ घटने का सिद्धान्त ध्रुवीकरण की राजनीति पर भी लागू होता है।

# पाकिस्तान के स्थायित्व पर संकट

पाकिस्तान आज भी उतना ही अस्थिर है जितना स्वतंत्रता के समय था। उसकी वर्तमान स्थिति के लिए राजनेता वर्ग जिम्मेदार है।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)




स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी पाकिस्तान में उथलपुथल व्याप्त है। वह स्वयं अपने खिलाफ संघर्ष कर रहा है और इस कारण लगातार राजनीतिक व आर्थिक दलदल में धंसता जा रहा है। 14 अगस्त, 2022 को 'द डॉन' में माहिर अली ने कहा था, 'पाकिस्तान को लगभग पूर्ण दीवालियेपन से बचाने के लिए तत्काल कठोर उपायों की आवश्यकता है। लेकिन हमारे राजनेता संभवत: जनता को खिलाने के लिए विदेशी उपहार प्राप्त करने से संतुष्ट हैं। वे आर्थिक विकास की थोड़ी छवि बनाए रखने के लिए और अधिक विदेशी सहायता पर निर्भर हो गए हैं।' अली का यह कथन 14 अगस्त, 1958 के 'पाकिस्तान टाइम्स' संपादकीय से लिया गया है। बहुत से लोगों को चिन्ता है कि पाकिस्तान श्रीलंका के रास्ते पर जा सकता है। इस मुद्दे पर पिछले कुछ महीनों से वहां बहस चल रही है। पहली बार उनके सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को अपने देश की रक्षा के लिए अमेरिकी विदेश विभाग तथा परंपरागत दानदाता सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात-यूएई को एक प्रकार से एसओएस संदेश देने पड़े। अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या चीन संकट की इस घड़ी में पाकिस्तान का साथ देगा, पर हाल में उसने संकेत दिए कि बीजिंग के रावलपिंडी से संबंध पाकिस्तान-चीन संबंधों की धुरी हैं। इस्लामाबाद की अपनी अंतिम यात्रा में चीनी विदेश मंत्री वांग यी आधिकारिक रूप से जनरल बाजवा से मिलने रावलपिंडी गए थे। चीनी सैनिक प्रवक्ता ने उस समय कहा था कि 'चीन व पाकिस्तान सदाबहार रणनीतिक साझेदार, सच्चे दोस्त व भाई की तरह हैं जो सुख-दु:ख में समान भागीदारी करते हैं।' 1998 में पाकिस्तान ने नाभिकीय आयुध प्राप्त कर लिए। आम समझ है कि कोई नाभिकीय सोमालिया नहीं चाहता है।

पाकिस्तान ने अपने छोटे से इतिहास में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ का दरवाजा 18वीं बार खटखटाया है। उसका चालू खाते का घाटा 2017 में 600 बिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 3,500 बिलियन डालर हो गया है। पाकिस्तानी रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है और एक डालर अब 240 पाकिस्तानी रुपये के बराबर है। उसके आयात अत्यधिक संकुचित हो गए हैं तथा तेल की कीमतें बढ़ रही हैं जो उस पर भयानक असर डाल रही हैं। सऊदी अरब ने उसे तेल फाइनेंसिंग के रूप में 4 बिलियन डालर दिए हैं तथा 4 बिलियन डालर के वर्तमान कर्ज का भुगतान टाल दिया है। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता समान रूप से चिन्ताजनक है क्योंकि यह आर्थिक संकट का एक प्रमुख कारण है। पीएमएल-एन नीत गठबंधन शहबाज शरीफ के नेतृत्व में वर्तमान समय में सत्तारूढ़ है जिसने अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से इमरान खान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था। लेकिन यह गठबंधन स्वयं संकट का सामना कर रहा है क्योंकि पंजाब में उसके मजबूत किले पर इमरान खान की पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई ने कब्जा कर लिया है।

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग-ईसीपी ने 2 अगस्त को फैसला दिया था कि पीटीआई ने विभिन्न स्रोतों से प्रतिबंधित धन प्राप्त किया जिसमें दुबई के एक दानदाता आरिफ नकवी भी शामिल हैं। इस मामले पर सर्वोच्च न्यायालय फैसला देगा और इससे पीटीआई पर प्रतिबंध भी लग सकता है। ईसीपी के फैसले का समय बहुत महत्वपूर्ण है। मजेदार बात है कि उसके सामने पीएमएल-एन की फंडिंग के मामले में ऐसा ही मामला लंबित है। अपनी आजीविका के मामले पर चिन्ताग्रस्त मतदाता अपनी मुसीबतों की जिम्मेदारी पीएमएल-एन पर डालते हैं। पीएमएल-एन पीटीआई को इतना फंसा देना चाहता है कि वह ठीक से काम न कर सके। इसके साथ ही नवंबर में जनरल बाजवा के सेवानिवृत्त होने से पहले एक नए सेना प्रमुख को भी तलाशना होगा। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख जल्दी चुनाव कराने का आदेश दे सकते हैं। पाकिस्तान में स्वतंत्रता के 75 साल में सिविल-सेना संबंधों का इस प्रकार संस्थाबद्धीकरण हुआ है कि उसमें सेना को आंतरिक व बाहरी चुनौतियों के मामले में देश का संरक्षक माना जाता है। मुस्लिम लीग के कमजोर पड़ने के कारण पाकिस्तान में सेना और नौकरशाही प्रशासन का प्रमुख संस्थान बन गए हैं।

> **पाकिस्तान ने अपने छोटे से इतिहास में आईएमएफ का दरवाजा 18वीं बार खटखटाया है। उसका चालू खाते का घाटा 2017 में 600 बिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 3,500 बिलियन डालर हो गया है। पाकिस्तानी रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। उसके आयात अत्यधिक संकुचित हो गए हैं तथा तेल की कीमतें बढ़ रही हैं जो उस पर भयानक असर डाल रही हैं।**

सेना ने पाकिस्तान पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शासन किया है जिसमें एक लोकतांत्रिक मुखौटे की सहायता न्यायपालिका ने की है। इमरान खान को सेना के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सजा अपनी कुर्सी गंवा कर भुगतनी पड़ी है। उनके चीफ आफ स्टाफ शहबाज गिल इस समय जेल में हैं क्योंकि उन्होंने सेना से अवैध आदेश पालन करने से इनकार का आह्वान किया था। इमरान खान भी अमेरिका में अपने हाथ जला चुके हैं क्योंकि उन्होंने अपनी सरकार गिराने का आरोप अमेरिका पर लगा दिया था।

इस समय भारत-पाकिस्तान संबंधों में अनेक गिरावटों तथा एक थोड़ा बेहतर स्थिति याद करना उचित होगा। संबंधों में गिरावट का नतीजा युद्धों के रूप में सामने आया। हालांकि, विडंबनात्मक रूप से संसद पर हमले के बाद 2003-07 में थोड़ी बेहतरी आई थी। सतिंदर लांबा व तारिक अजीज के बीच परोक्ष संबंधों से कश्मीर समस्या समाधान का रास्ता थोड़ा खुला था। लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पाकिस्तान से संबंध सुधारने के प्रयास किए थे, पर जल्द ही उनका धैर्य जवाब दे गया और भारत ने आक्रामक प्रतिक्रिया शुरू की। भारतीय सैनिकों के सिर काटने के बाद 2000 की शुरुआत में भारत पाकिस्तान के बीच औपचारिक संवाद के रास्ते बंद हो गए थे। बाद में भारत सरकार ने संवाद बहाल करने का थोड़ा प्रयास किया, लेकिन यह इस यथार्थ से परे शर्त से विफल हो गया कि वार्ता व आतंक एकसाथ नहीं चल सकते हैं। अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद वार्ता की संभावना और क्षीण हो गई। लेकिन इसके बावजूद कश्मीर समस्या के समाधान को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कश्मीर समय समय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी की चर्चा में आता है, शिमला और लाहौर समझौतों में इसका उल्लेख किया गया है तथा चीन ने भी स्वयं को विवाद का तीसरा पक्ष बना लिया है। भारतीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में उसे वापस लेने की घोषणा के बाद चीन ने अक्साईचिन की सुरक्षा के लिए पूर्वानुमानों के आधार पर अनेक कदम उठाए हैं। इस प्रकार अब भारत को दो सक्रिय मोर्चों पर मुकाबला करना पड़ रहा है।

राजनीतिक व राजनयिक रूप से पाकिस्तान मोर्चे को निष्प्रभावी करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त शरत सभरवाल ने अपनी पुस्तक 'इंडिया-पाकिस्तान कोनन्ड्रम: मैनेजिंग अ काम्प्लेक्स रिलेशनशिप' में कहा था, 'भारत की पाकिस्तान नीति गुस्से तथा राष्ट्रीय सम्मान की भ्रामक अवधारणा से पैदा हुई है और इसने लाभ के बजाय हानि अधिक की है।' यदि भारत जम्मू कश्मीर समेत अपना घर ठीक रखता है तो पाकिस्तान संकट का लाभ उठाने की स्थिति में नहीं होगा। पिछले सप्ताह माहिर अली के आलेख का शीर्षक था कि 'पाकिस्तान ने भारत से कुछ खास नहीं सीखा है, जबकि भारत ने पाकिस्तान से सबसे खराब सबक सीखे हैं।'

# स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में बढ़ते भारत के कदम

> **"पोलियो, मलेरिया, तपेदिक, चेचक, आदि जैसे उष्णकटिबंधीय, संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए भारत के प्रयासों को दुनिया ने सराहनीय रूप से देखा है।"**



**संजीव जैन**
(लेखक, एक दवा कम्पनी के प्रबंध निदेशक हैं)

स्वतंत्रता के बाद से, भारत ने अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के उत्थान के विशिष्ट उद्देश्य से कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों को संचालित किया है। पोलियो, मलेरिया, तपेदिक, चेचक, आदि जैसे उष्णकटिबंधीय, संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्र द्वारा किए गए प्रयासों को दुनिया ने सराहनीय रूप से देखा है। कोरोनावायरस के प्रकोप के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राज्यव्यापी उपायों और जन सहयोग का मिश्रण रही है। भारत, वास्तव में, स्वास्थ्य सेवा के मामले में 1947 में जहां खड़ा था, उससे बहुत आगे निकल गया है।

इन कार्यक्रमों के उल्लेखनीय उपायों में से एक मृत्यु दर या मृत्यु दर में भारी गिरावट रही है। स्वतंत्रता के बाद भारत द्वारा किए गए प्राथमिक उपायों में से एक था कई राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करना, जिसका उद्देश्य संचारी रोगों के अभिशाप को मिटाना था। 1947 में, अमेरिकन जर्नल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की रिपोर्ट के अनुसार, 330 मिलियन में से 75 मिलियन से अधिक आबादी मलेरिया से पीड़ित होने का अनुमान लगाया गया था। 1960 के दशक की शुरुआत तक, ये मामले उल्लेखनीय रूप से घटकर लगभग 100,000 हो गए और यह प्रगति स्थिर रही है।

वास्तव में, डब्ल्यूएचओ द्वारा नवीनतम विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2021 में इस तथ्य पर ध्यान दिया गया है कि दुनिया के 11 सबसे ज्यादा मलेरिया वाले देशों में से, भारत प्रगति की सूची बनाने वाला एकमात्र देश है। पोलियो और चेचक के खिलाफ भारत की सफलता की कहानियां सदियों पुरानी हैं। 1990 के दशक की शुरुआत में भी पोलियो अति-स्थानिक था, लेकिन 2014 तक हमने खुद को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया और जनवरी 2011 के बाद से कोई नया मामला सामने नहीं आया।



हम राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम भी चला रहे हैं और हैजा, तपेदिक आदि से लड़ने में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। 2022 में, हमारी शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 27.695 मृत्यु है, जो 2021 से 3.74 प्रतिशत की गिरावट है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण -5 के अनुसार, यह लगभग सभी राज्यों में गिरा है, जिसमें असम में 48 मौतों में सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई है। (प्रति 1,000 जीवित जन्म) से 32 तक। भारत ने 2030 तक 70 से कम मृत्यु / 10000 जीवित जन्मों के वैश्विक मातृ मृत्यु अनुपात लक्ष्य को भी अपनाया है। मार्च 2022 में, भारत के महापंजीयक ने घोषणा की कि इस दर में और 10 अंकों की गिरावट आई है। 2000/100,000 जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात की तुलना में, जो 1950 के दशक में घटकर 1000 हो गया, हम वास्तव में बहुत आगे आ गए हैं। इसके अलावा, भारत ने अपने नागरिकों की जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया है। 1947 में, एक भारतीय नागरिक की औसत आयु लगभग 32 वर्ष थी और आज यह 70.19 वर्ष है, जो 100 प्रतिशत से अधिक की छलांग है। यह संयुक्त राष्ट्र-विश्व जनसंख्या परिप्रेक्ष्य से भी तुलनीय है जो औसत वैश्विक जीवन प्रत्याशा 72.98 वर्ष रखता है।

आजादी के बाद से, हमने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए असंख्य प्रासंगिक नीतियों और योजनाओं का शुभारंभ देखा है। चाहे वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हो, जिसका उद्देश्य माँ और बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार करना हो, या जननी सुरक्षा योजना जो गर्भवती माताओं को आवश्यक नकद हस्तांतरण के साथ सशक्त बनाती है और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जो गर्भवती माताओं को सरकारी अस्पतालों में शून्य शुल्क पर प्रसव की सुविधा प्रदान करती है। इन सभी योजनाओं में से लगभग सभी ने भारत के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लक्षित किया है। सरकार ने पूरे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और उपलब्धता बढ़ाने के लिए हमेशा के लिए प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, और प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसी सार्थक योजनाएं शुरू की हैं। जीवन प्रत्याशा किसी राष्ट्र के मानव विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं का एक प्रमुख संकेतक है। और भारत ने स्वतंत्रता के बाद से इस सूचक को 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने के लिए सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना किया है और अत्याधुनिक तकनीक, दवाओं और उपचारों की बेहतर उपलब्धता का लाभ उठाया है।

## आप की बात

### आतंकवाद का वैश्विक जाल

**आईएस** से ट्रेनिंग पाया आतंकी भारत में फिदायीन हमले की तैयारी कर रहा था। रूस ने उसे पकड़ लिया है। आतंकी संगठनों की नूपुर शर्मा के विवादित बयान की आड़ में स्थानीय आतंकी तत्वों के सहयोग से इस बड़ी वारदात को अंजाम देने और इस तरह भारत को एक बार फिर ग्लोबल टेरर के मैप पर लाने की तैयारी थी। नूपुर शर्मा के बयान से पहले भी आतंकवादी गतिविधियां जारी थी और बयान के बाद भी जारी है और आगे भी जारी रहेगी! कुछ ही दिन पहले मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर उनके उपन्यास सैटनिक वर्सेज के लिए फतवा जारी होने के करीब डेढ़ दशक बाद अमेरिका में जानलेवा हमला हुआ, उसके मद्देनजर रूस में हुई गिरफ्तारी से खुली इस साजिश पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। कथित आतंकी से हुई पूछताछ के हवाले से बताया गया है कि हमले के लिए आवश्यक सभी जरूरी सामान उसे भारत पहुंचने के बाद ही मुहैया कराए जाने थे। स्वाभाविक ही इस सूचना ने भारतीय खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा तंत्र को सतर्क कर दिया है। क्योंकि इसमें पाकिस्तान व चीन के अलावा भी कई मुस्लिम राष्ट्र भारत में दहशत फैलाने में सहयोग करते हैं। आतंकियों के इरादे तो जग जाहिर हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा

**अभी** हम देख रहे हैं कि अक्षय उर्जा ने ग्रिड पॉवर को बढ़ाने, ऊर्जा पहुंच प्रदान करने, जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने और भारत को अपने निम्न कार्बन विकास पथ पर आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी शुरू कर दी है। यह हमारे लिए एक बहुत अच्छी बात है। भारत ने वर्ष 2030 तक गैर- जीवाश्म आधारित स्थापित विद्युत क्षमता में देश की हिस्सेदारी को 40 प्रतिशत बढ़ाने का एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित किया है एवं भारत विश्व भर में सौर आधारित अर्थव्यवस्था की स्थापना को प्रोत्साहित करने में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। बताते चलें कि यदि विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग किया जाए तो सौर ऊर्जा ऊर्जा की सबसे बहुमुखी रूपों में से एक है जो अपार संभावनाएं पैदा करती है एवं सौर ऊर्जा भारत में कृषि क्षेत्र के लिए एक गेमचेंजर साबित हो सकती है क्योंकि यह मूल्यवान जल संसाधनों की बचत करेगी और ग्रिड पर निर्भरता को कम करेगी और यहां तक कि यह किसानों के लिए राजस्व का अतिरिक्त माध्यम भी बन सकती है। इसीलिए आज के समय में कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा का एक बहुत बड़ा महत्व है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, चम्पावत

### स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की प्रगति

**आज** भारतीय उत्तम स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमने काफी अभूतपूर्व तरक्की कर ली है यही कारण है कि आज दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले सभी तरह के स्वास्थ्य संबंधी टीकों में लगभग 60 प्रतिशत टीकों का उत्पादन केवल भारत में हो रहा है। अत: कह सकते हैं कि भारत ने आज दुनिया के हर तरह के टीकाकरण अभियान में काफी उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह भी कह सकते हैं कि आज भारत देश के प्रत्येक नागरिकों को कोरोना टीका करण की दोहरी खुराक भी इसी कारण दे पा रहा है इसी तरह से देश में कोरोना महामारी के समय कोविड-19 के टीको का उत्पादन काफी बढ़ चढ़कर किया था एवं भारत सहित विश्व का भी टीकाकरण करने में उसने इसी कारण काफी योगदान भी दिया था। कह सकते हैं विश्व टीकाकरण में योगदान देना हमारे देश के डीएनए में हैं। दशकों से भारत ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय तरक्की भी की है आज दुनिया में इस्तेमाल किए जाने वाले सभी तरह के टीकों में 60 प्रतिशत केवल भारत में निर्मित हो रहे हैं। टीकाकरण के मामले में दुनिया में भारत का जो योगदान है वह अतुलनीय है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** भाजपा से संदेश मिला, आप तोड़ो व भाजपा में शामिल हो जाओ। तुम्हारे खिलाफ ईडी व सीबीआई के सारे मामले समाप्त कर दिए जाएंगे।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप मुख्यमंत्री



**जलवायु** परिवर्तन के प्रभाव देश में चारों ओर दिख रहे हैं। यदि हम कार्रवाई नहीं करते हैं तो ये अपरिवर्तनीय हो जाएंगे।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप राष्ट्रपति



**यदि** राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे कांग्रेसजनों को भारी निराशा होगी।

– **अशोक गहलौत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# यूपी की कानून-व्यवस्था देश के लिए नजीर: योगी

**● 260 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 144 आवासीय, अनावासीय भवनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में पुलिस बल को बेहतर आधारभूत सुविधाओं के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों में 260 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 144 आवासीय, अनावासीय भवनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था एक मुद्दा थी। प्रदेश की आधी आबादी ने इसी मुद्दे पर सरकार के पक्ष में वोट किया। कानून व्यवस्था बेहतर होने के चलते ही बीते वर्षों में चार लाख करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में हुआ है। अब प्रदेश में निवेशक आना चाहता है और निवेश करना चाहता है।

सीएम ने कहा कि विगत 5 वर्षों में पुलिस व्यवस्था के क्षेत्र में किये गये कार्यों का परिणाम है कि आज उप्र की कानून-व्यवस्था देश के लिए नजीर बनी हुई है। विगत 5 वर्षों में पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से बिना भेदभाव 1.62 लाख से अधिक पदों की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को प्रदेश में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। उन्होंने कहा कि हम प्रयास करेंगे तो सकारात्मक परिणाम भी हमारे पक्ष में आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की सभी बीमारू प्रदेश की थी। विकास की कोई सोच नहीं थी। कानून व्यवस्था बदतर थी। हर दूसरे तीसरे दिन बड़े दंगे होते थे। जिसके कारण लोगों के धारणाएं बहुत खराब थी। उत्तर प्रदेश के अंदर कोई भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करता था। पुलिस कर्मियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। भर्तियां नहीं हो रही थी। पीएसी की 54 कंपनियां समाप्त कर दी गई थी। महिला पीएसी की कोई व्यवस्था नहीं थी। आपदा प्रबंध के लिए कोई बल नहीं था। हमने इन कमियों को दूर किया। 162000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की। पुलिस को आधुनिक बनाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश के सभी परि क्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर लैब की स्थापना की गई है। विशेष सुरक्षा बल का गठन किया। इन्हीं सब का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों से बिना किसी विवाद के माइक का उतरना या सड़कों पर कोई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन न होना यह प्रदेश में सम्भव हुआ है। पुलिस की एक धमक जो अपराधी के मन में भय पैदा करें लेकिन एक आम नागरिक के मन में सम्मान का भाव पैदा करे, आज उत्तर प्रदेश पुलिस उस दिशा में अग्रसर हुई है। इसी मार्ग पर आगे बढ़कर उसे अपनी मंजिल को प्राप्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 मार्च 2017 को शपथ ग्रहण के पश्चात उन्होंने सर्वप्रथम गृह विभाग का ही निरीक्षण किया था जहां उन्हें दुर्व्यवस्था देखने को मिली थी। लखनऊ की रिजर्व पुलिस लाइन्स के औचक निरीक्षण में बैरकों की अव्यवस्था का संज्ञान लेते हुए लगभग 6000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस बल और गृह विभाग के लिए स्वीकृत किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के जवानों को दिन में 8 घण्टे कभी-कभी 24-24 घण्टे ड्यूटी करनी पड़ती है। लेकिन 8, 10, 12, 15, 20 घण्टे की ड्यूटी के बाद पुलिस कर्मियों को आराम करने के लिए सुरक्षित एवं साफ-सुथरा स्थान तथा अच्छा भोजन उपलब्ध कराना एक चुनौती थी। राज्य सरकार शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के पुलिस बल को बेहतरीन, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बैरक और उनके लिए आवासीय सुविधाओं को उपलब्ध कराने में सफल होगी। व्यक्ति की शिकायत को सुनकर उसका मेरिट के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाना चाहिए। विगत दिनों प्रदेश सरकार द्वारा अवैध टैक्सी स्टैण्ड तथा अवैध बस स्टैण्ड हटाये जाने के अभियान चलाये गये हैं। हमारी कार्यपद्धति किसी भी प्रकार की अवैध, अनैतिक गतिविधियों के लिए भय पैदा करने वाली होनी चाहिए। एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत साढ़े पांच वर्षों में विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल को बल प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का पहला चरण राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थापना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति का डंका विश्व में बजा है। डीजीपी देवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में इस बल की संख्या में डेढ़ लाख से अधिक की वृद्धि हुई है। यह फोर्स जनता के लिए है।

# आदिवासी महिला का सर्वोच्च पद पर आरूढ़ होना भी अन्त्योदय का शंखनाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजस्थान के** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हर परिवार को घर तथा हर गरीब को आयुष्मान योजना उज्जवला योजना, आपदा में निशुल्क आनाज का वितरण अन्योदय का ही साकार रूप है। स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ पर एक आदिवासी महिला का देश के सर्वोच्च पद पर आरूढ़ होना भी अन्त्योदय का शंखनाद है। आज सतह से लेकर शिखर तक अन्त्योदय का शंखनाद होता दिख रहा है। मिश्र बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित गोष्ठी सतह से शिखर तक अन्त्योदय का शंखनाद को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान जी वैचारिक दर्शन के अनुसार सामाजिक जागरण एवं सेवा के आधार पर उसे फलीभूत करता है। विकास के आधार को अन्त्योदय से परिभाषित किया है विकास कम में जो सबसे पीछे खड़ा है, अभावग्रस्त है, उसके पास ही विकास की किरण सबसे पहले पहुंचनी चाहिए। विकास नीचे से ऊपर की ओर अग्रसारित होना चाहिए। इस पंक्ति में न जाति है न धर्म है न आयु है न वर्ग है, ने अगड़ा है न पिछड़ा है, न अल्पसंख्यक है न बहुसंख्यक है यानि भेदभाव से मुक्त और समता से युक्त अन्त्योदय ही विकास की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय सनातन परम्परा के पोषक है उन्होंने वैदिक दर्शन के प्रवाह में एकात्म मानव दर्शन का ज्ञान दिया है जिसमें भारतीय समाज, राजनीत, अर्थनीति और राष्ट्र निर्माण के मूल तत्व सन्निहित है। दीनदयाल जी व्यस्तता के कारण अपने जीवन काल में समय के अभाव में एकात्म मानववाद के जीवन दर्शन को लोकव्यापी एवं युगानुकूल भले ही न बना पाए हो, परन्तु आज उनके सिद्धान्तों पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास आज की सरकार का मूल मंत्र है। आत्मनिर्भर भारत के लिए लोकल के लिए वोकल होकर कार्य किया जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह घोषणा चप्पल पहनने वाला भी अब हवाई जहाज में यात्रा करेगा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सिद्धात की पराकाष्ठा के स्वप्न का ही स्वरूप है। राजनीतिक ऋषि दीनदयाल उपाध्याय विचारों की राजनीति के प्रबल पक्षधर थे पर उनका मानना था कि कितना ही धुर विरोधी विचार क्यों न हो उसे सुना जाना चहिये और तर्कसंगत विश्लेषण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में दीनदयाल सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्र ने आए हुए अतिथियों, बुद्धिजीवियों एवं आगन्तुकों का स्वागत व अभिनन्दन किया।

# सीएम योगी के निर्देश पर भ्रष्टाचारी लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**● मात्र एक दिन के भीतर एसीओ ने विभिन्न जिलों में एक जेई व दो पुलिस कर्मियों सहित पांच को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भ्रष्टाचारी लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) उत्तर प्रदेश की विभिन्न ट्रैप टीमों द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार की सख्ती का नतीजा है कि 23 अगस्त को एक ही दिन में ट्रैप टीमों ने विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एक अवर अभियंता, और दो पुलिस कर्मियों सहित पांच लोकसेवकों को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया और उन्हें जेल रवाना किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा लोकसेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार ट्रैप कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है । इस क्रम में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की विभिन्न इकाइयों द्वारा बीती 23 अगस्त को मात्र एक दिन के दौरान विभिन्न विभागों में ट्रैप की सफल कार्रवाई करते हुए घूसखोरों को सींखचों के पीछे पहुंचाया गया।

# गोवंश में लम्पी रोग के नियंत्रण व रोकथाम के लिए टीम 9 गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● गो आश्रय स्थलों पर सेनेटाइजेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए: धर्मपाल सिंह**

**पशुधन एवं** दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने लम्पी रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं बचाव हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किये जाने के लिए टीम 9 का गठन करते हुए लम्पी रोग से प्रभावित 7 मण्डलों में 29 अगस्त से 3 सितम्बर 2022 तक छह दिवसीय अभियान चलाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लम्पी प्रभावित मुरादाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, बरेली तथा झांसी मण्डल में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। टीम 9 में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ. रजनीश दुबे को मुरादाबाद मण्डल की लगातार निगरानी, रोग नियंत्रण के रोकथाम के लिए मॉडल मण्डल के रूप में विकसित करने हेतु दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को सहारनपुर मण्डल, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक कुणाल सिल्कू को मुरादाबाद मण्डल, विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय को अलीगढ़ मण्डल, विशेष सचिव दुग्ध विकास राम सहाय यादव को मेरठ मण्डल, पशुपालन निदेशालय के संयुक्त निदेशक डा. अरविन्द कुमार सिंह को आगरा मण्डल, आजमगढ़ के अपर निदेशक डा. तरूण कुमार तिवारी को बरेली मण्डल तथा डा. एसपी पाण्डेय को झांसी मण्डल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। पशुधन मंत्री ने प्रभावित मण्डलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त करते हुए वैक्सीनेशन कार्य, गो आश्रय स्थलों एवं गो संरक्षण केन्द्रों के सेनेटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए हैं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहा है कि लम्पी रोग से प्रभावित मुरादाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, बरेली एवं झांसी मण्डलों हेतु नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारी अभियान के दौरान मण्डल में ही प्रवास करेंगे और प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और गोवंश की सुरक्षा, आवश्यक औषधियां, भूसा, चारा तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बीमारी की रोकथाम, बचाव की रणनीति तैयार करेंगे। पशुधन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्पी रोग नियंत्रण हेतु इस छह दिवसीय अभियान को मिशन मोड में सम्पन्न कराया जाये और लम्पी त्वचा रोग के रोकथाम के लिए कन्टेमेंट, उपचार, टीकाकरण, जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए औषधियों, उपकरणों एवं पशु आहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# आपराधिक तत्वों की संरक्षक पार्टी है सपा: मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव के आजमगढ़ जाकर रमाकांत यादव से मुलाकात करने पर सवाल उठाया है। इसके साथ ही किसी का नाम लिए बगैर जेल में बंद मुस्लिम नेताओं से अखिलेश के न मिलने पर उन्हें घेरा भी है। मायावती ने अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट करते हुए कहा कि श्समाजवादी पार्टी के प्रमुख द्वारा आजमगढ़ जेल जाकर वहां कैद पार्टी के बाहुबली विधायक रमाकान्त यादव से मिलकर उनसे सहानुभूति व्यक्त करने पर हर तरफ से तीखी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है, जो इस आम धारणा को भी प्रबल करता है कि सपा इन्हीं प्रकार के आपराधिक तत्वों की संरक्षक पार्टी है।



अपने एक अन्य ट्वीट में मायावती ने कहा है कि विभिन्न संगठनों व आम लोगों द्वारा भी सपा प्रमुख से यह सवाल पूछना क्या अनुचित है कि वे मुस्लिम नेताओं से मिलने जेल क्यों नहीं जाते हैं जबकि उनका ही आरोप है कि यूपी की बीजेपी सरकार में सपा नेताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाकर जेल में कैद रखा जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश के विकास की समीक्षा करने जुटे दुनियाभर के विद्वान

**लखनऊ।** यूपी में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिये दुनियाभर से जुटे विद्वानों ने राजधानी में गहन मंथन किया। योजना भवन के सेमिनार हॉल में आयोजित उत्तर प्रदेश विकास समीक्षा के पहले विचार-मंथन में जुटे विद्वानों ने अपने अपने विचार बेबाकी के साथ रखे। इस दौरान अर्थशास्त्री और सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ इंग्लैंड के प्रोफेसर संतोष महरोत्रा और ब्रूकिंग इंस्टीट्यूशन वाशिंगटन डीसी यूएस की डॉ शमिका रवि ने भी अपने विचार रखे। गोविंद वल्लभ पंत सोशल साइंस इंस्टीट्यूट जीबीपीएसएसआई के निदेशक प्रो बद्री नारायण ने उत्तर प्रदेश विकास समीक्षा रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रिपोर्ट लेखन के लिए रोड मैप पर भी प्रकाश डाला। विचार-मंथन सत्र का उदघाटन योजना, कार्यक्रम कार्यान्वयन और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सचिव आलोक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में विभिन्न संकेतकों पर उत्तर प्रदेश के प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट में महत्वाकांक्षी जिलों के प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला। संतोष मेहरोत्रा ने उत्तर प्रदेश में मानव विकास की स्थिति के बारे में बात की। वहीं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ शमिका रवि ने युवा बेरोजगारी, गरीबी और निजी और सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्रों की स्थिरता के बारे में बात की। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य में बेरोजगारी से निपटने के लिए स्किलिंग और स्टार्टअप समाधान हैं। प्रोफेसर प्रदीप भार्गव ने उत्तर प्रदेश के व्यापक आर्थिक आंकड़ों के बारे में बताया। शिक्षाविद प्रोफेसर अशोक पंकज ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा, इसकी उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल सार्वभौमिक और समानता के सिद्धांतों पर आधारित हैं। कुछ प्रोफेसर और शोधकर्ता ऑनलाइन शामिल हुए। प्रदेश सरकार के एसीएस एमएसएमई नवनीत सहगल ने पिछले साढ़े पांच साल में उत्तर प्रदेश सरकार की कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षो में लगभग 90 लाख एमएसएमई इकाइयों को स्थापित किया गया जिसमें करीब 4 लाख करोड़ का निवेश किया गया।

# अनशन कर रहे कृषि प्राविधिकों की पदोन्नति तत्काल की जाए: कृषि मंत्री



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विभाग तथा यूपी एग्रो के अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि प्राविधिकों की पदोन्नति के लंबित कार्य को तत्काल पूरा करने, किसानों को कृषि संबंधी उपकरण तथा जिप्सम समय पर उपलब्ध न कराने वाले यूपी एग्रो के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बुधवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनशन कर रहे कृषि प्राविधिकों की पदोन्नति के लंबित कार्य को तत्काल पूरा किया जाय। उन्होंने इस कार्य में विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। यूपी एग्रो के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से किसानों तक जिप्सम की पहुंच तथा कृषि यंत्रों की बिक्री के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी जुटाई। असंतोषजनक उत्तर मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही बरतने पर छंटनी करने, वेतन रोकने तथा निलंबित करने की भी चेतावनी दी। मंत्री ने कहा कि पशु चारे को उच्च गुणवत्ता के साथ निजी कंपनियों की भांति प्रतिस्पर्धी मूल्य पर बाजार में बेचना चाहिए। किसानों तक पहुंच रहे जिप्सम की सैंपल टेस्टिंग न होने पर भी उन्होंने सख्त नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता जांच के बाद ही जिप्सम को किसानों तक पहुंचाया जाय।

# 65 वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के लिए यूपी विधान सभा अध्यक्ष नामित

**लखनऊ।** 65वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन सीपीसी 22 से 26 अगस्त तक कनाडा के हैलिफैक्स में आयोजित किया गया है। 65वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन संसदीय प्रणाली में सुधार और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मुद्दों व संसदीय प्रणाली में प्रगति और वैश्विक राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रमंडल संसदों और विधायिकाओं के प्रतिनिधियों को एक वार्षिक मंच प्रदान करता है। 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन जो 42 राष्ट्रमंडल देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 126 राष्ट्रीय और उपराष्ट्रीय विधायिकाओं के करीब 500 राष्ट्रमंडल सांसदों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है की मेजबानी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के कनाडा के हैलिफैक्स में की जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए लोकसभा अध्यक्ष की तरफ से उत्तर प्रदेश विस के अध्यक्ष को शामिल होने के लिए नामित किया गया है।

# पुलिस महकमे में एएसपी स्तर के 31 पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य सरकार** ने पुलिस महकमे में भारी फेरबदल करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एसीपी) स्तर के 31 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें वे 18 अपर पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं जो करीब आठ माह पहले प्रोन्नत होने के बाद भी डिप्टीएसपी पद पर काम कर रहे थे। इन तबादलों से पहले बीती रात 12 अन्य एएसपी के भी स्थानांतरण किए गए थे।

पुलिस विभाग की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक जिन अपर पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण हुआ है उनमें आगरा में तैनात राजीव कुमार सिंह द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा बनाया गया है। बुलंदशहर में तैनात अलका को सीबीसीआईडी मेरठ भेजा गया है। कालू सिंह को एटा से हटाकर सोनभद्र में तैनात किया गया है। हरदोई के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल यादव को लखनऊ सीबीसीआईडी मुख्यालय में नवीन तैनाती मिली है। जितेन्द्र कुमार दुबे को जौनपुर से कासगंज, विजेन्द्र द्विवेदी को जौनपुर से कानपुर आउटर, अशोक कुमार सिंह द्वितीय को कानपुर कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। अखिलेश सिंह को लखनऊ में ही अपर पुलिस उपायुक्त का जिम्मा सौंपा गया है। लखनऊ से श्वेता श्रीवास्तव को एसआईटी लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मिर्जापुर में तैनात डॉ. अरूण कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद, डॉ. भीम कुमार गौतम को प्रयागराज से पीएसी मुख्यालय, प्रयागराज में तैनात अमिता सिंह को कानपुर कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। श्रीकांत प्रजापति को रामपुर से मिर्जापुर, धर्म सिंह को रामपुर से बिजनौर, पीयूष कुमार सिंह को सीतापुर से मेरठ, प्रवीण कुमार यादव को सीतापुर से श्रावस्ती, कृष्णकांत सरोज को सुल्तानपुर से साइबर क्राइम पश्चिमी उप्र, कृपाशंकर को उन्नाव से अपर पुलिस अधीक्षक, स्टॉफ ऑफि सर, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था के पद पर भेजा गया है। चक्रपाणि त्रिपाठी को वाराणसी नगर अपर पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) के पद से अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट भेजा गया है। इनके अलावा जनपद वाराणसी में तैनात विनय कुमार सिंह को चंदौली, चिरंजीव मुखर्जी को चंदौली से सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को मुरादाबाद से प्रतापगढ़, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह को प्रतापगढ़ से उपसेनानायक 20 वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ में नवीन तैनाती मिली है। त्रिगुण बिसेन को लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मथुरा, श्रीश्चन्द्र को मथुरा से संभल और आलोक कुमार जायसवाल को सम्भल से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है। इसी तरह कुमार रणविजय सिंह को गौतमबुद्धनगर से फि रोजाबाद, अखिलेश नारायन सिंह को फिरोजाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बाराबंकी बनाया गया है। मनोज कुमार पांडेय को बाराबंकी से कानपुर कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, विनीत भटनागर को मेरठ अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पद से उप सेनानायकए 49 वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर में नवीन तैनाती मिली है। इसके साथ ही दिनेश कुमार सिंह द्वितीय को लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के पद पर तैनात किया गया है।

# बंसल के प्रदर्शन को बनाए रखना धर्मपाल के लिए चुनौती से कम नहीं

अभिषेक रंजन। लखनऊ



**यूपी में** बतौर प्रदेश महामंत्री संगठन के रूप में सुनील बंसल ने आठ साल तक भाजपा संगठन को मजबूत किया और उसी का परिणाम रहा कि पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा ने परचम लहराया है। अब केंद्रीय नेतृत्व ने बंसल की पदोन्नति करते हुए उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बना दिया और प्रदेश महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी धर्मपाल सिंह को सौंप दी। उन्होंने बीते चार दिनों से अपना काम भी शुरू कर दिया है। पश्चिम यूपी से उन्होंने परिचयात्मक बैठकों का सिलसिला शुरू किया जो कि लखनऊ में मंगलवार को समाप्त हुआ।

धर्मपाल के सामने अब कई चुनौतियां हैं। उन्हें अपने राजनीति अनुभव के आधार पर संगठनात्मक दृष्टि से यूपी में बीजेपी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के उत्साह को बनाए रखना होगा। 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में 80 में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। 2014 और 2019 में बीजेपी ने यूपी में शानदार सफलता हासिल की थी। तब भी 80 सीट जीत पाने का सपना अधूरा रह गया था। वहीं 2024 तक सरकार के खिलाफ विपक्षी दल जो माहौल बनाएंगे उससे निपटना भी एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं पार्टी के संगठनात्मक विस्तार में जाति और क्षेत्रीय समीकरण के संतुलन को बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। पश्चिमी यूपी में सपा और आरएलडी का गठबंधन और किसानों का लगातार विरोध भी लोकसभा चुनाव में अहम मुद्दा होगा। इसके अलावा सहयोगी दल भी कहीं नाराज ना हों और इन सबके अलावा सबसे बड़ी चुनौती सरकार और संगठन के बीच सामंजस्य बनाकर रखने की होगी। अभी तक बंसल ने यूपी में संगठनात्मक रूप से भाजपा को मजबूत करने के लिए जो ढांचा खड़ा किया है, उससे लंबी लकीर खींचने में धर्मपाल को अपना विवेक और कौशल दिखाना होगा।

अभी तक सुनील बंसल उत्तर प्रदेश में प्रदेश महामंत्री के रूप में काम कर रहे थे। 2014 के पहले जब बंसल उत्तर प्रदेश में आए थे, यूपी से बीजेपी की लोकसभा में 10 सीटें हुआ करती थीं। देश में यूपीए की सरकार थी। सुनील बंसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री के रूप में काम कर रहे थे। यूथ अगेंस्ट करप्शन के नेशनल कन्वीनर के रूप में उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह का सहयोगी बनकर उत्तर प्रदेश आए थे। 2014, 2017, 2019 और फिर 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन में उनका अहम योगदान रहा था। सुनील बंसल को रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है। तेलंगाना में चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सुनील बंसल को उस राज्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पश्चिम बंगाल भी बीजेपी के लिए साख की लड़ाई बन चुका है, वहां पर सरकार बनाना पार्टी का एक बड़ा सपना है। इसलिए उस राज्य का प्रभार भी सुनील के पास ही गया है। बंगाल के साथ ओडिशा की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी वे संभालने जा रहे हैं। नए संगठन महामंत्री के रूप में धर्मपाल सिंह के लिए सबसे पहले निकाय चुनाव की परीक्षा है क्योंकि कुछ ही माह बाद यूपी में निकाय चुनाव की डुगडुगी बजेगी जिसमें भाजपा को शहरी क्षेत्रों के साथ जिलों में भी अपना प्रदर्शन पिछले निकाय चुनाव की तुलना में बेहतर करना होगा। सरकार और संगठन ने दोनों ने मिलकर अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने एक डेढ़ माह के भीतर निकायों के सीमा विस्तार और नए निकायों के गठन किया है और इन नए निकायों तथा विस्तारित निकायों में विकास कार्यों लिए विकास कार्य किए जा रहे हैं। धर्मपाल को सरकार और संगठन में समन्वय को भी संतुलित करना होगा क्योंकि जब भी समन्वय बैठक होती है उसमें सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल हो इस पर अवश्य मंथन होता है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में फिलहाल अभी तक ऐसी खबरें नहीं आई हैं लेकिन पिछले कार्यकाल पर अगर नजर दौड़ाएं तो कई बार संगठन और सरकार में समन्वय को लेकर खबरें आईं। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से लेकर संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तक ने लखनऊ में प्रवास कर विपक्षी दलों और जनता को संदेश दिया कि सब कुछ ठीक चल रहा है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लखनऊ में अपने प्रवास के दौरान राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कंधे पर हाथ रखकर उन पर भरोसा भी जताया जिसकी तस्वीरें भी सार्वजनिक हुई थी। ऐसी परिस्थितियों के बीच बंसल ने संगठन में कार्यकर्ताओं के जोश को बरकरार रखते हुए पार्टी की सत्ता में जोरदार वापसी में अहम भूमिका निभाई थी। मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में हुई बैठक से स्पष्ट हुआ कि सुनील बंसल राष्ट्रीय महामंत्री होने के नाते उनका विशेष ध्यान यूपी में होगा। वैसे तो उनके पास तेलंगाना, उड़ीसा और बंगाल का प्रभार है लेकिन उप्र में संगठनात्मक रूप से भाजपा को मजबूत बनाए रखने में उनका दखल रहेगा।

# युवा कांग्रेस के यंग इंडिया के बोल सीरीज-2 के ग्रांड फिनाले का समापन



**लखनऊ।** यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के मीडिया सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता शान खान एवं आयोजन उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय तथा निर्णायक मंडल में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं प्रवक्ता द्विजेन्द्र त्रिपाठी, केकेसी पीजी कॉलेज के प्रोफेसर विनोद चन्द्रा एवं प्रोफेसर हिलाल अहमद, प्रज्ञा सिंह, अंकित तिवारी, सैय्यद इमरान, शिवम त्रिपाठी, देवांश तिवारी, विवेक सिंह, अवनीश शुक्ला, राहुल राय शामिल रहे। कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी उप्र कृष्णा हरि सहित भारी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने आये प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व नेता विधान परिषद दल दीपक सिंह, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, महासचिव शिव पाण्डेय, दिनेश सिंह एवं संगठन सचिव अनिल यादव आदि वरिष्ठ नेताओं ने युवा प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उत्साहवर्धन किया। प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता एवं संगठन प्रभारी वर्चस्व पांडेय ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर चुके लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें विजयी तीन प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयन किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 अगस्त, 2022



## एसपी ने किया खुलासा, स्वाट, शहर कोतवाली पुलिस टीम ने विदेशी ठगों का गिरोह पकड़ा

# सीतापुर के व्यापारी से ठगी करने वाले दो नाईजीरियन गिरफ्तार

**● दो नाईजीरियन, तीन पीलीभीत, दो बरेली के ठग पकड़े गए**

संवाददाता। सीतापुर

**ऑनलाइन ठगी** करने वालों के लिए सीतापुर पुलिस का कड़ा संदेश वह कितनी ही दूर बैठ कर क्यों न ठगी कर रहे हो, चाहे वह विदेशी ही क्यों न हों, उनकी अब खैर नहीं है। सीतापुर के एक व्यापारी से पिछले दिनों हुई ऑनलाइन ठगी के मामले में आपको जानकर हैरानी होगी कि ठगी करने वाले गिरोह का संचालन विदेशी नागरिक कर रहे थे। इस गिरोह में भारत के भी अपराधी शामिल है। पुलिस ने दो विदेशी नाईजीरियन ठगो समेत उनके पांच अन्य साथियों को गिरफ्तार कर सीतापुर के व्यापारी खुशीराम अग्रवाल निवासी यूनियन बैंक ग्रीक गंज के खाते से धोखाधड़ी कर 75 हजार रूपये की ठगी करने का खुलासा कर बरामदगी भी की है। सबसे रोचक बात यह है कि ठग गिरोह का संचालन करने वाले नाईजीरियन नागरिको की भाषा को समझकर उनसे और भी कई राज उगलवाने के लिए सीतापुर पुलिस ने एक प्रोफेसर को भी हायर किया। गिरफ्तार नाईजीरियन व उनके साथियों के कब्जे से 75 हजार रूपये नगद, 12 मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, 29 सिम कार्ड बरामद हुए है। इस बात का खुलासा पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता आयोजित कर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने किया। पुलिस की गिरफ्त में ठग गिरोह का संचालन करने वाले नाईजीरियन नागरिक ओलिवर और ओसजू है। इनके साथ इनके अन्य सहयोगी अकरम, वीरेन्द्र पाल, मो. अनस निवासीगण पीलीभीत और मैनेजर व अनवर निवासीगण बरेली है। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने बताया कि ठगी का मुख्य काम नाईजीरियन नागरिक ही करते थे, इनकी भाषा को समझने के लिए सीतापुर के सेक्रेड हार्ड डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर समर्थ गुप्ता को हायर किया, ताकि उनकी भाषा को आसानी से समझा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीतापुर के व्यापारी से हुई ठगी के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह और क्षेत्राधिकारी अपराध सुजीत कुमार के पयर्वेक्षण में जनपद की स्वाट एवं शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली, व्यापारी से हुई ठगी का रूपया भी बरामद भी हुआ है, पुलिस अभी पकड़े गए ठगो के गिरोह से और भी जानकारियों जुटा रही है।






### पुलिस की इस टीम ने पायी सफलता

**ठगो के** गिरोह का भंडाफोड़ अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/क्राइम एनपी सिंह, सीओ अपराध सुजीत कुमार के पयर्वेक्षण में हुआ। दो नाईजीरियन समेत 5 अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शहर कोतवाल टीपी सिंह, प्रभारी निरीक्षक स्वाट सत्येन्द्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक उग्रसेन सिंह, प्रदीप दुबे, हेड कांस्टेबल गुरूपाल सिंह, मो. फैजान, कांस्टेबल अनुराग पांडेय, आनंद कुमार, रवि वर्मा, उमेश मिश्रा, सोहनलाल, राहुल कुमार, अंशू चौधरी, सुमित राघव, अरूण प्रकाश, प्रशान्त कुमार शामिल रहे।

# अनुदान पर किसानों को मिलेगा ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर

संवाददाता। सीतापुर

**जिला उद्यान** अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि सीतापुर में उद्यान विभाग के अधीन संचालित पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत ड्रिप, स्प्रिंकलर हेतु बागवानी एवं कृषि फसलों में 1770 हेक्टेयर के भौतिक लक्ष्यों का आवंटन किया गया है। जिसमें ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर में लघु एवं सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान व अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान और पोर्टेबुल स्प्रिंकलर एवं लार्ज वाल्यूम रेनगन हेतु लघु एवं सीमान्त कृषको को 75 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों का 65 प्रतिशत तक अनुदान देय है। ड्रिप का उपयोग बागवानी फसलों, गन्ना, सब्जियों आदि में कारगर साबित होता है, जबकि स्प्रिंकलर का प्रयोग बागवानी, कृषि फसलों, सब्जियों एवं औषधीय फसलों में कारगर साबित होता है। इन विधियों का प्रयोग करने से 70 प्रतिशत तक पानी की बचत एवं 30 प्रतिशत तक लागत में कमी आती है। उन्होंने कहा कि इच्छुक कृषक योजना का लाभ लेने के लिए उद्यान विभाग की पर आवश्यक प्रपत्रों के साथ ससमय पंजीकरण करा सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया है कि असंगठित क्षेत्र की इकाईयों की समस्याओं के समाधान को लेकर भारत सरकार ने आत्म निर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत पीएम एफएमई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद में कुल 155 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 30 प्रतिशत नई इकाई एवं 70 प्रतिशत कार्यरत इकाईयों का उन्नयन होगा। इसमें कुल लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख तक का अनुदान देय है। कोई भी व्यक्तिगत एफपीओ, स्वयं सहायता समूह इस योजना का लाभ लेने के लिए योजना की वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकता है।

## एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने पकड़े गए चोरों के गिरोह का किया खुलासा

# सीसीटीवी में कैद चोरों का गिरोह पकड़ा गया, माल बरामद

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** हो रही ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को लेकर अब चोरों की सामत आने वाली है, पुलिस चोरों की कुंडली खंगालने में जुट गई है, जहां-जहां चोरियां हुई है, उनके खुलासे पर जोर दे रही है, पिछले दिनों सदरपुर, थानगांव, बिसवां थाना इलाकों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने अनावरण करते हुए करीब दो लाख रूपयों की नगदी, तीन लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात बरामद कर अवैध शस्त्र के साथ तीन ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिनमें से एक चोर का लम्बा चौड़ा अपराधिक इतिहास भी है। दरअसल सदरपुर थाना इलाके में हुई चोरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी, जिसके जरिए पुलिस इस चोर के गैंग तक पहुंचने में सफल हुई। इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान में पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में किया। पुलिस के मुताबिक जिन चोरों को पकड़ा गया है उनमें उमेश वोट निवासी ग्राम बेंदौरा मजरा मानपुर थाना रेउसा का है, जिसके विरूद्ध 10 अपराधिक मामले बिसवां, रेउसा और सदरपुर थाने में दर्ज है। इसी का साथी गावं का रहने वाला गुड्डु सिंह पुत्र टिक्कू सिंह के विरूद्ध भी रेउसा और सदरपुर थाने में दो मामले दर्ज है। जबकि थाना रेउसा के लोनियनपुरवा मजरा मानपुर सेकरी का रहने वाला गुड्डु लोनिया के विरूद्ध भी दो मामले रेउसा और सदरपुर में दर्ज है।

पुलिस को यह सफलता अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के पयर्वेक्षण में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सदरपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व उनकी टीम को मिली। चोरी की घटनाओं का अनावरणकर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ने सदरपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, हेडकांस्टेबल अमरजीत सिंह, अमर बहादुर सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार, विशाल कुमार, बृजेश कुमार, शशिभूषण करनैल, हरिओम शामिल रहे। चोरों के पास से 2 लाख 2 हजार 400 नगद, तीन पायल, 15 बिछिया/अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, दो जोड़ी खंडुआ, एक चेन, एक अंगूठी, एक जोड़ी कान का बाला, एक नाक की नथुनी, एक बटुआ, 16 बर्तन और घटना में प्रयुक्त काले रंग की टीवीएस मोटर साइकिल, तीन अवैध तंमाचा, कारतूस आदि बरामद हुआ है।

### राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद इकाई का हुआ गठन




**सीतापुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश में सीतापुर शाखा की इकाई का पुनर्गठन किया गया है। अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी और महामंत्री शिव बरन सिंह यादव ने बताया परिषद के संयोजक दीनबंधु सिंह का गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है जिसके चलते इकाई का पुनर्गठन करना पड़ा। सिंचाई विभाग सीतापुर के जूनियर इंजीनियर शिव प्रताप यादव को संयोजक ,चकबंदी विभाग सीतापुर के लेखपाल धर्मपाल को सह संयोजक ,लोक निर्माण विभाग सीतापुर जूनियर इंजीनियर उमेश चंद्र गुप्ता को सह संयोजक और शिक्षा विभाग सीतापुर के वरिष्ठ सहायक अनुराग सिंह को सह संयोजक मनोनीत किया गया है । बुधवार को सभी नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर राम लोटन ,जाफरी सोम प्रकाश, विपिन बिहारी यादव ,अभिषेक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बिलकिस बानो के दोषियों को अगर जेल नहीं भेजा गया तो आईएमसी बैठेगी धरने पर

**बरेली।** इतेहादे मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिलकिस बानो के साथ बलात्कार जैसे मामले में दोषी 11 लोग को बाइज्जत बरी किए जाने के फैसले के खिलाफहै और पैगंबर की शान के खिलाफबोलने वाला बीजेपी का विधायक टी राजा को जल्दी रिहा कर दिया और राजस्थान के जालौर में बच्चे के टीचर ने पानी पीने को लेकर छात्र की पिटाई से मौत हो गई इन सबका आईएमसी विरोध करती है । आईएमसी पार्टी एक सप्ताह का केंद्र सरकार को नोटिस देकर बेमियादी धरने पर बैठेगी उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश सरकार से नहीं है कोई मुतालबा बल्कि हमारा मोदी सरकार के मुतालबा है कि देश की छवि खराब हो रही है इस प्रकार के 11 दोषियों को खुलेआम छोड़ देने से बिलकिस बानो को न्याय नहीं मिलेगा और देश की छवि खराब होगी उन्होंने कहा कि एक सप्ताह का हम नोटिस देते हैं यदि बिलकिस बानो के दोषियों को दोबारा जेल नही भेजा गया तो उनकी पार्टी बेमियादी धरने पर बैठेगी यह धरना भूख हड़ताल में भी तब्दील हो सकता है और अनिश्चितकालीन हड़ताल में भी तब्दील हो सकता है उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे मामले हैं जिसमें केंद्र सरकार गलत फैसले ले रही है मैं उनके गलत फैसलों का विरोध करता हूं दोषियों को बचाना और मजलूम को इंसाफना मिलना यह बड़े शर्म की बात है इसलिए मैं केंद्र सरकार को चेतावनी देता हूं कि यदि एक सप्ताह के अंदर बिलकिस बानो के दोषियों को दोबारा जेल नहीं भेजा गया तो इत्तेहाद ए मिल्लत कौंसिल बेमियादी धरने पर बैठेगी ।

### 200 पुलिसकर्मियों की क्षमता वाले 8 बैरक भवन , प्रशासनिक भवन क्राइम ब्रांच के 14 कक्षीय का सीएम ने वर्चुअल लोकार्पण किया

**बरेली।** सीएम योगी ने पुलिस विभाग के आवासीय भवनों का किया बरचुअल लोकार्पण लोकभवन से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सीएम ने किया लोकार्पण बरेली के 2 नवनिर्वित पुलिस भवनों का भी वर्चुअल लोकार्पण किया गया। जिसमे एक बहुमंजिला बैरक 200 पुलिसकर्मियों की क्षमता वाले 8 बैरक भवन रिजर्व पुलिस लाइन्स तथा प्रशासनिक भवन क्राइम ब्रांच 14 कक्षीय थाना सीबीगंज क्षेत्रान्तर्गत का सीएम के द्वारा लोकार्पण किया गया। इस दौरान बरेली के डीएम शिवाकांत द्विवेदी और बरेली एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।वही एसएसपी बरेली ने बताया कि आज बरेली में भी 200 लोगों के रहने के लिए बैरक और क्राइम ब्रांच के भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री जी के द्वारा किया गया जिसमें हम सभी लोग मौजूद रहे।

### थल सैनिक कैंप के लिए तैयार किए जा रहे हैं एनसीसी कैडेट

**बरेली ।** मनोहर भूषण इंटर कॉलेज बरेली में चल रहे 21वीं वाहिनी एनसीसी के आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को एनसीसी कैडेटों को राइफल क्लब की रेंज पर ले जाकर फायरिंग का अभ्यास कराया गया ।कैंप कमांडेंट कर्नल अमन नेगी ने बताया कि इस कैंप में बरेली, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी एवं गाजियाबाद ग्रुप मुख्यालयों की बालिका कैडेटों को थल सैनिक कैंप के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल सुधांशु दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर बरेली के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आर पी सिंह दिनांक 24 अगस्त 2022 बुधवार को कैंप का निरीक्षण करेंगे प्रभारी डॉ अंचल अहेरी ने बताया कि कैंप के दौरान कैडेटों को ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, युद्ध कौशल, बाधा दौड़, नेतृत्व विकास, योगा एवं आपदा प्रबंधन आदि का अभ्यास कराया जा रहा है कैंप में कर्नल राजेश साह, कर्नल राजीव सिंह, सूबेदार मेजर आनंद सिंह, केयरटेकर श्रद्धा गुप्ता, तृतीय अधिकारी अनिल कुमार, तृतीय अधिकारी शंभू नाथ वर्मा, सूबेदार सुनील छेत्री, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार अजय पाल, सुधीर वर्मा एवं आशीष कुमार आदि शामिल रहे ।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ

**मितौली खीरी।** हिंदू जागरण सेवा समिति द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा थाना मितौली के सामने स्थित दुधवा सती मंदिर प्रांगण में सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कर्नल मधू भदौरिया और निदेशक विजन कर्नल रणवीर सिंह भदौरिया के निर्देशन में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डा. वैदिक त्रिपाठी, डा. अनुराग पांडे, संजय गुप्त, अनीता, रीना, कोमल वर्मा, अमर सिंह, कृपाल, शहबाज, अवध किशोर, सौरभ व मोहित मिश्र द्वारा 210 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इसमें 96 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। उन्हें बस द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया और सीतापुर आंख अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों के रोगों का इलाज व ऑपरेशन मुफ्त किया जाएगा। ऑपरेशन के लिए शेष बचे मरीजों को 2 दिन बाद उन्हें ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा।

**COURT NOTICE**

In the Court of Civil Judge Sr. Division –IV at Jamshedpur
Original Money Suit No. 187 of 2019
Yusuf Imam Warsi .......................... Plaintiff
vs
Max Life Insurance Company Ltd. & Other
..... Defendants.

1. Max Life Insurance Company Ltd., Registered office, Max House, 3 rd Floor, 1 Dr. Jha Marg, Okhla, New Delhi – 110020, India.
2. Manager Claims, Max Life Insurance Company Ltd., Plot No. 90-A, Gurgram – 122015, Haryana.
3. Branch Manager, Max Life Insurance Company Ltd., Ground floor, Ram Mandir Area, At, P.O. & P.S. Bistupur, Jamshedpur- 831001, Singhbhum East.

Where as plaintiff Yusuf Imam Warsi Son of Late Md. Hassan Imam Warsi, as resident of H.No. 158, Road No. 1, Waris Colony, Zakirnager West, P.O. & P.S. Azadnagar, Mango Jamshedpur, Singhbhum East, Jharkhand has instituted the present Original Money Suit in this Court.
You are here by summoned to appear in this court in person or by pleader duly instructed and able to answer all such question on the 19 th Sept 2022 at 10:30 AM to answer the claim.
Take notice that in default on your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Give under my hand and seal of this court on this 18 th day of Aug 2022

Civil Judge Sr. Division –IV,
Jamshedpur

# रतसिया पहुंचे सीडीओ, बीएसए संग पीटीएम में की शिरकत

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में खीरी के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयोंए 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में एक दिन एक साथ अभिभावक.शिक्षक बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षक और अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर उनके शैक्षणिक स्तर व गुणात्मक सुधार की आवश्यकता पर चर्चा हुई। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पांडे ने बेहजम विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रतसिया पहुंचे जहां उन्होंने पीटीएम में प्रतिभाग किया। विद्यालय में कुल नामांकित 472 के सापेक्ष 332 बच्चे उपस्थित मिले। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में करीब 150 अभिभावक उपस्थित रहे।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक कंधे से कंधा मिलाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान देएजिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। बच्चों से गृह कार्य के विषय में बात करें और उनके कार्यों में सहयोग करें। बच्चे नियमित स्वच्छ यूनिफार्म में विद्यालय आए इस पर ध्यान दें। केवल पठन-पाठन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसा सोचना छोड़ दीजिए कि केवल निजी स्कूल में ही पढ़ाई होती है परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक योग्यताधारी और प्रशिक्षित हैंए उनको आपका सहयोग चाहिए। आप विश्वास करिए सरकारी स्कूलों पर, घर पर अपने बच्चो को थोड़ा समय दीजिए, उनकी समस्याओं से रूबरू

# भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**निराश्रित आवारा** छुट्टा गौवंशीय पशुओं को गौशाला भिजवाने के लिए अथवा उनसे किसानों को निजात मिले। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन अवध के नेताओं ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह ने तत्काल प्रभाव से पंचायत अधिकारी और ग्राम पंचायत प्रधान को अस्थाई तौर पर गौ आश्रय केन्द्र बनवाने का दिया निर्देश ।

विकास खण्ड बेहजम के गांव पैला, बिलरिया, लोहटी, खरगपुर, बम्हनाबाद व टेड़वा सहित दर्जनों गांवों के किसान छुट्टा गौवंशो से परेशान होकर आज भाकियू अवध के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला के निर्देश में संगठन के जिला संरक्षक रवि तिवारी के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी बेहजम गजेन्द्र सिंह से मिलकर अपनी पीड़ा बताते हुए एक ज्ञापन सौंप कर 6 सितंबर तक समस्या का समाधान करवाने के लिए समय दिया है।

अगर तय समय तक आवारा पशु आश्रय ग्रह न भेजे गए तो 7 सितंबर को विकास खंड परिसर में संगठन के द्वारा पंचायत लगाई जाएगी। यदि समस्या का समाधान फिर भी न हुआ तो वहीं से जिला मुख्यालय के लिए किसान कूच करेंगे व जिलाधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा रखेंगे। इस समस्या पर गंभीरतापूर्वक खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह, एडीओ आई एसबी वीरेंद्र भट्ट ने ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार और ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा को अस्थाई गौशाला बनवाने के लिए निर्देश दिया जिस पर पूरी रुपरेखा तैयार कर अस्थाई गौशाला बनवाने का काम शुरू कर दिया गया है।

किसान यूनियन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से हेमनाथ वर्मा रमेश वर्मा राजन दीक्षित सुशील दीक्षित जाहिद खान कल्लू खान सूरज बाजपेई अतुल अवस्थी प्रिंस मिश्रा झल्लर पांडे अरविंद मिश्रा व मिश्रीलाल वर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### राजद नेताओं...

शक्ति सिंह यादव ने कहा, मुझे कोई खास हैरानी नहीं हुई। मैंने कल रात ही एक ट्वीट में कहा था कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई और आईटी (आयकर) बिहार में अपने-अगले अभियान की योजना बना रहे हैं। राजद के नेता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने कहा, ईडी हो या सीबीआई, इस तरह के सभी छापे भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए मारे जाते हैं। कांग्रेस नेता असित नाथ तिवारी ने ट्वीट किया, तात्कालिक लाभ के लोभ में एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम कर रहे सीबीआई और ईडी के कुछ अधिकारी ये भूल गए हैं कि सत्ता ना तो मुसोलिनी की स्थाई रही और ना ही हिटलर की। कल जब सत्ता बदलेगी, तो इन अधिकारियों के अनैतिक कार्यों की जांच वही एजेंसी करेगी, जिसके आज ये अधिकारी हैं।

### ईडी की...

की राशि जब्त कर ली थी। एजेंसी ने कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य में विभिन्न व्यक्तियों के बयान, डिजिटल साक्ष्य और दस्तावेज शामिल हैं। इससे पता चला है कि जब्त की गई नकदी या बैंक बैलेंस वन क्षेत्र सहित साहिबगंज क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध खनन से प्राप्त हुआ है। ईडी ने कहा था कि वह इसकी जांच कर रहा है कि झारखंड में अवैध खनन कार्यों से अपराध से अर्जित 100 करोड़ रुपए किस रास्ते से आए और कहां गए।

### मुफ्त रेवड़ी...

ऐसे राजनीति दल हैं जो राज्य अथवा केन्द्र में सत्ता में नहीं हैं और इस प्रकार के वादे कर रहे हैं। पीठ ने प्रश्न किया कि भारत सरकार इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला सकती है, इस पर मेहता ने कहा कि राजनीतिक दल पहले ही न्यायालय में हैं और दावा कर रहे हैं कि ए उनका अधिकार है। तमाम दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि वह पूर्व के फैसलों को देखेगी और तीन न्यायाधीशों वाली पीठ गठित करने पर विचार करेगी।

### आप ने...

की समिति की बैठक में प्रस्ताव पास कर भाजपा द्वारा आप के विधायकों को खरीदने के कथित प्रयासों की निंदा की। यह बैठक सात विधायकों के इस दावे के बाद बुलाई गई थी कि भाजपा की ओर से उन्हें पाला बदलने के लिए 20-20 करोड़ का लालच दिया गया है अन्यथा सीबीआई और ईडी के जरिए झूठे मामलों में फंसाने की बात कही गई है। संजय सिंह ने बताया कि पीएसी द्वारा पारित प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि उन्हें अन्य दलों की सरकारें गिराने का प्रयास करने की जगह लोगों की समस्याएं सुलझाने पर समय देना चाहिए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में पार्टी प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि हम लोगों को आश्वासन देना चाहते हैं कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार स्थिर है। हमारा कोई विधायक दल-बदल कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं होने वाला है। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि उनके कुछ विधायक उनके पास आए और कहा कि भाजपा की ओर से उन्हें पार्टी तोड़ने के लिए धमकाया जा रहा है और इसके लिए रिश्वत की पेशकश भी की गई है। यह बहुत गंभीर मामला है।

### पंजाब चुनाव...

कि इसलिए इससे संबंधित फाइल पर वह (केजरीवाल) हस्ताक्षर नहीं करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेषज्ञ समिति ने आबकारी नीति में शराब की थोक बिक्री का काम निजी हाथों में न देने के बजाय सरकार के ही हाथों में रखे जाने की सिफारिश की थी ताकि उसके राजस्व में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि शराब की खुदरा ब्रिकी का काम बड़ी कंपनियों को न देकर लॉटरी प्रणाली के माध्यम से व्यक्ति विशेष को दिया जाए।

### नीतीश सरकार...

लोजपा नेता चिराग पासवान बागी बन गए थे तथा पूर्व सहयोगी आरसीपी सिंह के जरिए जदयू में विभाजन कराने का प्रयास किया गया। कुमार ने कहा कि उनकी कोई ' व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं' है। उन्होंने भाजपा के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें पार्टी ने आरोप लगाया है कि उनका लक्ष्य विपक्षी खेमे की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की है। बहरहाल उन्होंने पूरे देश में नेताओं से हुई बातचीत तथा उनसे 2024 लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट रहने की अपनी अपील का उल्लेख किया। जदयू नेता ने भाजपा के साथ अपने पुराने रिश्तों का उल्लेख किया तथा अटल बिहारी वाजपेयी, एलके आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के युग की आज के नेतृत्व से तुलना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बगैर नाम लिए उन्होंने कहा ' वर्तमान सरकार करती कम है प्रचार-प्रसार ज्यादा करती है।' भाजपा विधायकों ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने कहा ' मेरे खिलाफ बोलिये। हो सकता है कि इससे आपको आपके राजनीतिक आकाओं द्वारा कुछ पुरस्कार मिल जाए।

### मोदी पूर्व...

जापान और दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने में समर्पित कर दिया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा था कि मेरे प्रिय मित्रों में शुमार शिंजो आबे के दुखद निधन से मैं हैरान और दुखी हूं और इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह एक शीर्ष वैश्विक राजनेता, एक उत्कृष्ट नेता और एक अद्भुत प्रशासक थे। उन्होंने जापान और विश्व को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। खबर के अनुसार, जापान और भारत आठ सितंबर को टोक्यो में अपने विदेश और रक्षा मंत्रियों की टू-प्लस-टू सुरक्षा वार्ता का दूसरा दौर आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवाएं...

उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जहां इलाज एक सेवा है और आरोग्य एक दान है। जहां आरोग्य और आध्यात्म, दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों द्वारा शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन की व्यवस्था एक तरह से पुराने समय का सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल है, लेकिन वह इसे परस्पर प्रयास के तौर पर भी देखते हैं। उन्होंने कहा कि अमृता अस्पताल का ये प्रकल्प देश की दूसरे सभी संस्थाओं के लिए एक आदर्श बनेगा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद अम्मा के नाम से प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमई देवी को मोदी ने झुककर प्रणाम किया तो उन्होंने उनपर गुलाब के फूल बरसाए। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय मंत्री व फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल गुर्जर, माता अमृतानंदमई देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खट्टर ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक अस्पताल का उद्घाटन नहीं है बल्कि गरीबों की सेवा के लिए किए जाने वाला यज्ञ है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल का प्रबंधन माता अमृतानन्दमई मठ द्वारा किया जाएगा। दिल्ली-मथुरा रोड पर फरीदाबाद के सेक्टर 88 स्थित इस अस्पताल में शुरुआत में 500 बेड की व्यवस्था रहेगी और अगले पांच वर्षों में इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक पूरी तरह तैयार होने के बाद यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और देश के सबसे बड़े निजी अस्पतालों में शुमार हो जाएगा। इसमें शोध के लिए समर्पित एक सात मंजिला ब्लॉक भी होगा।

### गुमनाम स्वतंत्रता...

देखेंगे और जल्द ही यह सभी का पसंदीदा गेम्स बन जाएगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा और जिंगा इंडिया के कंट्री हेड किशोर किचली भी इस अवसर पर मौजूद थे। मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत गेमिंग के क्षेत्र में उभरते हुए शीर्ष पांच देशों में स्थान बना लिया है। वर्ष 2021 में गेमिंग सेक्टर में 28 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। वर्ष 2020-21 में ऑनलाइन 8 फीसदी गेमर्स की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि वर्ष 2023 गेमर्स की संख्या गेमर्स की संख्या 45 करोड़ पहुंच जाएगी। आजादी क्वेस्ट गेम्स भारत के लोगों के लिए एंड्रायड और आईओएस डिवाइस के लिए अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध हैं और दूसरे देशों के लिए यह सितंबर 2022 से उपलब्ध होगा। ऑनलाइन गेमिंग कंपनी जिंगा इंडिया वर्ष 2010 में बेंगलुरू में स्थापना हुई थी।

### अरुणाचल जदयू....

जद (यू) के छह विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। विपक्षी दल कांग्रेस और भाजपा की सहयोगी पार्टी एनपीपी के विधानसभा में चार-चार विधायक हैं, जबकि तीन विधायक निर्दलीय हैं, जो सत्तारूढ़ दल को समर्थन दे रहे हैं।

**जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, इरोड, तमिलनाडु के समक्ष**

सी.सी. सं. 48/2018 में एम.ए. सं. 24/2022

डी. सुधा याचिकादाता/वादकर्ता बनाम

1. मैसर्स अपोलो म्यूनिख हेल्थ इंश्योरैंस कम्पनी लिमिटेड
इसके महाप्रबंधक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत
पंजीकृत मुख्य कार्यालय, सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर,
द्वितीय एवं तृतीय तल, आईएलएबीएस सेंटर, प्लॉट नंबर 404-405,
उद्योग विहार, फेज-3, गुरूग्राम, हरियाणा-122016
और अन्य ..........प्रतिवादीगण/-प्रतिवादीगण

**प्रथम प्रतिवादी को जारी प्रकाशन सूचना**

वादकर्ता (डी. सुधा) द्वारा सी.सी. सं. 48/2018 में प्रतिवादीगण (1) मैसर्स अपोलो म्यूनिख हेल्थ इंश्योरैंस कम्पनी लिमिटेड, हरियाणा तथा दूसरे प्रतिवादी शाखा कार्यालय, इरोड के विरूद्ध उपभोक्ता वाद माननीय इरोड जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, तमिलनाडु के समक्ष प्रस्तुत किया गया है और वादकर्ता ने उक्त उपभोक्ता वाद के लम्बन के दौरान प्रतिवादीगण के स्वामित्व परिवर्तन हेतु संशोधन आवेदन प्रस्तुत किया है और उसको एम.ए. सं. 24/2022 दिनांकित 24-06-2022 क्रमांक दिया गया है। दिनांक 27-07-2022 को माननीय आयोग ने प्रथम प्रतिवादी को प्रकाशन सूचना जारी करने का आदेश दिया है। अतएव मैं इस माननीय आयोग की संचिका पर उपरोक्त सी.सी. सं. 48/2018 में वादकर्ता के पक्ष में प्रथम प्रतिवादी को प्रकाशन सूचना जारी कर रहा हूं। अतएव कि उपरोक्त उपभोक्ता वाद में इस माननीय जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जिला इरोड, इरोड, तमिलनाडु के समक्ष आपकी व्यक्तिशः अथवा आपके काउन्सिल के माध्यम से पेशी के लिए तिथि 30-08-2022 पूर्वा. 10.00 बजे नियत की गई है, जिसमें असफल रहने पर आपके विरूद्ध आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

याचिकादाता/वादकर्ता हेतु अधिवक्ता : सी. विष्णुवर्द्धनन, बी.ए., बी.एल.,
अधिवक्ता, नामांकन सं. 264/2000,
नंबर 104, प्रथम तल, प्रभनाथ टावर्स, नंबर 76/1, पेरून्दुराई मेन रोड, इरोड,
टी.एन. - 638 011. सेल नंबर 9894101312

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) स्थित गोरापड़ाव जिला नैनीताल पिन-263139
Email Id: eeujslku@gmail.com

पत्रांक : 912/ई-निविदा/33 दिनांक : 24.08.2022

**ई-निविदा निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृति की प्रत्याशा में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ई-निविदा (टू-बिड सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना www.uktenders.gov.in पर दिनाँक 29.08.2022 समय 17:00 बजे से उपलब्ध होगी

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत**

| क्र.सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 71/JJM/2022-23 | हल्दूचौड़ दौलिया बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 2. | 72/JJM/2022-23 | बमेठाबंगर खीमा एकल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

(ई. नन्द किशोर)
अधिशासी अभियन्ता

# राजनाथ ने आतंकवाद से एकजुट होकर लड़ने का एससीओ से किया आह्वान

भाषा। नई दिल्ली



ताशकंत में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने बुधवार को ताशकंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में कहा कि सीमापार आतंकवाद समेत किसी भी तरह की दहशतगर्दी मानवता के खिलाफ अपराध है और इससे एकजुट होकर निपटना होगा। सिंह ने अपने संबोधन में सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्थिर बनाने के भारत के संकल्प को भी दोहराया। उन्होंने कहा, आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। भारत सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्थिर बनाने के अपने संकल्प को दोहराता है।

सिंह ने कहा, हम एससीओ के सदस्य देशों के साथ संयुक्त संस्थागत क्षमताओं को विकसित करना चाहते हैं, जो प्रत्एक देश की संवेदनाओं का सम्मान करते हुए लोगों, समाजों एवं देशों के बीच सहयोग की भावना का सृजन करे। उन्होंने कहा कि किसी के भी द्वारा और किसी भी मकसद से सीमापार आतंकवाद समेत किसी भी तरह की दहशतगर्दी मानवता के विरुद्ध अपराध है। माना जा रहा है कि बयान में परोक्ष रूप से पाकिस्तान का संदर्भ था। चीन और पाकिस्तान भी एससीओ के सदस्य राष्ट्र हैं।

रक्षा मंत्री ने एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्थिर अफगानिस्तान के लिए भी भारत का पूरा समर्थन व्यक्त किया, वहीं उसकी संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता, राष्ट्रीय एकता का सम्मान करने तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सभी पक्षों से अनुरोध किया कि अफगानिस्तान में अधिकारियों को संवाद एवं बातचीत के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सुलह का वातावरण बनाना चाहिए और देश में व्यापक, समावेशी तथा प्रतिनिधित्व वाले राजनीतिक ढांचे की स्थापना करनी चाहिए। सिंह ने इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के महत्वों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को सुरक्षित पनाह एवं प्रशिक्षण देकर और वित्तीय मदद के जरिए उनकी गतिविधियों का समर्थन करके किसी देश को धमकाने या उस पर हमले के लिए अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

सिंह ने अफगानिस्तान की जनता को तत्काल मानवीय सहायता मुहैया कराने और उनके मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करने की भी आवश्यकता बताई। यूक्रेन के हालात पर भारत की ओर से चिंता व्यक्त करते हुए सिंह ने कहा कि नई दिल्ली संकट के समाधान के लिए रूस एवं यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन करती है। रूस के रक्षा मंत्री सर्जेई शोइगु के साथ बातचीत में सिंह ने भारत में हमलों की साजिश रचने वाले एक आतंकवादी को मॉस्को में गिरफ्तार किए जाने के लिए शुक्रिया अदा किया। एससीओ के आठ सदस्य देशों में भारत, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिज गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## आईएस आतंकी की गिरफ्तारी पर रूस को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी अधिकारियों द्वारा आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक कथित सदस्य को हिरासत में लिए जाने को लेकर बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु को धन्यवाद दिया। यह आतंकवादी भारत में सत्तारूढ़ दल के एक प्रमुख भारतीय राजनेता को निशाना बनाने की साजिश रच रहा था। सिंह ने ताशकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शोइगु से हुई मुलाकात के दौरान रूस को धन्यवाद दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ बातचीत के दौरान राजनाथ सिंह ने भारत में हमलों की साजिश रच रहे एक आतंकवादी को मॉस्को में गिरफ्तार किए जाने की सराहना की और धन्यवाद दिया। रूस की संघीय सुरक्षा एजेंसी (एफएसबी) ने सोमवार को कहा था कि उसने एक मध्य एशियाई देश के रहने वाले इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी को पकड़ा है, जिसने पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर शीर्ष भारतीय नेतृत्व के एक सदस्य पर आत्मघाती हमले की साजिश को अंजाम देने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया था। एफएसबी ने कहा कि प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट के एक सरगना ने इस साल अप्रैल से जून के बीच तुर्की में प्रवास के दौरान एक विदेशी नागरिक को आत्मघाती हमलावर के तौर पर समूह में भर्ती किया था। एफएसबी ने कहा, संघीय सुरक्षा एजेंसी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट के सदस्य की रूस में पहचान की और उसे पकड़ लिया। हिरासत में लिया गया शख्स मध्य एशिया के एक देश का नागरिक है और उसने भारत के सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेतृत्व में शामिल एक सदस्य पर आत्मघाती हमला करने की साजिश रची थी। एफएसबी के सेंटर फॉर पब्लिक रिलेशंस (सीपीआर) ने बताया कि सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के जरिए और तुर्की इस्तांबुल में आईएस के एक प्रतिनिधि के साथ व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान उसके दिमाग में संगठन की विचारधारा को भरा गया। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास ने खबर दी थी कि एफएसबी के अनुसार आतंकवादी ने आईएसआईएस के अमीर (प्रमुख) के प्रति निष्ठा की शपथ ली, जिसके बाद उसे रूस जाने और जरूरी दस्तावेज़ हासिल करने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि वह भारत जा सके और इस आतंकवादी कृत्य को अंजाम दे सके।

## आजाद कश्मीर टिप्पणी मामले में केरल के नेता जलील के खिलाफ मामला दर्ज

**पथनमथिट्टा (केरल)।** केरल उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के बाद जम्मू कश्मीर तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर दिए गए विवादास्पद बयान के लिए पूर्व मंत्री और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक के. टी. जलील के विरुद्ध यहां एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, जलील (55) पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए) (विभिन्न समुदायों के बीच धर्म, नस्ल आदि के आधार पर शत्रुता पैदा करना और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले कृत्य करना) और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पथनमथिट्टा जिले में तिरुवल्ला में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने कीझवैपुर पुलिस थाने के प्रभारी को मामला दर्ज कर जलील के विरुद्ध जांच करने का निर्देश दिया था। जलील ने घाटी के दौरे पर 12 अगस्त को फेसबुक पोस्ट में लिखा था, पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के जिस इलाके पर कब्जा किया गया है उसे आजाद कश्मीर कहा जाता है और यह वह क्षेत्र है जिस पर पाकिस्तान की सरकार का सीधा नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा था कि भारत अधीन जम्म्मू कश्मीर में जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्र आते हैं। जलील ने बाद में अपनी पोस्ट हटा ली थी। उनके इस पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समेत विभिन्न लोगों द्वारा आपत्ति की गई थी।



मोहाली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होमी भाभा कैंसर अस्पताल एण्ड रिसर्च सेन्टर का किया उद्घाटन।

## विधान भवन परिसर मे शिंदे गुट व विपक्षी विधायकों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का समर्थन कर रहे शिवसेना विधायकों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)विधायकों ने मुंबई में विधान भवन परिसर में बुधवार को एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन की सरकार पर तंज कसने के लिए गाजर लेकर विधानसभा की सीढ़ियों पर आए थे। शिंदे गुट के विधायकों ने राकांपा विधायकों से गाजर छीनने की कोशिश की जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए।

शिवसेना विधायक (शिंदे गुट) महेश शिंदे और राकांपा के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमोल मित्कारी विधानसभा की सीढ़ियों पर एक तरह से मारपीट करने की मुद्रा में आ गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों के कुछ विधायकों ने बीच-बचाव कर तनाव को शांत किया। इससे पहले सत्तारूढ़ भाजपा और शिंदे गुट के विधायकों ने विधान भवन परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

सत्तारूढ़ पक्ष के विधायक बैनर लिए हुए थे जिनमें बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में भ्रष्टाचार और उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व से कथित समझौता करने के आरोप लगाते संदेश लिखे गए थे। कुछ बैनरों पर लिखा था, राजा कोविड-19 के डर से घर में जबकि युवराज के दोस्तों ने खजाने को लूट लिया। ठाकरे समर्थित बीएमसी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधायक नारा लगा रहे थे, स्थाई समिति छी खोके...मातोश्री ओके।

मातोश्री मुंबई के उपनगर बांद्रा में ठाकरे का निवास है। स्थाई समिति बीएमसी की शासी निकाय है, जिसके चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री शिंदे गुट के विधायक भारत गोगवाले ने संवाददाताओं से कहा कि जब वे प्रदर्शन कर रहे थे तब विपक्षी विधायकों और पार्षदों को नजदीक नहीं आना चाहिए था। उन्होंने कहा, विपक्षी सदस्यों ने पहले बहस शुरू की। जब वे इन दिनों प्रदर्शन कर रहे थे तब हमने हस्तक्षेप नहीं किया था।

दोनों पक्षों के सदस्यों ने कुछ और देर तक एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और इसके बाद सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने चले गए। राज्य विधानसभा का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को संपन्न होगा। शिंदे और शिवसेना के 39 विधायकों ने जून में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसके बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना, राकांपा व कांग्रेस की महा विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री पद की और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## तृणमूल कांग्रेस ने अपने त्रिपुरा अध्यक्ष सुबल भौमिक को पद से हटाया

**अगरतला।** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को अपनी त्रिपुरा इकाई के अध्यक्ष सुबल भौमिक को उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच पद से हटा दिया। भौमिक सोनामुरा से विधायक रह चुके हैं और पिछले साल जुलाई में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर तृणमूल में आए थे। तृणमूल कांग्रेस ने कहा, इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से घोषणा की जाती है कि सुबल भौमिक को त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि राज्य समिति, युवा समिति, राज्य महिला समिति और अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के सभी सदस्य पद पर बने रहेंगे। भौमिक ने पिछले कुछ दिनों से पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बना कर रखी है। तृणमूल ने कहा है कि जब तक त्रिपुरा इकाई के नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक पश्चिम बंगाल सरकार के पूर्व मंत्री और त्रिपुरा के लिए पार्टी के प्रभारी राजीव बनर्जी तथा राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव त्रिपुरा का कामकाज देखेंगे। भौमिक को अप्रैल में तृणमूल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वह 28 अगस्त को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के दौरे के दौरान भाजपा में शामिल हो सकते हैं।



अहमदाबाद में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपालन प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

## आखिरी क्षण तक प्रयास करेंगे कि राहुल अध्यक्ष पद संभाल लें: अशोक गहलोत

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस अध्यक्ष** पद के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखे जा रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि अखिरी क्षण तक प्रयास किया जाएगा कि राहुल गांधी एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालें। उन्होंने यहां राजस्थान सरकार के इनवेस्टर सम्मिट से जुड़े कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हम आखिरी क्षण तक राहुल गांधी जी को कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस कार्य समिति की 28 अगस्त को बैठक हो रही है। हम चाहेंगे कि वह अध्यक्ष बनें।

गहलोत ने कहा, अगर राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो कई लोग निराश हो जाएंगे और घर बैठक जाएंगे। उन्होंने कहा कि आखिरी क्षण तक राहुल गांधी को मनाने का प्रयास किया जाएगा। गहलोत ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब एक दिन पहले मंगलवार को उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के संदर्भ में चर्चा हुई है।

यह पूछे जाने पर कि क्या यह निर्णय हुआ है कि कांग्रेस का नया अध्यक्ष गांधी परिवार से बाहर का होगा तब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस में किसी ने आपको (मीडिया को) यह बताया है क्या ? जब तक आधिकारिक रूप से कोई फैसला नहीं हो जाता, तब तक आप या मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। अध्यक्ष पद पर उनकी दावेदारी की संभावना से जुड़े सवाल पर गहलोत ने कहा, यह बहुत लंबे अरसे से मीडिया में चल रहा है। फैसला क्या होगा, क्या नहीं होगा, किसी को मालूम नहीं है।

सोनिया गांधी के साथ मुलाकात के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सोनिया गांधी चिकित्सा जांच के लिए विदेश गई हैं। हमने शिष्टाचारवश मुलाकात की थी। मैं और वेणुगोपाल जी गुजरात जा रहे थे तो गुजरात के लिए हमने उनसे आशीर्वाद भी लिया।

उनका यह भी कहना था, मुझे दो जिम्मेदारियां दी गई हैं। एक तो गुजरात के लिए मुझे वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है, वह मैं निभाता रहूंगा। (राजस्थान के) मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे भी मैं निभाता रहूंगा। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार एक बार फिर से कैसे बने, यह मेरा प्रयास रहेगा। यही मेरे दो काम रहेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मिलेंगे तो गहलोत ने कहा, वह सोनिया गांधी के साथ बाहर गए हैं। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी चिकित्सा जांच के लिए विदेश गई हैं।

## भाजपा से निपटने के लिए धर्मनिरपेक्ष ताकतों के बड़े गुट की जरूरत: एचुरी

**अगरतला।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम एचुरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से पेश चुनौतियों से निपटने के लिए धर्मनिरपेक्ष ताकतों का एक बड़ा गुट बनाने की आवश्यकता है। एचुरी ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि संविधान की भावना को नष्ट करके देश में फासीवादी हिन्दुत्व थोपने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय लोकतंत्र के चार मुख्य स्तंभ-धर्मनिरपेक्षता, आर्थिक संप्रभुता, सामाजिक न्याय और संघवाद दांव पर हैं। सरकार जवाबदेह नहीं है क्योंकि संसद ने ठीक से काम करना बंद कर दिया है।

एचुरी ने दावा किया कि अगर भाजपा को सत्ता से उखाड़ नहीं फेंका गया तो संविधान को नहीं बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा, माकपा और अन्य वाम दलों की ताकत को एकजुट करने के साथ ही सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतों को साथ लाने की जरूरत है ताकि उन चुनौतियों से निपटा जा सके जो आज देश के समक्ष हैं....। भाजपा पर निशाना साधते हुए एचुरी ने कहा कि केन्द्र सरकार धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणतंत्र की भावना को नष्ट करने का प्रयास कर रही है, जो भारतीय संविधान का आधार है।

केन्द्र में सत्तारूढ़ दल चुनाव में चाहे जीते या हारे, सरकार बनाना जारी रख रहा है। माकपा नेता के अनुसार, चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आयोजित नहीं हो रहे हैं। भाजपा हार के बाद भी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में सरकार बनाने में सफल रही। गुजरात के बहुचर्चित बिल्कीस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए 11 दोषियों के रिहा होने पर उन्होंने कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार की सिफारिश पर उन्हें रिहा किया गया। एचुरी ने कहा, ए अच्छा है कि उच्चतम न्यायालय मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य माणिक सरकार तथा पार्टी के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## मेरी बहन सोनाली फोगाट की हत्या की गई है: रिंकू ढाका

**पणजी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट के भाई ने गोवा पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें दावा किया गया है कि उनकी बहन की हत्या उनके दो सहयोगियों ने की है। फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने आरोप लगाया कि मौत से कुछ समय पहले सोनाली फोगाट ने अपनी मां, बहन और एक अन्य रिश्तेदार से बात की थी और इस दौरान वह परेशान थी और उन्होंने अपने दो सहयोगियों के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में उनके फार्महाउस से सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप और अन्य महत्वपूर्ण चीजें उनकी मौत के बाद गायब हो गई हैं।

हरियाणा में हिसार से भाजपा नेता फोगाट (42) का मंगलवार को गोवा में निधन हो गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया था कि आशंका है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। अंजुना पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। फोगाट के परिजन मंगलवार की रात गोवा पहुंचे।

ढाका ने गोवा में अंजुना पुलिस में दायर अपनी शिकायत में दावा किया कि फोगाट के दो सहयोगियों ने गोवा में उनकी हत्या कर दी। ढाका ने अंजुना पुलिस थाने के बाहर पत्रकारों से कहा, (फोगाट के अपनी मां से बात करने के बाद), हमने उन्हें उनसे दूर रहने और अगले दिन हिसार लौटने के लिए कहा था। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया है।

उन्होंने कहा, अगर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, तो हम गोवा में पोस्टमॉर्टम नहीं करने देंगे। ढाका ने कहा कि परिवार के सदस्य दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) या जयपुर में एम्स में पोस्टमॉर्टम कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वह पिछले 15 वर्षों से भाजपा की नेता थीं। हम प्रधानमंत्री से भी अपील करेंगे कि उन्हें न्याय दिलाने में हमारी मदद करें।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा पर प्रेरक शिविर का समापन

- बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग
- आकर्षण का केंद्र रही सचल विज्ञान प्रदर्शनी

**पुरवा।** एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा, उन्नाव में इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (आईएमएएस) लखनऊ तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा हेतु चल रहे मोटिवेशनल कैंप का तीसरे दिन सफलता पूर्वक समापन हो गया। अंतिम दिन विद्यार्थियों के बीच आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ की मोबाइल सांइस एग्जिबिशन आकर्षण का केंद्र रही। इसमें बच्चों को साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर फिल्म दिखाई गई तथा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। साथ ही वायु दबाव, गुरुत्वाकर्षण तथा चमत्कारों के पीछे छिपे विज्ञान पर भी बच्चों को रोचक ढंग से जानकारी दी गई। जिसमें शिक्षा अधिकारी शोएब उस्मानी, माता प्रसाद और प्रेमचंद तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज पुरवा की प्रधानाचार्या शुभ्रा सिंह थीं। प्रबंधक रमेश चंद्र गुप्त, प्रधानाचार्य डॉ. दिलीप कुमार सिंह, विज्ञान समन्वयक अवध किशोर, सहायक समन्वयक अल्पना मौर्य, शिक्षक साथी सुरजन सिंह, कुलदीप कुमार, कुलदीप कमल , शेर बहादुर सिंह ,राजेश कुमार, पीयूष तिवारी, अशोक कुमार गुप्ता, लालू, जयदीप बाजपेई, मृदुल बाजपेई, राजेन्द्र सिंह, रूलेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, लिपिक कर्मचारी,अमितकुमार मिश्रा, राधेश्याम, ओमप्रकाश, विनोद, कुलदीप, पुत्तन, चंदन आदि का तीन दिवसीय कार्यक्रम में सहयोग रहा। इसमें करीब दो हजार विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इससे पहले द्वितीय दिवस में प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में रंग-बिरंगे पोस्टर एवं मॉडल बनाकर रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में पधारे अकबरपुर महाविद्यालय कानपुर देहात के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विज्ञान संचारक डॉ. विकास मिश्रा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, भारत सरकार के वरिष्ठ वैज्ञानिक सुजीत बनर्जी के कुशल मार्गदर्शन में अयोजित किया जा रहा है।



अमृतसर में गणेश चतुर्थी पर्व के लिए भगवान गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देता हुआ कलाकार।

# समर्थकों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री नजीब को शाही माफी देने की मांग की

**भाषा।** कुआलालंपुर



**मलेशिया** के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को शाही माफी दिए जाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में उनके समर्थक बुधवार को राष्ट्रीय महल के बाहर एकत्र हुए। वहीं, दूसरी तरफ नजीब के विरोधियों ने राजा से ऐसा नहीं करने की अपील के साथ एक ऑनलाइन याचिका की शुरुआत की। मलेशिया की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को। एमडीबी सरकारी निधि की लूट से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक (69) की दोषसिद्धि तथा उन्हें सुनाई गई 12 साल की जेल की सजा बरकरार रखी थी। इसके साथ ही वह देश के पहले पूर्व प्रधानमंत्री हैं जो जेल गए हैं।

बुधवार को पुलिस की निगरानी में नजीब के करीब 300 समर्थक कुछ देर के लिए राष्ट्रीय महल के बाहर एकत्र हुए और इस दौरान अधिकतर ने काले कपड़े पहने हुए थे। बाद में समर्थकों के प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपकर महल से नजीब को माफी दिए जाने का अनुरोध किया।

संसद के अध्यक्ष अजहर ए. हारून ने बुधवार को कथित तौर पर कहा कि नजीब को 14 दिनों के भीतर शाही माफी के लिए आवेदन करना होगा या संसद में अपनी सीट गंवानी होगी। हालांकि, नजीब के खेमे से कोई बयान सामने नहीं आया कि क्या वह शाही माफी मांगेंगे या नहीं? इस बीच, चुनावी निगरानी करने वाले संगठन बेरशिह ने बुधवार को ऑनलाइन याचिका की शुरुआत कर राजा से अपील की कि वह नजीब को अपनी सजा काटने दें क्योंकि उन्हें अदालत में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया गया था। अब तक इस याचिका पर 30,000 से अधिक लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं।

# अमेरिका यूक्रेन को दे सकता है तीन अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन बुधवार को यूक्रेन की सेनाओं को लगभग तीन अरब डॉलर की अतिरिक्त सहायता जारी करने की घोषणा कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि आने वाले सालों में यूक्रेन के सैनिकों को लड़ाई के लिए प्रशिक्षित करने के वास्ते यह राशि जारी की जा सकती है। अधिकारियों ने कहा कि इस पैकेज को तीन प्रकार के ड्रोन तथा अन्य हथियार और उपकरणों के अनुबंधों पर खर्च किया जा सकेगा जिनका इस्तेमाल संभवत: साल दो साल बाद होने की उम्मीद है।

यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के तहत दिए जा रहे पैकेज की कुल राशि में थोड़ा बदलाव हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इसमें छोटे, हाथ से चलाए जा सकने वाले प्यूमा ड्रोन, लंबी दूरी के स्कैन ईगल निगरानी ड्रोन और पोत से छोड़े जा सकने वाले ब्रिटिश वैम्पायर ड्रोन प्रणाली खरीदने के लिए धन दिया जाएगा। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाले इस आर्थिक सहायता के बारे में सार्वजनिक रूप से सूचना जारी होने से पहले कई अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और ऐसे में अमेरिकी सुरक्षा सहायता एक लंबी अवधि के अभियान में तब्दील हो रही है जिसकेतहत भविष्य में यूरोप में अधिक अमेरिकी सैन्य सैनिकों को भी रखा जाएगा। बुधवार को यूक्रेन में, उसके स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अवकाश है और बुधवार को ही उस पर रूसी हमले शुरू होने के छह माह पूरे हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर पिछले पैकेजों के विपरीत, नए वित्त पोषण का उद्देश्य यूक्रेन को उसकी मध्यम से दीर्घकालिक रक्षा व्यवस्था को सुरक्षित रखने में बड़े पैमाने पर मदद करना है।




बर्मिंघम में कंजरवेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक अपने समर्थकों साथ।

## जॉनसन ने सूरजमुखी से कार्यालय को सजाकर यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाई

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए वहां के राष्ट्रीय पुष्प सूरजमुखी से मंगलवार को अपने डाउनिंग स्ट्रीट कार्यालय के द्वार को सजाया। यूक्रेन का स्वतंत्रता दिवस बुधवार को है और इसके उपलक्ष्य में जॉनसन ने पूर्वी यूरोप के इस देश के साथ एकजुटता दिखाने का निर्णय लिया। यूक्रेन पर रूस के हमले के छह महीने पूरे हो रहे हैं जो 24 फरवरी को शुरू हुआ था। जॉनसन ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, हम क्रीमिया या यूक्रेन के किसी अन्य क्षेत्र पर रूस के कब्जे को कभी मान्यता नहीं देंगे। रूस ने 2014 में क्रीमिया पर आक्रमण कर उसे अपने कब्जे में ले लिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, (रूस के राष्ट्रपति) व्लादिमीर पुतिन के हमले के मद्देनजर हम अपने मित्र राष्ट्र यूक्रेन को सभी प्रकार की सैन्य, मानवीय, आर्थिक और कूटनीतिक सहायता देना जारी रखेंगे।

# अपने घर में पार्टी के बाद जारी विवादास्पद तस्वीर को लेकर फिनलैंड की पीएम ने खेद जताया

**भाषा।** कोपेनहेगन

**फिनलैंड** की प्रधानमंत्री सना मारिन ने अपने आधिकारिक ग्रीष्मकालीन आवास पर दो महिलाओं के अर्द्धनग्न अवस्था में होने और एक दूसरे को चूमने की तस्वीर जारी होने के बाद खेद जताया है। इससे पहले एक वीडियो में मारिन को अपने दोस्तों के साथ नाचते और गाते देखा गया था जिसके बाद इस बात को लेकर बहस शुरू हो गई कि क्या 36 वर्षीय प्रधानमंत्री को इस तरह से पार्टी करने का अधिकार है या नहीं। मारिन ने इस बात की पुष्टि की है कि जुलाई की शुरुआत में एक संगीत समारोह के बाद उनके आधिकारिक आवास के बाथरूम में ली गई तस्वीर में वह स्वयं नहीं हैं और यह दो महिलाओं की तस्वीर है।

इनमें से एक महिला ने खबरों के मुताबिक खुद यह तस्वीर डाली और बाद में इसे हटा लिया गया। उसकी पहचान सोशल मीडिया पर प्रभाव डालने वाली महिला के तौर पर की गई है। फिनलैंड के सरकारी प्रसारक वाईएलई के अनुसार मारिन ने मंगलवार को कहा, मेरी राय में तस्वीर सही नहीं है। मैं इसके लिए खेद जताती हूं। तस्वीर नहीं ली जानी चाहिए थी।

इससे पहले पिछले सप्ताह लीक हुए एक वीडियो में प्रधानमंत्री मारिन एक निजी पार्टी में दोस्तों के साथ नाचती और गाती नजर आ रही हैं। मध्यमार्गी-वामपंथी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली मारिन को पार्टी के बारे में सवालों की बौछार का सामना करना पड़ा : क्या पार्टी में मादक पदार्थ थे? शराब थी? वह काम कर रही थीं या गर्मी की छुट्टी पर थीं? क्या प्रधानमंत्री इतने होश में थीं कि किसी आपात स्थिति से निपटने में वह सक्षम थीं?

पार्टी में जाहिर तौर पर किसी ने यह वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर लीक हो गया और फिनलैंड की मीडिया का इस पर ध्यान गया। मारिन ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने और उनके दोस्तों ने पार्टी की और उसमें शराब का इस्तेमाल हुआ लेकिन, उनकी जानकारी में वहां कोई मादक पदार्थ नहीं था। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मादक पदार्थों के बारे में अटकलों पर विराम लगाने के लिए ड्रग टेस्ट कराया है।

## इमरान खान को दो सीटों पर उपचुनाव लड़ने की अनुमति

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नेशनल असेंबली की दो सीटों पर उपचुनाव लड़ने की अनुमति दे दी और खान के नामांकन पत्र स्वीकार किए जाने को चुनौती देने वाली पीएमएल-एन के एक उम्मीदवार की याचिका और निर्वाचन आयोग की आपत्तियों को खारिज कर दिया। डॉन अखबार की खबर के अनुसार लाहौर उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष को सीट संख्या 108 (फैसलाबाद) और 118 (ननकाना साहिब) में उपचुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। अदालत के अपीलीय चुनाव न्यायाधिकरण के न्यायमूर्ति शाहिद वाहिद ने दो अलग-अलग याचिकाओं पर आदेश जारी किए। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने 17 अगस्त को फैसलाबाद सीट पर 25 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए खान के नामांकन को खारिज कर दिया था। इसमें खान की संपत्तियों के बारे में अपर्याप्त जानकारी होने की बात कही गई। निर्वाचन आयोग ने नामांकन रद्द करने के पीछे पीठासीन अधिकारी के तर्क के हवाले से एक बयान में कहा था, इमरान खान के नामांकन पत्र हस्ताक्षर सत्यापन के मुद्दे की वजह से खारिज नहीं किए गए थे। संपत्तियों का पूरा ब्योरा नहीं होने की वजह से कागजात खारिज किए गए।

# पाकिस्तान में अहमदी समुदाय की 16 कब्रों से बेअदबी हुई

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कब्र के ऊपर लगे पत्थर पर इस्लामी प्रतीकों का इस्तेमाल करने को लेकर धार्मिक कट्टरपंथियों ने अहमदी समुदाय की 16 कब्रों से कथित तौर पर बेअदबी की। जमात अहमदिया पंजाब के प्रवक्ता आमिर महमूद ने बुधवार को बताया कि फैसलाबाद जिले के चक 203 आरबी मानावाला में एक कब्रिस्तान में कुछ अज्ञात लोगों ने अहमदी समुदाय की 16 कब्रों से बेअदबी की। घटनास्थल प्रांत की राजधानी लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर है। समुदाय के क्रबिस्तान की कई कब्रों पर लगे पत्थरों पर आयतें लिखी थीं। पीटीआई-से बात करते हुए महमूद ने कहा कि यह कब्रिस्तान 75 साल पुराना है और इससे पहले ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के मुस्लिम मौलवी अहमदिया समुदाय के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं और इसी वजह से कट्टरपंथियों ने समुदाय की कब्रों से बेअदबी की है। उन्होंने कहा, इस कृत्य से शोक संतप्त परिवार काफी दुखी हैं और उन्हें सरकार से ही इंसाफ की आस है। यह कृत्य न सिर्फ गैर कानूनी है, बल्कि साफतौर से सभी मानवीय मूल्यों के खिलाफ भी है।

पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में पूर्व में भी अहमदी समुदाय के सदस्यों की कब्रों को कट्टरपंथियों द्वारा निशाना बनाया गया है। महमूद के मुताबिक, सिर्फ इस साल ही 185 कब्रों से बेअदबी की जा चुकी है। उन्होंने कहा, लगातार उत्पीड़नै अहमदी समुदाय के अधिकारों की पूर्ण अवहेलना को दिखाता है और अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की गहरी भावना पैदा करता है।

पाकिस्तान की संसद ने 1974 में अहमदी समुदाय को गैर मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद समुदाय पर खुद को मुस्लिम कहने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। उनपर उपदेश देने और हज व उमरा के लिए सऊदी अरब जाने पर भी रोक है। पाकिस्तान की 22 करोड़ की आबादी में से करीब एक करोड़ लोग गैर मुस्लिम हैं।

## न्यूयॉर्क प्राइमरी चुनाव में जेरी नाडलर ने कैरोलिन मैलोनी को दी मात

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जेरी नाडलर ने कैरोलिन मैलोनी का मात दी। नाडलर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने की कवायद का दो बार नेतृत्व कर चुके हैं। अदालत ने इन दोनों अमेरिकी प्रतिनिधियों को न्यूयॉर्क शहर कांग्रेस जिले से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया था। चुनावी जिलों की सीमाओं में बदलाव की प्रक्रिया में मैनहट्टन के पश्चिम में नाडलर (75) के गढ़ को पूर्व में मैलोनी (76) के क्षेत्र से जोड़ दिया गया था, जिसके बाद दोनों कहीं और से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं थे। नाडलर की जीत के साथ ही कांग्रेस में मैलोनी का 30 साल का सफर समाप्त हुआ। उन्होंने वकील एवं न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के व्याख्याता सूरज पटेल (38) को भी मात दी। पटेल की डेमोक्रेटिक कांग्रेस के प्राइमरी चुनाव में यह लगातार तीसरी हार है।

## क्विक न्यूज

### पहली छमाही में सात प्रमुख शहरों में पट्टे पर भंडारण लॉजिस्टिक्स स्थलों की मांग नौ प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में पट्टे या लीज पर भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की मांग चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में नौ प्रतिशत घट गई। ऊंची मुद्रास्फीति और वैश्विक अड़चनों के कारण मांग में कमी आई। अमेरिका की संपत्ति सलाहकार कंपनी वेस्टियन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता जैसे सात प्रमुख शहरों में 1.31 करोड़ वर्ग फुट से अधिक का भंडारण और लॉजिस्टिक स्थल पट्टे पर है। रिपोर्ट में कहा गया, यह इससे पिछले वर्ष की पहली छमाही में पट्टे पर दिए गए भंडारण, लॉजिस्टिक स्थल की तुलना में नौ प्रतिशत कम है। कंपनी ने बताया कि बढ़ती मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक संकट से उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों के कारण भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की मांग में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, पट्टे पर भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की कुल मांग में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर), पुणे और मुंबई की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही। दिल्ली-एनसीआर में 28 लाख वर्ग फुट, पुणे में 24.5 लाख वर्गफुट, मुंबई में 21.7 लाख वर्ग फुट, बेंगलुरु में 18 लाख वर्गफुट, चेन्नई में 15 लाख वर्गफुट, हैदराबाद में 14 लाख वर्गफुट और कोलकाता में 10.4 लाख वर्ग फुट भंडारण, लॉजिस्टिक स्थल पट्टे पर है।

### भारत के लिए प्रमुख व्यापारिक केंद्र बन सकता है लातिनी अमेरिका : एस. जयशंकर

**साओ पाउलो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि ठोस प्रयासों से लातिनी अमेरिका भारत के लिए व्यापार का प्रमुख केंद्र बन सकता है। जयशंकर ने इस व्यापक क्षेत्र में हितधारकों के साथ अधिक जुड़ाव, संपर्क और बैठकें करने और लातिनी अमेरिका को भारत के लिए प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनाने के महत्व को रेखांकित किया। जयशंकर 22 से 27 अगस्त तक ब्राजील, पराग्वे और अर्जेंटीना की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दक्षिण अमेरिका की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। जयशंकर ने मंगलवार को यहां देश के प्रमुख कारोबारियों से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और ब्राजील केवल भागीदार नही है बल्कि अपने पारस्परिक विकास तथा प्रगति के लिए दोनो सर्वोत्तम व्यवहार को साझा कर सकते है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ब्राजील के उद्यमियों के संगठन एलआईडीई के साथ बातचीत सार्थक रही। भारत और ब्राजील न केवल भागीदार है बल्कि अपने पारस्परिक विकास और प्रगति के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकते है। जयशंकर ने साओ पाउलो के उद्योग संघ के साथ बैठक में कहा, पिछले साल लातिनी अमेरिका के साथ हमारा सामूहिक व्यापार 50 अरब डॉलर से थोड़ा कम था। मुझे लगता है कि अगर अधिक ध्यान, जोर, जुड़ाव, संपर्क और इस तरह की और बैठकें होती है तो यह संभव है कि हम लातिनी अमेरिका को भी भारत के लिए व्यापार का बड़ा केंद्र बना सकते हैं।

### जीएसटी संग्रह बढ़ने के बावजूद राज्यों की राजस्व वृद्धि घटकर 7-9 प्रतिशत रहने का अनुमान

**मुंबई।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अच्छा रहने और संचई वृद्धि में मददगार होने के बावजूद राज्यों की राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष में घटकर सात से नौ प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में बुधवार को यह कहा गया। यह रिपोर्ट सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 90 प्रतिशत योगदान देने वाले 17 राज्यों के आकलन के बाद तैयार की गई। इसमें बताया गया कि 2020-21 में महामारी के प्रकोप के दौरान राजस्व वृद्धि कम थी और उसकी तुलना में 2021-22 में यह 25 प्रतिशत के बेहतर स्तर पर रही। क्रिसिल ने रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कर संग्रह अच्छा रहने से राजस्व वृद्धि को बल मिलेगा। राज्यों को मिलने वाले राजस्व में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी जीएसटी संग्रह और केंद्र से हस्तांतरण को मिलाकर होती है और इसके दहाई अंक में बढ़ने का अनुमान है। एजेंसी के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि राजस्व वृद्धि को सबसे ज्यादा बल समूचे राज्य जीएसटी संग्रह से मिलेगा जो 2021-22 में 29 प्रतिशत बढ़ गया। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वृद्धि की गति कायम रहेगी और संग्रह चालू वित्त वर्ष में और 20 प्रतिशत बढ़ेगा। अनुपालन का स्तर बेहतर होने, उच्च मुद्रास्फीति का माहौल और सतत आर्थिक वृद्धि इसमें मददगार होगी। पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री से मिलने वाले कर संग्रह की सपाट या निम्न एवं एकल अंक की वृद्धि (8 से 9 फीसदी) और 15वें वित्त आयोग (13-15 फीसदी) की अनुदान अनुशंसा वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कारक होंगे। एजेंसी ने कहा कि केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष में और बढ़ सकती है। वहीं ईंधन कर संग्रह लगभग अपरिवर्तित रहने का अनुमान है क्योंकि बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ करों में कटौती की वजह से नही मिल पाएगा।

## आईआईएफटी जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शुरू करे: गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) से जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों को संस्थान में पढ़ाई में मदद करने के लिए छात्रवृत्ति शुरू करने के लिए कहा है। गोयल ने मंगलवार शाम यहां आईआईएफटी के 55वें दीक्षांत समारोह में कहा कि यह छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेगी कि कोई भी प्रतिभाशाली और योग्य छात्र शुल्क या यहां रहने के खर्च के कारण संस्थान में पढ़ने से निराश ना हो। उन्होंने कहा कि यह कदम देश के सभी हिस्सों से छात्रों को लाकर परिसर में अधिक विविधता लाने में मदद करेगा। गोयल ने आईआईएफटी बोर्ड से सभी परिसरों को अधिक जीवंत और अद्यतन बनाने के लिए छात्र परिषदों को अधिक धनराशि देने पर विचार करने का भी आग्रह किया।

# सेंसेक्स में 54 अंक की मामूली बढ़त

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर बाजार** में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 54.13 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में नरमी के बीच स्थानीय बाजार दिनभर ऊपर-नीचे होता रहा और अंत में मामूली लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 54.13 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,085.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 59,170.87 अंत तक गया और नीचे में 58,760.09 अंक तक आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 27.45 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,604.95 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 2.86 प्रतिशत चढ़ गया। एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, सन फार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर 0.93 प्रतिशत तक टूट गए।

कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बृहस्पतिवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में सतर्कता का रुख था। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के इस शुक्रवार को जैक्सन होल में संबोधन से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे बाजार का लाभ सीमित रहा। बीएसई मिडकैप में 0.80 प्रतिशत तथा स्मॉलकैप में 0.73 प्रतिशत का लाभ रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिका में वॉल स्ट्रीट मंगलवार को नुकसान में रहा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेजड़ियों और मंदड़ियों की लड़ाई जारी है। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार दबाव में है। उन्होंने कहा, कमजोर मांग के साथ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में गिरावट आई है। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा है। यूरोप में तेल संकट और वृद्धि परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता से शेयर बाजारों में बिकवाली देखी जा रही है।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने अमेरिका में नए घरों की बिक्री उम्मीद से अधिक सुस्त रही है। इससे अमेरिका के आर्थिक मंदी में जाने की आशंका का संकेत मिलता है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.04 प्रतिशत उछलकर 101.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 563 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# भू-राजनीतिक संकट का बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा जोखिम: जयंत वर्मा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने बुधवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि के दृष्टिकोण के लिए सबसे बड़ा जोखिम भू-राजनीतिक संकट का बढ़ना है। वर्मा ने कहा कि मुद्रास्फीति तथा इसके बढ़ने की आशंका कम होती दिख रही हैं और उच्च मुद्रास्फीति निश्चित रूप से देश में मानक नहीं बनेगी। उन्होंने कई कारणों का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सतर्कता के साथ सकरात्मक उम्मीद जताई हैं। उन्होंने कहा, एमपीसी जितनी जल्दी हो सके, महंगाई दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के करीब लाने के लिए संकल्पित है।

वर्मा ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि उच्च मुद्रास्फीति निश्चित रूप से भारत में आदर्श या मानक नहीं बनेगी। रिजर्व बैंक ने अगस्त में अपनी एमपीसी बैठक में मुद्रास्फीति को कम करने के लिए रेपो दर को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया था। एमपीसी सदस्य ने कहा, आखिरकार मुद्रास्फीति और इसको लेकर जो आशंकाएं थीं, वह भी कम होती दिख रही हैं (भारत और विश्व स्तर पर) और यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को कम करेगा। उन्होंने घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियों को लेकर कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्तमान स्थिति में देश का निर्यात उतना उत्साहजनक नहीं होगा, जितना पहले था।

वर्मा ने कहा, आर्थिक वृद्धि के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा जोखिम भू-राजनीतिक संकट का बढ़ना है और खासकर अगर यह तनाव या संकट एशियाई क्षेत्र में होता है। उन्होंने कहा कि कई तिमाहियों तक महंगाई दर लक्ष्य से ऊपर बनी रहेगी लेकिन यह मानने का कारण है कि सबसे मुश्किल समय निकल गया है......बशर्ते विश्व को एक और अप्रत्याशित झटके का सामना न करना पड़े।

भारतीय मुद्रा के गिरावट के सवाल के जवाब में अर्थशास्त्री ने कहा कि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव कई कारणों पर आधारित होता हैं जिसमें से केवल एक मुद्रास्फीति है। वर्मा ने कहा कि पिछले कई दशकों में भारत में मुद्रास्फीति वैश्विक स्तर से ऊपर रही है और इस दौरान भारत ने रुपए में कई बार गिरावट को देखा है, जो संचई मुद्रास्फीति के अंतर से उत्पन्न प्रतिस्पर्धा के नुकसान को पलटने का काम करता है। उन्होंने कहा, इस लिहाज से देखा जाए तो रुपए का हाल में कमजोर होना चिंता का कारण नहीं है।

## श्रीलंका ने परफ्यूम और शैंपू समेत 300 उपभोक्ता वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**भाषा।** कोलंबो

**नकदी संकट** से जूझ रहे श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए चॉकलेट, परफ्यूम और शैंपू जैसी 300 उपभोक्ता वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी है। श्रीलंका वर्ष 1948 में अपनी आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। देश में विदेशी मुद्रा संकट के कारण आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई है। श्रीलंका के वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी एक विशेष अधिसूचना में चॉकलेट, परफ्यूम, मेकअप और शैंपू समेत कुल 300 उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि आयात और निर्यात नियंत्रण नियमों के तहत खाद्य से लेकर मशीनरी उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला के आयात पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Asha Mittal and Mr. Gaurav Mittal are owners of Plot measuring 744 sq. yards, out of Khata No.26, Khasra No.25//3/1 (1-4), Khata No.163, Khasra No.25//4/2/1 (3-8), Khata No.181, Khasra No.25//8/1 (2-8), 7/1 (6-0), Khata No.181 min., Khasra No.25//8/1 (2-8), situated in Mauja Hasanpur, Waka M.I.E., under Nagar Parishad, Bahadurgarh, Tehsil-Bahadurgarh, Distt.-Jhajjar vide a Sale Deed dated 07.08.2018, registration no. 3676. It has been informed that Owners have lost /misplaced two Original Sale Deeds each dated 03.08.2000 & GPA, ATS and Wills dated 16.08.2000 & other related documents w.r.t. said property. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धर्म पाल पुत्र श्री सी चंद निवासी मकान संख्या ए-217, आदर्श मोहल्ला, पटपर गंज विलेज, दिल्ली 110091, उक्त संपत्ति प्रॉपर्टी नं0 217, अब म्यूनिसिपल नं0 ए-217 क्षेत्रफल 27 वर्ग गज, यानी 22.58 वर्ग मीटर, खसरा नं0 490 अथवा 106, लाल डोरा आबादी घरौंदा नीम का बांगर, उर्फ पटपर गंज विलेज, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110091 का दान विलेख दिनांक 01.07.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 5914 के द्वारा मालिक हैं और उक्त सम्पत्ति पर 01.07.2022 से शांतपूर्ण तरीके से काबिज हैं। उपरोक्त संपत्ति, उग्रो कैपिटल लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है।
यदि किसी व्यक्ति(ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Satwant Kaur W/o Late Shri Jaskaran Singh, Cont. 9310805850, Email: balwinderdhunna26@gmail.com, R/o. JG-I/80A, First Floor, LIG Flats Vikaspuri, New Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Demand cum Allotment Letter, Possession Letter and NOC for Water & Electricity, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 22/08/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) D - block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Jeetender Kumar Raju S/o Late Shri Faqir Chand, Cont. 8447227703, Email: jitenderraju@rediffmail.com, R/o. Flat No. 340/1, Pkt D-6, Sector-6, Rohini-110085, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Possession Letter, Site Possession Slip and NOC for Water & Electricity, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 19/08/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) D - block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

LOST & FOUND
It is hereby informed to the General Public that, I Randeep Singh Pundir, S/o Dharm Singh R/o KM-21-301, Jaypee Kosmos, Sector-134, Noida have lost the Original Provisional Allotment Letter no. JGNKM0210301 dated Aug-13, 2010 issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of unit bearing No. KM-21-301, in Kosmos project, situated at Jaypee Greens, Noida. Any one finds may contact 9760015520/9891314999

PUBLIC NOTICE
Be it known the all general public that my client Sh. Anil Kumar Manchanda S/o Late Sh. Des Raj Manchanda aged 65 years approx R/o CC-6C, Shalimar Bagh, Delhi-110088 have debarred & disowned his son Sh. Sunny Manchanda aged 38 years approx and daughter-in-law Smt. Komal Manchanda aged 33 years approx and their Children Jivika Machanda (daughter) aged 9 years approx and Aayansh Manchanda (son) aged 6 years approx and their future children from all their moveable and immovable properties due to their hostile behavior if anybody dealing with them will do so at his own risk, cost & consequences. My client or their property will not be liable in any manner for the same.
Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey
(Enrl. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Building, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-110033

सार्वजनिक सूचना
एतद्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री गिरीश चंद्र पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि पांडे, दोनों निवासी दक्षिण पूर्वी दिल्ली-110014 ने अपने बेटे श्री अक्षत पांडे से उसके आपसी मतभेद के कारण उसको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है और अपने सभी प्रकार के संबंधों को समाप्त कर दिया है। मेरे मुवक्किल श्री अक्षत पांडे के किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगा। यदि कोई उनके साथ कोई लेन देना या व्यवहार करता है तो वह स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा।
नेहा बत्रा (अधिवक्ता)
कार्यालय: 58, पॉकेट-10, सैक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली-110085

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Komal and Mr. Anil Kumar became the owners of One Shop/ Plot of area measuring 71 Sq. Yds., Situated in ward No. 7, Moja Sampla, Tehsil Sampla, District Rohtak. All persons are hereby informed that Mr. Sagar Chopra wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधु बाली पत्नी स्वर्गीय श्री देवकी नंदन बाली और श्रीमती चंदर कांता पत्नी श्री गुलशन कुमार शर्मा निवासी एल-131, सेक्टर-11, नोएडा और किरण मेहता पत्नी सी.पी. मेहता निवासी बी-261 सेक्टर-12, यूपी, है जो एस-46, सेक्टर-12, नोएडा के उत्तराधिकारी है। दिवंगत शान्ति नंदन बाली से उक्त सम्पत्ति का स्थानांतरण/उत्परिवर्तन, जो मृतक के भाई की पत्नी और बहन है और वह मृतक स्वर्गीय शांति नंदन बाली के कानुनी उत्तराधिकारी है। सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि संख्या एस-46, सेक्टर-12, नोएडा यू.पी. को श्रीमती मधु बाली के पक्ष में स्थानांतरण/म्यूटेशन होने जा रहा है। यदि किसी को कोई आपत्ति है तो कृपया इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर सभी सबूतों के साथ (हाउसिंग डिवीजन) नोएडा प्राधिकरण को सूचित करें। मधु बाली

PUBLIC NOTICE
It is informed that my client's wife SMT. SANTOSH KAPURIA daughter of Late Shri Ram Rang Joshi wife of shri S.K. Kapuria Resident of Flat No.-50, Plot No.-74, Ashirwad Apartments, Patparganj, Delhi-110092, expired on 19.01.2018 and he has applied to transfer the above flat in his name on the basis of Survival Member Certificate and Relinquishment Deed executed on 02.12.2021 duly registered as Document No. 7449 in Book No. 1 Volume No. 2259 On Page 94 to 97 Dated: 02.12.2021, with the office of S.R. VIII-A PREET VIHAR, NEW DELHI-110092. If any objection it may be raised within 15 days of this notice to the SOCIETY OFFICE OF DELHI CORP. GROUP HOUSING SOCIETY PLOT NO.74, I.P. EXTENSION, PATPARTGANJ DELHI-110092.
Sahil Arora (Advocate)
Enrol. No. D/2186/2019
Off. No. 107, F.F., M.S. Chambers, Laxmi Nagar Delhi-92

# अवैध अतिक्रमणकारियों को नपा ने जारी किया नोटिस

संवाददाता। मऊ



शहर क्षेत्र के सिंधी कालोनी में एक दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने के बाद बुधवार को नागरिकों के बैठने के लिए बेंच स्थापित कर रंगाई पुताई करते कर्मचारी

**सिंधी कालोनी** स्थित नगर पालिका की सार्वजनिक भूमि पर अवैध रुप से दो दर्जन से अधिक कब्जेदार दुकानदारों को नगर पालिका प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दिया गया है कि तीन दिन के अंदर अवैध कब्जेदार दुकानदार स्वयं अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगाए इस दौरान पूरे खर्चें की वसूली अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। नोटिस जारी होने के बाद अतिक्रमणकारियों में पूरे दिन अफरा.तफरी मच गया।

जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा नगर पालिका की सार्वजनिक भूमि पर अवैध रुप से कब्जेदारों के खिलाफ काफी सख्त रुख अपनाया गया है। इस क्रम में एक दिन पूर्व जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर क्षेत्र के अति व्यस्त सिंधी कालोनी स्थित अवैध दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस के अवैध रुप से संचालित दो ब? मीट व मुर्गा की दुकानों को जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया गया था। इस कार्रवाई के चौबीस घंटे के अंदर ही नगर पालिका प्रशासन ने सिंधी कालोनी के सार्वजनिक भूमि पर अवैध रुप से कब्जेदार दो दर्जन से अधिक दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया गया। नगर पालिका द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि मुहल्ला हट्ठी मदारी रोड पटरी की भूमि जो सार्वजनिक भूमि है तथा लोक सम्पत्ति है। उसके भू.भाग पर अवैध कब्जा किया गया हैए जो नियम विरुद्ध है। इसलिए नोटिस जारी करने के तीन दिन के अंदर यूपी म्युनिस्पैलिटी एक्टध् म्युनिसिपल बाइलाज व म्युनिसिपल एकाउण्ट कोड की धारा 211 व 178 सहपठित धारा 185 के अधीन अतिक्रमण को हटाकर लिखित रुप से नगर पालिका को अवगत कराएं अन्यथा नोटिस जारी करने की तीन दिन की अवधि के भीतर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा तथा इसके हर्जे व खर्चे की वसूली भी किया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद दुकानदारों में ह ?कम्प मच गया है।

## अवैध अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्तः ईओ

**मऊ।** नगर पालिका के अधिशासी अभियंता दिनेश यादव ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी लोग नगर पालिका की सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए हैं वे अतिशीध्र अवैध अतिक्रमण को हटा लें वरना अभियान चलाकर नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी मामला : पोषणीयता पर 12 सितंबर को सुनाया जाएगा फैसला

भाषा। वाराणसी



**ज्ञानवापी परिसर** स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन पूजन की मांग को लेकर वाराणसी के जिला जज ए के विश्वेश की अदालत में चल रहे मुकदमे की पोषणीयता (सुनवाई योग्य है या नहीं) पर फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया गया। निर्णय 12 सितंबर को सुनाया जाएगा। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी मामला सुनवाई करने योग्य है या नहीं, इस बारे में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। अदालत ने आदेश को सुरक्षित रख लिया है जिसे 12 सितंबर को सुनाया जाएगा। मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता शमीम अहमद ने अदालत को बताया कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है, इसलिए अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी दलील में कहा है कि ज्ञानवापी कहीं से मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर का ही हिस्सा है तथा इस मामले में 1991 का उपासना स्थल अधिनियम किसी भी तरह से लागू नहीं होता। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने ज्ञानवापी को वक्फ की सम्पत्ति बताते हुए जो दस्तावेज प्रस्तुत किया है वह असल में बिंदु माधव का धरहरा स्थित आलमगीर मस्जिद का दस्तावेज है। उनके अनुसार यह मस्जिद ज्ञानवापी से दूर स्थित है। यादव ने कहा कि उन्होंने अदालत को बताया है कि औरंगजेब ने मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया था। उनके मुताबिक ऐसा उसने सिर्फ हिंदुओं का मान मर्दन के लिए कराया था।

# शिविर में दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग उपकरण के भरवाये फार्म

संवाददाता। जालौन (उरई)



**ब्लॉक सभागार** में दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए फार्म जमा कराए गए।

विकलांग कल्याण विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग लगवाने के लिए फार्म जमा करवाए गए। शिविर में विकलांग कल्याण विभाग के शैलेष शिवहरे ने बताया कि जिन लोगों के दिव्यांग कार्ड ऑफलाइन बने हुए हैं। सरकार ने उन्हें बंद कर दिया है। जिन लोगों के कार्ड ऑन लाइन हैं, सिर्फ वहीं कार्ड मान्य होंगे। यदि किसी ने अपने कार्ड को ऑनलाइन नहीं कराया है तो वह अपने कार्ड ऑनलाइन करा लें। ताकि वह कार्ड का लाभ उठा सकें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें लाभ नहीं मिलेगा। शिविर में बताया गया कि जिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। वह अपने फार्म जमा करा दें। इसी प्रकार दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण जैसे ट्राइसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन आदि सहायक उपकरणों की आवश्यकता हो तो वह उक्त सहायक उपकरण भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति भी अपने फार्म भरकर जमा कराएं। कृत्रिम अंग टीम क सदस्य भंवर सिंह कुशवाहा ने बताया कि शिविर में कृत्रिम अंग प्राप्त करने के लिए 149 लोगों ने आवेदन पत्र जमा किए हैं। इसी प्रकार सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए 210 दिव्यांगों ने फार्म भरे। प्रभारी विकलांग अधिकारी रामदत्त प्रजापति ने बताया कि ऑफलाइन कार्ड वाले 150 दिव्यांगों के कार्ड ऑनलाइन कराए गए। शिविर में 12 दिव्यांगों ने दिव्यांग कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदन किया।

# युवक ने युवती के खाते से 56 हजार रुपये उड़ाये, पुलिस जांच में जुटी

**जालौन (उरई)।** पिता द्वारा रुपये मंगाने का झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति ने युवती के खाते से 56 हजार रुपये उड़ाए। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी यासमीन पुत्री नसीर खां ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह उसके पिता कानपुर गए थे। दोपहर में उसके मोबाइल पर फोन आया कि उनके पिता को 10 हजार रुपये की जरूरत है तो वह रुपये भेज दे। जब उसने कहा कि पिता से बात कराओ तो फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उन्हें रुपयों की सख्त जरूरत नहीं है यदि रुपये नहीं भेजे तो गलत हो जाएगा। उसकी बातों से घबराकर वह रुपये भेजने के लिए तैयार हो गई। लेकिन उसे रुपये भेजना नहीं आता था। यह बात जब उसने फोन करने वाले व्यक्ति को बताई तो उसने कहा कि वह व्हाट्सएप पर उसे बताता रहेगा कि रुपये कैसे भेजना है। धोखाधड़ी कर उसने 56 हजार रुपये उसके खाते से ट्रांसफर कर लिए। शाम को जब पिता से बात हुई तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। पीड़िता ने पुलिस से उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विहिप स्थापना दिवस को धूमधाम से मनायेगा

**कोंच( जालौन )।** विश्व हिंदू परिषद के 59वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। विहिप नगर, प्रखंड संगठन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक 26 अगस्त शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे से मां शकुंतला होटल पड़री में आहूत उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत प्रमुख द्वार कामदगिरि पीठ संत डॉ. मदन गोपाल दास महाराज होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य राज्यपाल पुरस्कृत ब्रजबल्लभ सिंह सेंगर करेंगे। इसके अलावा मुख्य वक्ता संघ के झांसी विभाग कार्यवाह ओमनारायण, सारस्वत अतिथि प्रांत सहमंत्री विहिप अभिनव दीक्षित व विशिष्ट अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष महंत गुरु प्रसाद शर्मा व जिला मंत्री आचार्य तेजस मंचस्थ रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### पेशी से लौटते वक्त फरार हुआ कैदी

**शाहजहांपुर (भाषा)।** लखनऊजेल से बिजनौर की अदालत में पेशी के बाद वापस लाते समय एक विचाराधीन कैदी शाहजहांपुर जिले में फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि लखनऊनिवासी आदित्य राणा को मंगलवार को बिजनौर जिला अदालत में पेशी के बाद वापस लखनऊजेल ले जाया जा रहा था। इस दौरान रात करीब 11 बजे पुलिसकर्मियों ने शाहजहांपुर के आरसी मिशन थाना क्षेत्र में एक ढाबे पर खाना खाया। उन्होंने बताया कि इसी बीच बंदी राणा लघुशंका के लिए जाने की बात कहकर गया और वापस नही लौटा। लखनऊपुलिस दल ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस के काफी तलाश करने के बाद भी फरार कैदी का पता नहीं लग सका। सिंह ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने पर आरसी मिशन थाने के प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव की ओर से लखनऊ पुलिस के दरोगा दीपक कुमार, सिपाही अमित कुमार, रिंकू सिंह एवं पुलिस वाहन के चालक मनोज कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। राणा पर 28 मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाई गई है।

### बदायूं में किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं (भाषा)।** बदायूं के कुंवरगांव क्षेत्र में शौच के लिए खेत में गई एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि कुंवरगांव थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय लड़की मंगलवार आधी रात को शौच के लिए घर के पास स्थित गन्ने के खेत में गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, गांव के ही रहने वाले रजनेश नामक व्यक्ति ने उसे देख लिया और खेत में उससे दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तो रजनेश ने भागने का प्रयास किया, मगर उसे पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक से टकराने के बाद खाई मे पलटी कार, तीन की मौत

**जौनपुर (भाषा)।** जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में एक बेकाबू कार के ट्रक से टकराकर खाई में पलट जाने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने बुधवार को बताया कि जौनपुर निवासी 29 वर्षीय सक्लैन अपने चार दोस्तों के साथ कार से मंगलवार की शाम मुंगराबादशाहपुर के गोरियाडीह गांव में अपने मौसेरे भाई की बारात में आया था। शादी संपन्न होने बाद वह देर रात अपने दोस्तों को लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में चालकसे विवाद हो जाने पर वे उसे (चालक को) कार से उतारकर खुद वाहन चलाकर ला रहे थे। उन्होंने बताया कि वह जब सतहरिया क्षेत्र के पास पहुंचे तभी कार अचानक अनियंत्रित होकर सामने ट्रक से टकराते हुए खाई मे पलट गई। इस हादसे में सक्लैन और 23 वर्षीय सर्वजीत उर्फ राजा की मौके पर मौत हो गई। घटना में गम्भीर रूप से घायल 25 वर्षीय आयुष श्रीवास्तव ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। साहनी ने बताया कि इस घटना मे कमलेश रावत और रीनू घायल हो गए।

### धारदार हथियार से लड़की की हत्या, मां गम्भीर रूप से घायल

**महाराजगंज (भाषा)।** महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र मे हमलावरो ने धारदार हथियार से हमलाकर एक लड़की की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसकी मां को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बुधवार को बताया कि पनियरा थाना क्षेत्र के रूदलापुर गांव मे मंगलवार की रात एक लड़की काजल (17) और उसकी मां पिंकी अपने घर के बाहर बैठी थीं। उसी दौरान तीन-चार लोगों ने अचानक धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद अंधेरे मे भाग निकले। उन्होने बताया कि इस घटना मे लड़की की मौत हो गई जबकि उसकी मां को गम्भीर हालत मे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ ने बताया कि इस सिलसिले मे मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### एक किलो गांजा के साथ युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**कोंच(जालौन)।** कोंच कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आराजी लेन स्थित पावर हाउस के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े उमाशंकर दुवे पुत्र सुदामा प्रसाद निवासी मुहल्ला गोखलेनगर को पकड़ लिया। जिसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ।

# अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार का लक्ष्यः सांसद

संवाददाता। चित्रकूट




**जिला विकास** समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि तीन महीने में ये बैठक होती है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि गांव के गरीब तबके के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, तभी पं दीनदयाल उपाध्याय के सपने पूरे होंगे। बुधवार को कलेक्टेऱ्ट सभागार में सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई निगरानी समिति की बैठक में कहा कि सभी गांवों में गौशाला में एक सप्ताह के अन्दर गौवंशों को संरक्षित करें। डीएम अभिषेक आनन्द से कहा कि उन गांवों का खाता सीज करायें, जिन गांवों में नस्ल परिवर्तन का कार्य नहीं हो रहा। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी से कहा कि गांवों में समय से गौवंशों के भरण–पोषण का काम करें। जिन पशुओं की आकाशीय बिजली से मृत्यु होती है पशु चिकित्साधिकारी को पोस्टमार्टम के निर्देश दें। मानिकपुर विधायक अनिवाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि गांवों में मनरेगा के कार्यो की कमेटी बनाकर जांच करायें। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि 15 दिन के अन्दर चेकडैम मरम्मत के कार्य पूरे हो जायें। कनकोटा से भदेहदू मार्ग के बेहद खराब होने पर लोनिवि प्रान्तीय खण्ड के एक्सईएन सत्येन्द्रनाथ ने बताया कि मरम्मत का आंकलन तैयार कर जल्द कार्य शुरु कराया जायेगा। धारकुण्डी मार्ग के रपटे के बहने पर जिलाधिकारी से कहा कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाये। विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने सांसद से कहा कि पीएम आवास देने में लाभार्थियों से पैसा लेने वालों पर प्रभावी कार्यवाही हो। अध्यक्ष नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका को कूडा प्रबंधन को जो भूमि दी गई है, उसमें आवागमन के रास्ते की व्यवस्था करायें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पहाडी से ओरन के बीच कुशवाहापुरवा में 15 लोगों के विद्युत कनेक्शन में ट्रांसफार्मर नहीं लगा है और लोगों के विद्युत बिल आने लगे हैं। बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। सीडीओ अमित आसेरी ने समिति के सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जायेगा। संचालन पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय ने किया। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा रमेशचन्द्र पाण्डेय समेत जिला स्तरीय अधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के जुर्म में आरोपी को उम्र कैद

**भदोही (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में भदोही की एक विशेष पोक्सो अदालत ने आठ साल की बच्ची के बलात्कार करने के जुर्म में बुधवार को एक व्यक्ति को उम्रकैद की सज़ा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (पोक्सो) डाक्टर अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र में 12 अक्टूबर, 2021 की शाम को आठ साल की यह बच्ची खेल रही थी, उसी दौरान उसका पड़ोसी उसे अपने साथ ले गया और उसने उसके साथ बलात्कार किया। मिश्रा के अनुसार पीड़िता की मां ने 14 अक्टूबर, 2021 को आदर्श गुप्ता ई2398ी बंटू (22) के खिलाफ पोक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश ाविशेष न्यायाधीश (पोक्सो कोर्ट) मधु डोगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आज पोक्सो अदालत ने आदर्श गुप्ता ई2398ी बंटू को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया। अपने आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाए।

# थ्री डॉटस स्कूल में हुई कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

संवाददाता। बरेली




**थ्री डॉट्स** स्कूल बरेली ने श्री राम दास मेमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया गत 3 वर्षों के बाद इस वर्ष का आयोजन किया गया है इस आयोजन के मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल विधायक कैंट रहे प्रदर्शनी का शीर्षक दर्शन अर्थ समेत सृष्टि के दर्शन इसी नाम के अर्थ को सार्थक करते हुए समस्त विषयों का समावेश बहुत ही खूबसूरती से किया गया विद्यालय की शिक्षिकाओं के अथक सहयोग से विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया क्लास सिक्स का कविता अग्रवाल , नीरजा आर्य , शिखा सक्सेना के सहयोग से विद्यार्थियों में एक से बढ़कर एक कलाकृतियों का निर्माण किया गया इसमें विद्यार्थियों को प्लास्टिक की डोरी से गणेश सजावट के सामान गुड़िया व अनेक प्रकार के कपड़े अन्य विभिन्न आकर्षक शो पीस बना कर साबित किया हमारे नन्हे मुन्ने किसी से कम नहीं है वरिष्ठ कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत करके अतिथि गणों का मंत्र मुक्त किया तत्पश्चात अतिथि कक्षा की तरफ गए और वहां हिंदी कक्षा के कारक , संज्ञा , विलोम , सर्वनाम , कविता , व्याख्या देखते ही बनती थी बच्चों का आत्मविश्वास चरम सीमा पर था अपने आप शिक्षक के प्रतिरूप समझ रहे थे संगीत कला में अपना लोहा मनवाया प्रदूषण पर बायोगैस प्लांट कंकाल तंत्र आदि विभिन्न मॉडलों अविश्वसनीय तरीके से प्रदर्शित किया कंकाल तंत्र का सबसे बहुत पसंद किया सभी की व्याख्या देखने योग्य थी इस प्रकार एक ज्वालामुखी फूट का एक अलग अंदाज में दिखाया गया आगे बढ़ते बच्चों ने योग मेडिटेशन के द्वारा अपने को स्वस्थ निरोगी किस प्रकार रखे जाएं यह बताया रुहेलखंड अभिभावक सेवा समिति के अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने कला प्रियदर्शनी की प्रशंशा करते हुए छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया सीए गगन मल्होत्रा गणित विषय के प्रति बहुत ही पसंद आए आकृतियों को प्रदर्शित करता हुए पाइथागोरस मॉडल से विभाग दो प्रश्न वाली पूछी गई सही जवाब पर लाइट जलना अत्यंत मनमोहक रहा इस आयोजन के अन्य अतिथि गण में शामिल पार्षद सर्वेश रस्तोगी ,भाजपा नेता पुष्पेंद्र शर्मा,जतिन सोनी अभिषेक गौड़ जितेंद्र बासनी प्रमुख गणमान्य अतिथियों का आना बस शब्दों का एक अलग स्थान धार सारे आयोजन में प्रधान एक अध्यापिका निहारिका मल्होत्रा अतुल नहीं रहा संचालक सौरभ मल्होत्रा विद्यालय का उत्साह वर्धन किया विद्यार्थी कार्य को प्रबल बनाने के लिए उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान की गई प्रत्येक कोण में डलवा भारतीय प्रस्तुत किया गया ।

# अयोध्याः दीपोत्सव में जलाए जाएंगे 14 लाख दीए

## कुम्हारों ने अभी से शुरू किया काम

भाषा। अयोध्या



**भगवान राम** की पवित्र नगरी अयोध्या के आसपास के गांवों में कुम्हारों के चाक इन दिनों बहुत तेजी से घूम रहे हैं। वजह है, महज दो महीने बाद सरयू नदी के किनारों पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव के लिए 14 लाख मिट्टी के दीए तैयार करने की लगन। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल दीपावली से एक दिन पहले आयोजित होने वाले दीपोत्सव समारोह को प्रायोजित करती है। इसमें पवित्र सरयू नदी के दोनों किनारों पर लाखों दीए जगमगाते हैं। यह दृश्य बेहद भव्य और रमणीय होता है।

अयोध्या में यह परंपरा प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने वर्ष 2017 में डाली थी और इसकी शुरुआत 51 हजार दीयों से हुई थी। वर्ष 2019 में इन दीयों की संख्या बढ़कर चार लाख 10 हजार हो गई थी। वर्ष 2020 में यह संख्या छह लाख थी और 2021 में यह नौ लाख से ज्यादा होकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बना गई। इस बार 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दीपोत्सव में 14 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में अयोध्या के आसपास के गांवों के कुम्हारों का काम बहुत बढ़ गया है और वे बहुत बड़े ऑर्डर मिलने की उम्मीद में दिन रात चाक घुमा रहे हैं। जयसिंहपुर गांव के राजू भी इन्हीं में शामिल हैं। राजू ने पिछले साल सिर्फ 15–20 दिन पहले ही मिले 21 हजार दीयों के ऑर्डर को सफलतापूर्वक पूरा किया था। राजू ने बातचीत में कहा, इस बार मैं कोई जोखिम नहीं लेना चाहता इसलिए हम अभी से काम कर रहे हैं। रोजाना दीए बनाकर उन्हें भंडार में रख रहे हैं। इस बार उम्मीद है कि हम 40–50 हजार दीए बना कर दे देंगे। उम्मीद है कि इस बार हमें बेहतर दाम भी मिलेंगे।

राजू ने कहा, पिछले साल हमें एक रुपए प्रति दीए की दर से भुगतान मिला था लेकिन इस बार दाम बढ़ गए हैं इसलिए मैं समझता हूं कि हमें डेढ़ रुपया प्रति दिया मांगना चाहिए। हर चीज महंगी हो गई है तो हमारा दिया भी महंगा है। दूसरे कुम्हारों की तरह राजू भी बिचौलिए के जरिए दीया बेचते हैं क्योंकि इससे उन्हें बिना किसी झंझट के तुरंत भुगतान मिल जाता है। बचपन से ही कुम्हार का काम कर रहे 60 वर्षीय पंचराम प्रजापति ने कहा कि पहले दीए की बिक्री बहुत कम होती थी क्योंकि लोग सिर्फ दीपावली में पूजा के लिए ही दीए खरीदते थे और वे फैंसी इलेक्ट्रिक बल्ब से अपने घरों में रोशनी करना पसंद करते थे, मगर दीपोत्सव ने चीजों को बदल दिया है।

कुम्हार राजेश कुमार प्रजापति ने दावा किया कि लगभग 40 कुम्हार परिवारों वाले जयसिंहपुर गांव से पिछले साल लगभग छह लाख दीयों की आपूर्ति की गई थी। प्रजापति ने कहा कि वह अभी कुल्हड़ बना रहे हैं। वह दीए बनाने का काम भी पहले ही शुरू कर रहे हैं। पिछले साल उन्हें एक रुपए 20 पैसे प्रति दीए की दर से भुगतान हुआ था। उन्हें उम्मीद है कि इस बार कम से कम डेढ़ रुपए प्रति दीया मिलेगा क्योंकि डीजल से लेकर अनाज तक सब कुछ महंगा हो गया है। अयोध्या में पिछले सालों में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, राज्य सरकार की तरफ से दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

इसके नोडल अफसर प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वह पूर्व में हुए दीपोत्सव की समीक्षा कर रहे हैं ताकि इस बार इसे और बेहतर ढंग से आयोजित किया जा सके। उन्होंने बताया, इस बार दीपोत्सव के दौरान 14 लाख दिए प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। हमने इस सिलसिले में सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है और दीए खरीदने के लिए ई–निविदा मांगी जाएगी। सिंह ने कहा, ‘‘हम विभिन्न विद्यालयों और विभागों से स्वयंसेवक जुटाने पर भी काम कर रहे हैं।

# प्रणय ने मोमोटा को हराकर उलटफेर किया

## बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप

## लक्ष्य प्री क्वार्टर फाइनल में



तोक्यों में अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवी वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21 - 17, 21 - 16 से हराया

भाषा। तोक्यो

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच प्रणय ने दूसरे वरीय केंटो मोमोटा को लगातार गेम में हराकर सनसनीखेज जीत दर्ज की जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैम्पियन लक्ष्य सेन भी बुधवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। गैर वरीय प्रणय ने उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन करते हुए दर्शकों के पसंदीदा और दो बार के पूर्व विश्व चैम्पियन मोमोटा को दूसरे दौर के मुकाबले में 21–17 21–6 से पराजित किया। यह प्रणय की मोमोटा पर आठ मैचों में पहली जीत है। पिछली भिड़ंत में भारतीय खिलाड़ी अपने से उंची रैंकिंग के जापानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ केवल एक गेम ही जीत सका था। इससे पहले सेन ने स्पेन के लुईस पेनावेर पर 72 मिनट में 21– 17, 21 – 10 से जीत दर्ज की। प्रणय और सेन गुरूवार को अंतिम 16 के मुकाबले में एक दूसरे से भिड़ेंगे। प्रणय ने मैच के बाद कहा, उसके खिलाफ रिकॉर्ड इतना शानदार नहीं रहा है। शीर्ष स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, मुझे आज उनके खिलाफ वास्तव में काफी अनुशासित होकर खेलना पड़ा। मुझे लगता है कि गेम को अच्छी तरह से आगे बढ़ाना काफी अहम था कि किस गेम को आगे बढ़ाया जाए और किसे गंवाना ठीक है। इस तरह रणनीति बनाने में मैं आज सही रहा। भारत की थॉमस कप जीत के नायक रहे प्रणय ने कहा, वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं खेला। लेकिन जीत तो जीत है। और एक राउंड खेलना अच्छा है। मैं अपने खेल के मानसिक पहलू पर काम कर रहा हूं। मैं संयमित रहने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन अब भी सुधार की गुजांइश है। हालांकि पिछले चरण के उपविजेता किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में चीन के झाओ जुन पेंग से हारकर बाहर हो गए। एक समय 3 – 4 से पिछड़ने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त सेन ने शानदार वापसी करते हुए छह अंक लेकर 13 – 7 की बढत बना ली। उन्होंने इस लय को जारी रखकर पहला गेम जीता। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन ने दूसरे गेम में भी अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी नहीं करने दी।

## अर्जुन-कपिला प्री क्वार्टर फाइनल में, पोनप्पा-रेड्डी बाहर

**तोक्यो, भाषा।** भारतीय पुरूष युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21–17, 21–16 से हराया। अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनटमें 21 . 15, 21 . 10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई।

## रिदम सांगवान ने 25 मीटर पिस्टल ट्रायल जीता

**नई दिल्ली, भाषा।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही रिदम सांगवान ने बुधवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता जीतकर राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल्स में हरियाणा का दबदबा बरकरार रखा। रिदम ने स्वर्ण पदक वाले दौर में 31 अंक बनाए। उन्होंने महाराष्ट्र की अभिंद्या अशोक पाटिल को पीछे छोड़ा जिन्होंने 27 अंक बनाए।यहां कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दिल्ली की किशोरी नाम्या कपूर ने 22 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। रिदम ने क्वालीफाइंग में 95 प्रतिभागियों में पहला स्थान हासिल किया था। उन्होंने क्वालीफाइंग में 585 अंक बनाए थे। अभिंद्या क्वालीफाइंग में 577 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर जबकि नाम्या 575 अंकों के साथ छठे स्थान पर रही थी।महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हरियाणा की दिव्यांशी ने पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। दिव्यांशी ने 24 जबकि सिमरनप्रीत ने 23 अंक बनाए। खुशी कपूर 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# गिल ने 45 स्थान की छलांग लगाई कोहली पांचवें स्थान पर कायम

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

**● पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम कुल 891 रेटिंग अंकों के साथ वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं**

दुबई, भाषा

**भारतीय सलामी** बल्लेबाज शुभमन गिल 45 स्थान की छलांग लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस 22 वर्षीय बल्लेबाज ने जिंबाब्वे के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने हरारे में खेले गए आखिरी वनडे मैच में इस प्रारूप में अपना पहला शतक (97 गेंदों पर 130 रन) बनाया था। इस बीच पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 744 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उन्हें जिंबाब्वे दौरे से विश्राम दिया गया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी छठे स्थान पर बने हुए हैं। उन्हें भी जिंबाब्वे दौरे से विश्राम दिया गया था। जिंबाब्वे के खिलाफ तीन मैचों में 154 रन बनाने के बावजूद अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने पहले और तीसरे वनडे में अर्धशतक जमाया था। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम कुल 891 रेटिंग अंकों के साथ वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के रासी वान डर डुसेन का नंबर आता है जिनके 789 रेटिंग अंक हैं।गेंदबाजों की सूची में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट चोटी पर काबिज हैं जबकि आलराउंडरों की सूची में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नंबर एक पर बने हुए हैं।

## कार्यकारिणी भंग करने को लेकर डब्ल्यूएफआई से संपर्क करे महाराष्ट्र कुश्ती संघ : उच्च न्यायालय



मुंबई, भाषा

**बंबई उच्च** न्यायालय ने महाराष्ट्र राज्य कुश्ती संघ (एमएसडब्ल्यूए) को बुधवार को निर्देश दिया कि वह राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के नेतृत्व वाली अपनी निर्वाचित कार्यकारी समिति को अचानक भंग किए जाने को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से संपर्क करे।

न्यायमूर्ति एसवी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने डब्ल्यूएफआई को निर्देश दिया कि वह एमएसडब्ल्यूए के आवेदन जमा करने के 30 दिन के अंदर उस पर निर्णय करे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और अनुभवी क्रिकेट प्रशासक पवार चार जुलाई 2022 को डब्ल्यूएफआई द्वारा एमएसडब्ल्यूए की कार्यकारी समिति को भंग किए जाने तक 40 साल इसके प्रमुख रहे।पीठ एमएसडब्ल्यूए द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें डब्ल्यूएफआई के कुछ टूर्नामेंट आयोजित करने में विफलता का हवाला देकर उसकी कार्यकारी समिति को भंग करने के फैसले को चुनौती दी गई थी।एमएसडब्ल्यूए ने इस फैसले को अवैध और मनमाना करार दिया।

## युवा खिलाड़ी हंसिनी राजन ने जीता चौथा डब्ल्यूटीटी कंटेडर खिताब

नई दिल्ली, भाषा

**भारत की** युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी हंसिनी मथन राजन ने इक्काडोर में कोलंबिया की मारियाना रूड्रिगेज को हराकर अंडर–13 वर्ग में अपना चौथा डब्ल्यूटीटी कंटेडर खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ी ने 19 से 21 अगस्त तक इक्काडोर के क्वेंका में आयोजित विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) युवा कंटेडर प्रतियोगिता में मारियाना पर 11–7, 11–8, 11–7 से जीत दर्ज की। हंसिनी ने अंडर–15 वर्ग में कांस्य पदक भी जीता। भारत की यशस्विनी घोरपड़े ने सैली मोयलैंड को 10–12, 11–5, 11–6, 11–7 से हराकर अंडर–19 वर्ग में खिताब जीता। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सुहाना सैनी ने ब्राजील की जी ताकाशुई को 11–6, 11–8, 11–7 से हराकर अंडर–17 का खिताब अपने नाम किया।

## बेफिका ने चैम्पियंस लीग ग्रुप चरण में पहुंचने का डायनामो कीव का सपना तोड़ा

**लंदन, एपी।** चैम्पियंस लीग फुटबॉल के ग्रुप चरण मे पहुंचने का डायनामो कीव का सपना बेफिका ने क्वालीफाइंग प्लेआफ मे उसे 3 . 0 से हराकर तोड़ दिया। बेफिका के लिए निकोलस ओटामेंडी, रफा सिल्वा और डेविड नेरेस ने गोल दागे। यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण डायनामो साल भर घरेलू फुटबॉल भी नही खेल सकी थी। बिना किसी तैयारी के चैम्पियंस लीग में उतरने पर वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नही कर पाई। इस बीच यूक्रेन फुटबॉल लीग का नया सत्र मंगलवार को शुरू हुआ और शखतार दोनेत्सक तथा मेटलिस्ट 1925 के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर रहा। यह मैच युद्ध के कारण दर्शकों के बिना खेला गया।

## दिमित्रोव के बाहर होने के बाद थिएम जीते

**विन्सटन सलेम एपी।** अमेरिकी ओपन 2020 जीतने के बाद अमेरिकी धरती पर पहला टूर्नामेंट खेल रहे डोमिनिक थिएम ने विस्टन सलेम ओपन के दूसरे दौर मे ग्रिगोर दिमित्रोव के बाहर होने के बाद अगले दौर मे जगह बना ली।दिमित्रोव उस सय 6 . 0, 2 . 4 से आगे चल रहे थे। दिमित्रोव ने तबीयत खराब होने के कारण मैच छोड़ दिया। थिएम मार्च 2020 में कैरियर की सर्वोच्च तीसरे नंबर की रैंकिंग पर पहुंचे थे और 14 महीने पहले दाहिनी कलाई मे चोट लगने से पहले शीर्ष पांच मे शामिल थे। अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी ने आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को 6 . 3, 6 . 3 से हराकर अगले दौर मे जगह बनाई। अमेरिका के ही स्टीव जॉनसन ने मैक्सिको के पेड्रो मार्तिनेज को 7 . 6, 6 . 2 से हराया। पांचवी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी को दूसरे दौर मे फ्रांस के रिचर्ड गास्केत ने 7 . 6, 4 . 6, 6 . । से हराया। वहीं फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और बेंजामिन बोंजी भी अगले दौर मे पहुंच गए।

## बेगु को हराकर केनिन क्लीवलैंड क्वार्टर फाइनल में


**क्लीवलैंड।** आस्ट्रेलियाई ओपन 2020 चैम्पियन सोफिया केनिन ने इरिना कामेलिया बेगु को 6 . 3, 6 . 2 से हराकर जनवरी के बाद पहली बार किसी डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बना ली। केनिन को अमेरिकी ओपन की तैयारी वाले इस टूर्नामेंट मे वाइल्ड कार्ड मिला है। इससे पहले वह लगातार आठमैच हार चुकी है। पहले दौर मे उन्होंने क्वालीफायर डालिना हेविटको हराया। केनिन का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेइसिकोवा या बरनार्डा पेरा से होगा। सातवी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंद्रा सेस्नोविच ने सारा सोरिबेस टोरमा को 4 . 6, 6 . 3, 6 . 3 से हराया जबकि आठवी वरीयता प्राप्त एलिजे कोर्नेट ने क्लारा टाउसन को 6 . 3, 7 . 6 से मात दी।

## आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर में भारत को दोहरी सफलता

**नई दिल्ली।** भारत की अनुपमा रामचंद्रन और कीर्तना पंडियान ने रोमानिया के बुकारेस्ट मे चल रही आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर चैम्पियनशिप के अंडर 21 महिला वर्ग मे क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रामचंद्रन को फाइनल मे थाईलैंड की पंयाया चानोइ ने 4 . । से हराया।

# परिस्थितियों से मुकाबला किए बिना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतनी लंबी राह तय नहीं करता: कोहली

नई दिल्ली, भाषा



**विराट कोहली** अपने करियर में कभी इतने लंबे समय तक खराब फॉर्म से नहीं रहे लेकिन उनका मानना है कि अगर उनके पास प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने की क्षमता नहीं होती तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतना लंबा सफर तय नहीं कर पाते।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने लगभग तीन वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगाया है लेकिन उन्हें लगता है कि सुधार की बहुत अधिक गुंजाइश नहीं है।इसका कारण यह है कि उनमें 2014 के इंग्लैंड दौरे की तरह कोई तकनीकी खामी नहीं दिख रही है जबकि वह ऑफ स्टंप से बाहर की गेंदों पर कैच दे रहे थे। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, मैं जानता हूं कि मेरा खेल किस स्तर पर है और आप विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला और विभिन्न तरह की गेंदबाजी का सामना करने की क्षमता के बिना अंतरराष्ट्रीय करियर इतना लंबा नहीं खींच सकते। इसलिए यह मेरे लिए प्रक्रिया का आसान चरण है लेकिन मैं इसका स्वयं पर दबाव नहीं बनाना चाहता हूं। इसके बाद उन्होंने 2014 के इंग्लैंड दौरे में आउट होने के तरीकों पर बात की और तकनीकी खामियों में सुधार के बाद 2018 के दौरे में लगभग 600 रन बनाए।कोहली ने कहा, इंग्लैंड में मैं एक तरह से ही आउट हो रहा था। वह ऐसा था जिस पर मैं काम कर सकता था और जिससे मुझे बाहर निकलना था। अभी ऐसी कोई बात नहीं है जिसे आप कह सको कि समस्या यहां हो रही है। कोहली हाल में हर तरीके से आउट हुए। उन्होंने उठती गेंदों, फुल लेंथ गेंदों, स्विंग गेंदों, कटर, ऑफ स्पिन, लेग स्पिन और बाएं हाथ से की गई स्पिन गेंदों पर अपने विकेट गंवाए। कोहली को लगता है कि अगर आपका आउट होने का तरीका एक जैसा नहीं है तो अच्छी बात होती है। उन्होंने कहा, इसलिए यह असल में मेरे लिए आसान चीज है क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब मैं उस लय को वापस महसूस करना शुरू करता हूं, तो मुझे पता है कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, इसलिए यहां मेरे लिए कोई मसला नहीं है। यह इंग्लैंड के 2014 के दौरे की तरह की स्थिति नहीं है जब मुझे लग रहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रहा हूं। इसलिए मैंने एक चीज पर कड़ी मेहनत की जो मेरी कमजोरी थी और मैं उससे बाहर निकलने में सफल रहा था। अब ऐसा कोई मुद्दा नहीं है। कोहली अब एशिया कप के लिए तैयार हैं और वे जानते हैं कि उन्हें इन उतार–चढ़ाव से भी मुकाबला करना होगा जो कि एक खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा होते हैं।उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि उतार–चढ़ाव आते हैं, और जब मैं इस चरण से बाहर आता हूं, तो मुझे पता होता है कि मैं अपने खेल में कितनी निरंतरता रख सकता हूं। मेरे अनुभव मेरे लिए अमूल्य हैं।



सार्बिया के बेलगार्दी स्टेडियम में खेले जा रहे सेकेंड स्कोरर मैच के दौरान रेड स्टार के सालवोजब (बीच में) मैक्बीस को चुनौती देते हुए

## डूरंड कप :आर्मी रेड फुटबॉल ने नेरोका एफसी को गोलरहित ड्रा पर रोका

**इंफाल।** खिताब की प्रबल दावेदार नेरोका एफसी को बुधवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप सी मैच में आर्मी रेड फुटबॉल टीम (एआरएफटी) ने गोलरहित ड्रा पर रोक दिया। स्थानीय प्रबल दावेदार टीआरएयू एफसी को 3–1 से हराने के बाद नेरोका एफसी इस मैच में प्रबल दावेदार के तौर पर उतरा था लेकिन एआरएफटी के खिलाड़ियों के शानदार डिफेंस उसे गोल नहीं करने दिए।इससे नेरोका एफसी टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत से महरूम रह गया। नेरोका ने पहले हाफ में कई मौके बनाए लेकिन विपक्षी टीम के डिफेंडरों के शानदार प्रदर्शन से इन्हें गोल में नहीं बदल सका। नेरोका के गोलकीपर सोनल पोरेई को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने एआरएफटी के प्रदीप कुमार के प्रयास का शानदार बचाव किया था।

## वीवीएस लक्ष्मण एशिया कप के लिए अंतरिम कोच नियुक्त


नई दिल्ली, भाषा



मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के कोविड–19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।द्रविड़ अभी पृथकवास पर हैं और परीक्षण नेगेटिव आने पर ही वह टीम से जुड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एनसीए के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आगामी एसीसी एशिया कप में भारतीय टीम के अंतरिम मुख्य कोच होंगे। उन्होंने कहा, जिंबाब्वे में एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले लक्ष्मण राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में टीम की तैयारियों पर निगरानी रखेंगे।

## न्यायमूर्ति चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी बीसीसीआई मामलों की सुनवाई

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड से जुड़े मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बीसीसीआई मसलों पर नौ अगस्त 2018 को पिछला फैसला तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा , न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और चंद्रचूड की पीठ ने दिया था। न्यायमूर्ति मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा , अब न्यायाधीश मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं तो न्यायाधीश चंद्रचूड दो और न्यायाधीशों के साथ मामले की सुनवाई करेंगे। न्यायालय ने 21 जुलाई को वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को बीसीसीआई मामलों में सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया था और पदाधिकारियों के कार्यकाल संबंधी मसले पर अपने संविधान में संशोधन की बीसीसीआई की अपील पर मामले की सुनवाई आज तय की थी। बीसीसीआई पदाधिकारियों के कार्यकाल के मसले पर अपने संविधान में संशोधन करना चाहता है। इसके तहत बीसीसीआई और प्रदेश संघों में पदाधिकारियों के दो कार्यकाल के बीच विश्राम का समय हटाना शामिल है। इन पदाधिकारियों में बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह शामिल है।

## बेंगलुरू एफसी का दावा, उनके खिलाड़ी के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की गई

**कोलकाता ।** बेंगलुरू एफसी ने आरोप लगाया है कि डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना के खिलाफ मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणी की गई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की इस शीर्ष टीम ने कहा कि उसने संबंधित अधिकारियों के सामने यह मामला रख दिया है।यह कथित घटना मंगलवार को यहां किशोर भारती क्रीड़ांगन में घटी।बेंगलुरू एफसी ने यहां जारी बयान में कहा, बेंगलुरू एफसी जानता है कि मंगलवार को यहां डूरंड कप के मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के खिलाफ विरोधी टीम के खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी की। आईएसएल की इस पूर्व चैंपियन टीम ने कहा, हम इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। हमारा संदेश स्पष्ट है यहां भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है और फुटबॉल सभी के लिए है। बेंगलुरू एफसी ने इस मैच में भारतीय वायु सेना को 4–0 से हराया और इस तरह से डूरंड कप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बेंगलुरू के लिए रॉय कृष्णा (नौवें मिनट), सुनील छेत्री (23वें मिनट), फैसल अली (71वें मिनट), और शिवा शक्ति (93वें मिनट) ने गोल किए।

## मनु गंडास और एन थंगाराजा ने संयुक्त बढ़त हासिल की

**चेन्नई, भाषा।** गुरुग्राम के मनु गंडास और श्रीलंका के एन थांगाराजा ने बुधवार को यहां चेन्नई ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दिन 11 अंडर 133 के कुल स्कोर से संयुक्त बढ़त हासिल की। गंडास ने 40 लाख रुपए की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दूसरे दिन सात अंडर 65 का कार्ड खेला जबकि थंगाराजा ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। बेंगलुरू के खालिन जोशी (68) नौ अंडर 135 के कुल स्कोर से संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। कट दो ओवर 146 के स्कोर का रहा जिससे 57 पेशेवर गोल्फरों ने पुरस्कार राशि के राउंड के लिए क्वालीफाई किया।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए रॉबिन्सन इंग्लैंड की टीम में

**मैनचेस्टर, एपी।** इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे टेस्ट की टीम में शामिल किया है। वह जनवरी के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे।लगातार चोटों के बाद वापसी कर रहे रॉबिन्सन फिटनेस जांच में सफल होने के बाद गुरूवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में मैट पॉट्स की जगह लेंगे। इंग्लैंड को पिछले हफ्ते लार्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से पारी से हार मिली थी। रॉबिन्सन पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में गर्मियों के सत्र में 28 विकेट लेकर इंग्लैंड के सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज थे लेकिन तब से वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं।

# ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए 73 किग्रा में अचिंता शेयुली को चुनौती देंगे जेरेमी

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल खेलों** के स्वर्ण पदक विजेता जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे 73 किग्रा के एकमात्र स्थान के लिए एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करेंगे क्योंकि मिजोरम के भारोत्तोलक का 67 किग्रा वर्ग 2024 खेलों की सूची में शामिल नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने पेरिस ओलंपिक से 67 किग्रा वजन वर्ग को हटा दिया है जिसमें जेरेमी ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जिससे यह भारोत्तोलक अब 73 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेगा। शेयुली ने इस 73 किग्रा वजन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था जो राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफिकेशन स्थान पक्का करने के लिए अब दोनों के बीच कड़ी टक्कर होगी क्योंकि एक वजन वर्ग में प्रत्एक देश से एक ही भारोत्तोलक को अनुमति दी जा सकती है। जेरेमी इस समय साढ़े तीन हफ्ते के लिए अमेरिका के सेंट लुई में स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग ट्रेनिंग शिविर में हैं, उन्होंने कहा, मैं अपना वजन 73 किग्रा तक बढ़ाऊंगा। उन्होंने कहा, मेरा सामान्य वजन 65 किग्रा है। इसलिए अपने शरीर का वजन बढ़ाना मुश्किल होगा। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब जेरेमी को वजन बढ़ाना पड़ेगा। 19 साल के इस भारोत्तोलक ने ब्यूनर्स आयर्स में 62 किग्रा वर्ग में 2018 युवा ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह आईडब्ल्यूएफ द्वारा तब लाए गए नए ओलंपिक वजन वर्ग में हिस्सा लेने के लिए 67 किग्रा में खेलने लगे। हालांकि उन्हें पिछले दो वर्षों में वजन बढ़ाने में काफी मुश्किल हुई है। उन्होंने कहा, मेरा वजन बढ़ नहीं रहा है। मैं 2019 से वजन बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं कि इसे 70 किग्रा तक पहुंचा लूं। मेरी खुराक और सप्लीमेंट बदल जाएंगे। ट्रेनिंग भी थोड़ी अलग होगी। उन्होंने कहा, एशियाई खेल और विश्व चैम्पियनशिप में 67 किग्रा वर्ग शामिल है लेकिन लक्ष्य पेरिस ओलंपिक है। मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि दोनों भारोत्तोलक एक दूसरे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे। शर्मा ने कहा, यह अच्छा है कि जेरेमी और अचिंता एक ही वजन वर्ग में होंगे। दोनों भारोत्तोलकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी, वरना वे चीजों को हल्के में ले सकते थे।